दैनिक
# विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

अलीराजपुर
मंगलवार, 20 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष - 8
वर्ष : 06 | अंक : 170
कुल पृष्ठ : 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!




कार्लोस ने इटालियन ओपन खिताब जीता...11

मुख्यमंत्री ने लोकमाता देवी अहिल्या की 300 वीं जयंती के आयोजन के लिए गठित समारोह समिति की बैठक ली

# देवी अहिल्या बाई के अवदान पर अध्ययन और शोध को प्रोत्साहित करना आवश्यक

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर ने सुशासन, क्षेत्रीय विकास और न्याय प्रबंधन के अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किए। उनके द्वारा जनसामान्य के कल्याण और महिलाओं के स्वावलंबन के लिए गए कार्य अनुकरणीय हैं।**

सीएम ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर ने देश भर में धर्म और संस्कृति के उत्थान के कार्यों के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की दिशा में कार्य किया। उनके इस सपने को साकार करने के लिए लोकमाता के 300 वें जयंती समारोह के अंतर्गत वर्ष इन विषयों पर केंद्रित गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती के आयोजन के लिए गठित समारोह समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के अवदान पर अध्ययन और शोध को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। उन्होंने विभिन्न राज्यों में देवी अहिल्या द्वारा निर्मित मंदिरों, पूजा घरों, धर्मशालाओं और अन्य सामुदायिक उपयोग की संरचनाओं के रख-रखाव के लिए संबंधित राज्य सरकारों से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## गांव चौड़ी में विशेष दल भेजकर आवश्यक जानकारियां जुटाएं



### मुख्य कार्यक्रम 31 मई को भोपाल के जम्बूरी मैदान में होगा

बैठक में जानकारी दी गई कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई के त्रिशताब्दी समारोह का मुख्य कार्यक्रम 31 मई को भोपाल के जम्बूरी मैदान में होगा। महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रित इस कार्यक्रम में लगभग एक लाख प्रतिभागियों की उपस्थिति अपेक्षित है। कार्यक्रम में भारत सरकार की ओर से लोकमाता देवी अहिल्या को समर्पित डाक टिकट और सिक्के का लोकार्पण भी प्रस्तावित है। बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला, समिति की सदस्य मेघा पवार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। समिति सदस्य माला ठाकुर, विनिता धर्म, ज्योति तोमर और राकेश देनिया बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

**पीएम मोदी देवी अहिल्या के जन्मोत्सव के कार्यक्रम में होंगे शामिल...** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित होने वाले महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन पर केंद्रित विशाल महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे। यह आयोजन लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती को समर्पित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन ही राज्य शासन का मिशन है और इस सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रदेश की उपलब्धियों को व्यापक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

**महिलाएं संभालेंगी कमान...** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस ऐतिहासिक सम्मेलन की संपूर्ण व्यवस्थाओं की कमान महिलाओं को सौंपी जाए। मंच संचालन, भीड़ प्रबंधन, यातायात, सहित हर स्तर पर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या द्वारा निर्मित देव स्थानों में धार्मिक स्वरूप की गतिविधियों के निरंतर आयोजन के लिए भी आवश्यक व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर के महाराष्ट्र स्थित मूल गांव चौढ़ी में विशेष दल भेजकर आवश्यक जानकारियों का एकत्रिकरण कराया जाए। प्रदेश के विभिन्न भागों में अहिल्या यात्रा के आयोजन, शाला व महाविद्यालय स्तर पर देवी अहिल्या पर केन्द्रित शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, संस्कृति, पर्यटन धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मुख्य सचिव अनुराग जैन तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### आज राजवाड़ा में मोहन कैबिनेट की बैठक, पटिए-गद्दों पर बैठेंगे सीएम-मंत्री

मध्यप्रदेश में आजादी के बाद पहली बार इंदौर के राजवाड़ा में कैबिनेट बैठक होने जा रही है। यहां दरबार हॉल को ठीक वैसे ही सजाया जा रहा है जैसे होलकर रियासत में दरबार लगता था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सभी मंत्रियों के बैठने के लिए कुर्सियां नहीं, पटिए और गद्दे बिछाए गए हैं। यहां मंगलवार को सरकार महत्वपूर्ण फैसले लेगी। बता दें कि इसके पहले 1945 में राजवाड़ा का दरबार हाल (गणेश हॉल) में अंतिम बार दरबार सजा था। पहले इसी हाल में आयोजित दरबार में होलकर सरकार के निर्णय लिए जाते थे। तब भी मंत्री पटिए और गद्दों पर बैठते थे। लोट रखे जाते थे जिन पर सिंह की आकृति उकेरी होती थी। ठीक वैसा ही नजारा एक बार फिर गणेश हॉल में देखने को मिलेगा।

संसदीय समिति की बैठक में विदेश सचिव ने कहा...

# भारत-पाक संघर्ष विराम में नहीं थी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता

नई दिल्ली, एजेंसी

**संसद के एनेक्सी भवन में विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में सांसदों ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्यस्थता के दावे पर सवाल उठाए। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि संघर्ष विराम में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। यह फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था।**

उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हमेशा पारंपरिक क्षेत्र में रहा है और पड़ोसी देश की ओर से कोई परमाणु संकेत नहीं दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष में चीनी मंच का इस्तेमाल किया था? इस पर मिस्त्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने समिति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने संसदीय समिति को बताया कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया।

विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद, सतनाम सिंह, नवीन जिंदल, अपराजिता सारंगी, अरुण गोविल और आरपीएन सिंह शामिल हैं। बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष को लेकर हो रही है।



### सांसद शशि थरूर बोले- हमारा प्रतिनिधिमंडल देर से जाएगा अमेरिका

पाकिस्तान को बेनकाब करने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में से एक का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मेरे प्रतिनिधिमंडल की ब्रीफिंग शुक्रवार को ही होगी। इसलिए मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा। कुछ टीमें पहले ही रवाना हो रही हैं और इसलिए उन्हें कल अपनी बैठक करनी होगी। लेकिन हमारा प्रतिनिधिमंडल थोड़ा देर से रवाना हो रहा है क्योंकि अमेरिका में मेमोरियल डे वीकेंड है और अमेरिका में संसद का सत्र दो जून तक नहीं है। इसलिए वहां बहुत जल्दी पहुंचने का कोई मतलब नहीं है। इसलिए हम देर से पहुंच रहे हैं और देर से जा रहे हैं। हम 24 मई को रवाना होंगे। हम पहले गुयाना, पनामा, कोलंबिया, ब्राजील और फिर अंत में अमेरिका जा रहे हैं। आज ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विदेश सचिव ब्रीफिंग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आईएसआईएस से जुड़े 2 आतंकी गिरफ्तार, बम धमाके की कर रहे थे प्लानिंग

**हैदराबाद।** हैदराबाद में आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। इन पर बम धमाके की साजिश रचने का आरोप है। रविवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पुलिस ने दोनों को पकड़ा और बम ब्लास्ट होने से बचा लिया। संदिग्ध आतंकियों की पहचान सिराज उर रहमान (29) और सैयद समीर (28) के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि इन दोनों को सऊदी अरब में एक्टिव आईएसआईएस मॉड्यूल से निर्देश मिल रहे थे, जो हैदराबाद में हमला करवाना चाहता था। पुलिस को इनके पास से अमोनिया, सल्फर और एल्युमिनियम पाउडर जैसे विस्फोटक सामान मिले हैं। सिराज ने विस्फोटक सामग्री विजयनगरम से जुटाई थी।

### कोरोना के नए वैरिएंट ने बढ़ाई चिंता, सिंगापुर में 14,000 केस

**सिंगापुर, एजेंसी।** एशिया के सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। सिंगापुर में 1 मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते तक ये संख्या 11,100 थी। हॉन्गकॉन्ग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, यहां मरीजों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। भारत में अब तक इससे जुड़े 93 मामले सामने आए हैं। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वेरिएंट जेएन1 और उसके सब-वेरिएंट्स एलएफ7 और एमवी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है।




# परमाणु ऊर्जा कानूनों में बदलाव पर विचार कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

### संभव हो सकेगी निजी कंपनियों की भागीदारी

सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े कानूनों में बदलाव पर विचार कर रही है, ताकि इस क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी संभव हो सके। भारत ने 2047 तक 100 गीगावाट (जीवी) परमाणु ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि परमाणु ऊर्जा अधिनियम में बदलाव किए जा सकते हैं, जिससे निजी कंपनियां भी इसमें शामिल हो सकें। सूत्रों ने बताया, परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में भी बदलाव पर विचार किया जा रहा है, ताकि परमाणु संयंत्र के लिए उपकरणों की आपूर्ति करने वालों पर ज्यादा जिम्मेदारी न आए। सरकार नियामक ढांचे में भी बदलाव पर विचार कर रही है और यह देख रही है कि कैसे भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (इनस्पेस) जैसे मॉडल को अपनाया जा सकता है। 2020 में निजी कंपनियों के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र खोलने के बाद से इनस्पेस उसका प्रमोटर और रेगुलेटर रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने की घोषणा की है। न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड देशभर में परमाणु बिजलीघर चला रही है, जो अभी बिजली उत्पादन में 8.7 गीगावाट का योगदान देती है। सीतारमण ने यह भी बताया कि 20 हजार करोड़ रुपये के बजट के साथ परमाणु उर्जा मिशन शुरू किया गया है।

## हाईकोर्ट ने संभल जामा मस्जिद सर्वे को सही ठहराया, मुस्लिम पक्ष की अपील खारिज

**प्रयागराज/संभल, एजेंसी।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी के संभल की जामा मस्जिद के सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की उस सिविल रिवीजन याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें सर्वे पर रोक की मांग की गई थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की बेंच ने सोमवार को यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा- अब तक इस मामले में जो भी कार्रवाई हुई, वह सही है। हम कोर्ट कमिश्नर सर्वे में हस्तक्षेप नहीं करेंगे। हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल केस सुनने योग्य हैं। कोर्ट कमीशन सर्वे और दाखिल वाद पहले की तरह जारी रहेगा। यानी, जामा मस्जिद है या मंदिर इसका मुकदमा भी संभल की लोअर कोर्ट (दीवानी अदालत) में चलता रहेगा। हाईकोर्ट के आदेश के बाद सोमवार की शाम संभल शहर में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कहा- अदालत के फैसले को ध्यान में रखते हुए संभल पुलिस द्वारा पैदल गश्त की जा रही है। साइबर स्पेस पर भी नजर रखी जा रही है।

सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई तमिल शरणार्थी पर कहा-

# भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके

नई दिल्ली, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक श्रीलंकाई नागरिक द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। जिसमें उसने अपनी सजा पूरी होने के बाद देश से निर्वासन को चुनौती दी थी।**

अदालत ने स्पष्ट किया कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है, जहां दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण दी जा सके। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि क्या भारत दुनिया भर के शरणार्थियों को शरण देने के लिए है? हम पहले से ही 140 करोड़ की आबादी से जूझ रहे हैं। यह कोई धर्मशाला नहीं है जहां हम हर जगह से आए विदेशी नागरिकों को जगह दें। सुप्रीम कोर्ट मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया था कि श्रीलंकाई तमिल नागरिक को यूएपीए मामले में सात की सजा पूरी होते ही भारत छोड़ देना चाहिए।

### भारत में बसने का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता से वकील से पूछा कि यहां बसने का आपका क्या अधिकार है? तो वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता एक शरणार्थी और उसके पत्नी-बच्चे भारत में बस गए हैं। इस पर जस्टिस दत्ता ने कहा कि अनुच्छेद 21 का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। उसकी स्वतंत्रता छीनी गई थी। लेकिन अनुच्छेद 19 के अनुसार भारत में बसने का मौलिक अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को है। जब वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को अपने देश में जान का खतरा है तो न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि किसी अन्य देश चले जाएं।

हेटस्पीच पर माफी नामंजूर, लेकिन गिरफ्तारी पर रोक

# मंत्री विजय शाह केस में सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी बनाने के दिए आदेश



नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी

कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की माफी सुप्रीम कोर्ट ने नामंजूर कर दी है। कोर्ट ने मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर भी रोक लगा दी है। शाह के वकील ने कहा कि उनके क्लाइंट ने माफी मांग ली है। इस पर कोर्ट ने उन्हें फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि आप लोगों के सामने पूरी तरह बेनकाब हो चुके हैं। आप पब्लिक फिगर हैं। आपको बोलते समय अपने शब्दों पर विचार करना चाहिए।

इसके बाद कोर्ट ने मामले की जांच के लिए एसआईटी बनाने के आदेश दिए। इसमें तीन आईपीएस अधिकारी होंगे, जिनमें एक आईजी और बाकी दो एसपी लेवल के अफसर होंगे। इनमें एक अधिकारी महिला होना अनिवार्य होगा। सभी अफसर मध्य प्रदेश कैडर के हो सकते हैं, लेकिन राज्य के मूल निवासी नहीं होने चाहिए। एसआईटी 28 मई तक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करेगी।

### नेता प्रतिपक्ष बोले- अब तो विजय शाह से तत्काल इस्तीफा लेना चाहिए

मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं। जिस तरह से कोर्ट ने टिप्पणी की कि ये जो आपका कृत्य है माफी के योग्य नहीं है। लेकिन बीजेपी को लगता है कि ये कृत्य माफी योग्य है, इसीलिए मंत्री पद से इस्तीफा नहीं लिया। सभी को दिख रहा है कि बयान माफी योग्य नहीं है। अगर बीजेपी सुप्रीम कोर्ट के आदेश या टिप्पणी को गंभीर मानती है, तो तत्काल विजय शाह का इस्तीफा लेना चाहिए।

फर्जी दस्तावेजों से ठेका प्राप्त करने का मामला

# जिला चिकित्सालय में फायर फाइटर सिस्टम के टेंडर में प्रस्तुत किए फर्जी दस्तावेज

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। उज्जैन नगर निगम में फर्जी दस्तावेज लगाकर टेंडर प्राप्त करने का मामला सामने आने के बाद इसी तरह का एक प्रकरण जिला चिकित्सालय में उजागर हुआ है। यहां एक फर्म ने निविदा के साथ फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। हालांकि उस फर्म को ठेका तो नहीं मिला था। लेकिन इस मामले में अब आगर मालवा जिले में अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।**

स्वास्थ्य विभाग उज्जैन में चरक भवन के फायर फाइटिंग सिस्टम मैनेजमेंट और ऑपरेटिंग के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। बताया जाता है कि इसमें चार फर्म ने हिस्सा लिया था। इसमें एक फर्म शर्मा कूल कॉर्नर का टेंडर भी था। इसके संचालक नरेंद्र शर्मा है। टेंडर के साथ शर्मा ने सब-फायर एक्सटिंग्विशर रिफिलिंग, सभी प्रकार के सिलेंडर और फायर पंप सेट सिस्टम रिपेयर के लिए आगर मालवा जिला चिकित्सालय के वर्क आर्डर और वहां काम करने का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न किया था। प्रारंभिक सत्यापन जांच में दस्तावेज अवैध और फर्जी पाए गए है।




उज्जैन के पूर्व जिला चिकित्सालय और चरक भवन में विभिन्न कामों का ठेका नरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा अलग-अलग फर्मों के नाम से लिया जाता रहा हैं। वर्तमान में शर्मा कूल कार्नर के पास एसी मेंटेनेंस का ठेका हैं। बतादें की ठेकेदार शर्मा की कार्य प्रणाली विवादों में भी रही है और उनके कई कामों में अनियमितता भी मिली है। बताया जाता है कि नरेंद्र शर्मा ने ठेके की निविदा में भाग लेने के लिए फर्जी तरीके से तैयार किए गए अनुभव प्रमाण पत्र सहित वर्क आर्डर की कॉपी भी लगाई है। इसमें आगर मालवा के जिला चिकित्सालय के नाम का उपयोग किया गया है। मामला सामने आने पर जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह. मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला आगर मालवा ने पुलिस को प्रकरण दर्ज करने के लिए पत्र लिखा है। नरेंद्र शर्मा ने सब-फायर एक्सटिंग्विशर रिफिलिंग, सभी प्रकार के सिलेंडर और फायर पंप सेट सिस्टम रिपेयर के लिए अपनी फर्म मेसर्स शर्मा कुल कार्नर के नाम से कथित तौर पर आगर मालवा जिला चिकित्सालय के वर्क आर्डर और अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त किए हैं जो अवैध और फर्जी है।

### सीएस आगर ने दिया थाने में आवेदन

इस मामले में सिविल सर्जन सह. मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला आगर मालवा डॉ. मनीष कुरील ने प्रकरण दर्ज करने के संबंध में पुलिस को लिखे पत्र में बताया कि ओमप्रकाश दुबे निवासी कल्पनालोक इंदौर के द्वारा कार्यालय में संदर्भित सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का आवेदन प्रस्तुत कर कार्यालय सिविल सर्जन के नाम से जारी वर्क आर्डर कमांक/3917 टेण्डर 2022-23 दिनांक 20.04.2023 एवं अनुभव प्रमाण पत्र कमांक/रोकस/2024-25/13567 दिनांक 02.07.2024 मेसर्स शर्मा कुल कार्नर एलआईजी 2-164 सांदीपनि नगर उज्जैन के संबंध में जारी किये गए दस्तावेजों से संबंधित जानकारी चाही गई। इस संबंध में कार्यालय द्वारा कार्यालयीन आवक-जावक पंजी रिकार्ड एवं रोगी कल्याण समिति से जानकारी प्राप्त की गई। इसमें पाया गया कि संबंधित (शर्मा कुल कार्नर) के द्वारा जो वर्क आर्डर एवं अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए गया है, वह इस कार्यालय की किसी भी शाखा के द्वारा जारी नहीं किया गया है। उक्त संबंध में कार्यालय को प्राप्त आरटीआई आवेदन पत्र एवं कार्यालय द्वारा की गई कार्यालयीन कार्यवाही तथा आरटीआई आवेदन के साथ कार्यालय को प्राप्त हुए वर्क आर्डर एवं अनुभव प्रमाण पत्र की छाया कोतवाली थाना आगर मालवा को भेज कर पूर्णत: अवैध (फर्जी) दस्तावेज प्रस्तुतकर्ता के खिलाफ वैधानिक पुलिस कार्यवाही, एफआईआर दर्ज करने का आवेदन दिया है।

### जांच में फर्जी निकले दस्तावेज

इस मामले की जानकारी एक आरटीआई के माध्यम से लगी। जिस पर जाँच की गई तो पता चला कि शर्मा कूल कार्नर नामक फर्म को वर्क आर्डर और अनुभव प्रमाण पत्र हमारे कार्यालय से जारी नहीं किए गए हैं। इस मामले में एफआईआर के लिए कोतवाली थाना आगर मालवा को पत्र लिखा है।

**डॉ. मनीष कुरील**, सिविल सर्जन, आगर मालवा

### उचित कार्रवाई होगी

यह मामला आगर मालवा का है। वहीं पर कार्रवाई होगी। हमारे पास शिकायत आती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. अजय दिवाकर**, सिविल सर्जन, उज्जैन


इन्दौर नगर पालिक निगम
स्वच्छ इन्दौर, स्वस्थ इन्दौर
इंदौर 8 एक दौर स्वच्छता में सिरमौर
मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव जी
एवं संपूर्ण कैबिनेट का
पुण्यश्लोका माता अहिल्या की नगरी इंदौर में
आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत
Rank
मंत्री-परिषद
एप के द्वारा ऑन डिमांड कचरा संग्रहण होगा शुरु
450 करोड़ की लागत से 23 मास्टर प्लान की सड़क बन कर हो रही तैयार
नर्मदा पेय जल वितरण हेतु चौथे चरण की स्वीकृति
इंदौर के जलूद स्थित आशू खेड़ी में 60 मेगावाट क्षमता वाले सोलर पार्क की जल्द मिलेगी सौगात
32 वर्षों से लंबित हुकुमचंद मिल मजदूरों के प्रकरण को सुलझाना
जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत
नगर निगम का ख़ुद का डिजिटल पोर्टल
हर घर का अपना डिजिटल पता
पुष्यमित्र भार्गव, महापौर, इंदौर
श्री मुन्नालाल यादव, सभापति
महापौर परिषद सदस्य : श्री राजेन्द्र राठौर, श्री अश्विनी शुक्ल, श्री निरंजनसिंह चौहान (गुड्डू), श्री राजेश उदावत, श्री अभिषेक शर्मा (बबलू), श्री नंदकिशोर पहाड़िया, श्रीमती प्रिया डांगी, श्री मनीष शर्मा (मामा), श्री राकेश जैन
नगर पालिक निगम, इंदौर
INDORE

## संक्षिप्त समाचार

### श्री कृष्ण चंद्र पुरोहित मंत्रणा साहित्यिक संस्था के नए अध्यक्ष चुने गए



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** मंत्रणा साहित्यिक संस्था में वर्तमान अध्यक्ष श्री सुरेश रघुवंशी का कार्यकाल समाप्त होने पर कृष्णचंद्र पुरोहित को संस्था का सर्व सम्मति से नया अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री कैलाश सनोलिया ने की,मुख्य अतिथि श्री यशवंत दीक्षित थे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रघुवंशी ने अपने कार्यकाल का विवरण पटल पर रखा। इस अवसर पर राजेन्द्र कांठेड़, संस्थापक अध्यक्ष सुन्दरलाल जोशी सूरज, पुखराज जैन, कैलाश सोनी सार्थक, डॉ लक्ष्मीनारायण सत्यार्थी, सुन्दरलाल उपाध्याय, हरचरण सिंह चावला, अशोक शर्मा मृदुल, गोपाल सुनहरे, निर्भय सिंह रघुवंशी, अशोक गौर गौरव, आनंद धीमन, मदन मस्ताना, राजेश रंगीला आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सुंदरलाल जोशी सूरज ने किया। नवीन अध्यक्ष ने अपनी कार्य योजना प्रस्तुत की ।आभार कमलेश शुक्ल कमल ने माना।

### मेहंदी एवं फैब्रिक प्रिंट प्रशिक्षण में दक्ष हुई छात्राएं




**इंदौर, ( विनय उजाला )।** शा सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र 2 के प्राचार्य दीपक हलवे ने बताया कि आज ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को मेहंदी एवं फैब्रिक प्रिंट का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण इंदिरा दाते और हेमा यादव ने दिया ।शिविर संयोजक सुषमा राठौर है।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केबिनेट के आगमन से पूर्व महापौर ने प्राणी संग्रहालय का निरीक्षण किया

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने प्रदेश की केबिनेट की प्रस्तावित इंदौर यात्रा के दृष्टिगत, संबंधित कार्यक्रम स्थलों का अंतिम निरीक्षण प्रारंभ कर दिया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा सम्पूर्ण केबिनेट इंदौर स्थित प्राणी संग्रहालय का भी भ्रमण करेंगे।





महापौर भार्गव ने एमआईसी सदस्य श्री नंदकिशोर पहाड़िया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर प्राणी संग्रहालय की तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का वन्यजीवों के प्रति प्रेम सर्वविदित है और वे सदैव इनके संरक्षण को लेकर संवेदनशील रहे हैं। इसी भावना के अंतर्गत वे कल सम्पूर्ण केबिनेट के साथ प्राणी संग्रहालय का भ्रमण करेंगे।

महापौर ने यह भी जानकारी दी कि मुख्यमंत्री श्री यादव इंदौर के वन्यजीव प्रेमियों के लिए विशेष रूप से किंग कोबरा को संग्रहालय में लाने की सौगात देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महापौर होने के नाते मैं इस पहल का अभिनंदन करता हूँ। यह इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है। भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए महापौर ने यह भी बताया कि प्राणी संग्रहालय में आगामी समय में 14-डी थिएटर एवं फिश एक्वेरियम की भी शुरुआत की जाएगी, जिससे यहाँ आने वाले लाखों पर्यटकों को और भी रोचक अनुभव प्राप्त होगा।

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा पुण्य श्लोका माता अहिल्या देवी की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

विनय उजाला

**इंदौर।** पुण्य श्लोका मां अहिल्या की 300 वी जयंती के अवसर पर राजवाड़ा स्थित मां अहिल्या की प्रतिमा पर नगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा जी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण किया गया।



इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री तुलसी सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, वरिष्ठ नेता श्री कृष्णमुरारी मोघे,विधायक श्री महेंद्र हार्डिया,श्री रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक श्री गोपीकृष्णा नेमा,श्री सुदर्शन गुप्ता, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्री दीपक जैन टीनू,श्री बबलू शर्मा,श्री कैलाश शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता श्री आलोक दुबे, मीडिया प्रभारी श्री रितेश तिवारी, सह मीडिया प्रभारी श्री नितिन द्विवेदी उपस्थित रहे।

## गौमूत्र से निर्मित फिनाइल इंदौर कलेक्ट्रेट में भेंट, स्वर्णिम फ़ाउंडेशन की पहल

विनय उजाला

**इंदौर। स्वदेशी नवाचार और प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल के अंतर्गत, इंदौर कलेक्ट्रेट में गौमूत्र से निर्मित पर्यावरण अनुकूल स्वर्णिम फिनाइल भेंट किया गया। यह उत्पाद स्वर्णिम नेचरसाइंस द्वारा निर्मित किया गया है, जिसका उद्देश्य स्वच्छता के साथ-साथ गौवंश संरक्षण और ग्रामीण रोजगार को भी बढ़ावा देना है।**



कलेक्ट्रेट कार्यालय में इस फिनाइल का प्रदर्शन किया गया, जिसमें इसकी जीवाणुनाशक क्षमता, प्राकृतिक सुगंध और पर्यावरण के अनुकूल गुणों की जानकारी दी गई। कलेक्टर आशीष सिंह को स्वर्णिम फाउंडेशन के संस्थापक वीरेन्द्रकुमार जैन , रेखा जैन एवं विवेक जैन द्वारा 51 लिटर फिनाइल भेंट किया गया। कलेक्टर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गौमूत्र से बना यह फिनाइल न केवल रासायनिक उत्पादों का स्वदेशी विकल्प प्रस्तुत करता है, बल्कि यह हमारे ग्रामीण अर्थतंत्र और जैविक संसाधनों के प्रति जागरूकता भी लाता है। यदि परीक्षण में यह फिनाइल प्रभावी सिद्ध होता है, तो इसे शासकीय कार्यालयों में उपयोग में लाने पर विचार किया जाएगा। इस प्रयास से न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि गौ-आधारित उत्पादों की उपयोगिता को भी समाज में नई पहचान मिलेगी।

## पत्रकारों का उत्साह वर्धन, सम्मान प्रशंसनीय है : डीएसपी उमाकांत चौधरी

### वरिष्ठ पत्रकार सैयद रिजवान अली सम्मानित

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** क्राइम दर्पण न्यूज, समाचार पत्र का पत्रकार मिलन समारोह इंदौर में माहेश्वरी पब्लिक स्कूल बनवारीलाल सभागृह छत्रीबाग इंदौर में मुख्य अतिथि डी एस पी ग्रामीण उमाकांत चौधरी ,विशेष अतिथि इंदौर शहर काजी डॉ इशरत अली,नवनीत शुक्ला संपादक दैनिक दोपहर, मंजूर बेग सर्व धर्म संघ अध्यक्ष, पार्षद संदीप दुबे,रफीक खान, महेश चौधरी,सोहराब पटेल बाक पंचायत, फैसल इब्राहिम उद्योगपति,अब्दुल रहमान साहब समाज सेवी, कमलेश चौधरी वरिष्ठ पत्रकार नर्मदा पुरम, के आतिथ्य में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम अध्यक्षता संजय माहेश्वरी प्रबंधक क्राइम दर्पण ने की, इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सैयद रिजवान अली बाकानेर धार श्वेता सोनी धार शिवाजी चौहान धरमपुरी, विशाल मौर्य खरगोन



किशोर भार्गव कसरावद राउफ खान खड़कवानी, नौशाद खान, मोहम्मद आरिफ खान ,सना खान को उत्कृष्ट समाज सेवा पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया। नवनीत गुप्ता ने कहा सौ बका नहीं एक लिखा सही पत्रकारिता है भारत पाकिस्तान युद्ध में कुछ चैनलों ने बक बक बका की पत्रकारिता कर जनता को कुछ भी परोसा,पर जनता ने एक लिखा अखबार की पत्रकारिता पर भरोसा किया जो प्रशंसनीय है, श्री चौधरी,डॉ काजी ने कहा आज भी भरोसे को ईमानदारी की पत्रकारिता जिंदा है जिसने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को संभाल रखा है, और देश के सैनिकों को। सलाम जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान बढ़ाया।

मंजूर बेग ने कहा क्राइम दर्पण की पत्रकारिता और आज ईमानदार निष्पक्ष न्यायायिक पत्रकारों का सम्मान प्रशंसनीय है। कार्यक्रम का संचालन समीक्षा माहेश्वरी,लोकेंद्र सिंह राठौर, राजेश तिवारी ने किया, आभार एम एच खुजनेरी, शब्बीर भाई बेगवाला ने माना।

## नटराज शिव से कलाधारी कृष्ण हुए अवतरित, नन्हें बालकलाकारों ने मोहा बड़े सुधीजनों का मन

विनय उजाला

**धार, निप्र।** भोज शोध संस्थान और इंटैक द्वारा आयोजित पद्मश्री फड़के संगीत समारोह का दूसरा दिन नृत्य विधा को समर्पित रहा। प्रथम चरण में नन्हे बाल कलाकारों ने अपनी परम्परागत व प्रचलित लोकगीतों के माध्यम से सबका मन मोह लिया। नूपुर कला मन्दिर के बाल कलाकारों ने समूह में गणेश वंदना के बाद महाभारत नृत्य गीत, संझा गीत छोटी सी गाड़ी संजा लुढ़कती जाय के बाद लोकप्रिय गीत घुंघरू की तरह बजता ही रहा के साथ गुजराती कृष्ण रास के बाद हम हिंदू सत्य



सनातन है, ने बार बार तालिया बजवाई। कत्थक नृत्य मैं विषारद तथा कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में पीएचडी कर रही भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय में आर्टिस्ट के रूप में कार्यरत सुश्री भाविनी कुमावत ने कत्थक नृत्य की यादगार व लाजवाब प्रस्तुति दी।


### न्यायालय तहसीलदार तहसील जूनी इंदौर, जिला-इंदौर (म.प्र.)

क्रमांक/1123/रीडर/2024 इंदौर, दिनांक : 21/11/2024

:: उद्घोषणा ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पक्ष प्रतिभा पति महेश पाटीदार निवासी 158, 159, गणेशपुरी खजराना, इंदौर ने म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 68 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की राजस्व ग्राम खजराना स्थित भूमि खसरा क्रमांक 796/2 रकबा 0.590 हेक्टेयर भूमि का बटांकन/नक्शा तरमीम राजस्व अभिलेख में किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र के समर्थन में खसरा एवं किश्तबंदी खतौनी की प्रति संलग्न की है।

अत: आवेदित भूमि का बटांकन किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो दिनांक 06/12/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत करें। मियाद अवधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आर.सी.एम.एस. प्रकरण क्रमांक : 0166/अ-3/2024-25**

तहसीलदार
तहसील, जूनी इंदौर

### पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल
### इंजीनियरिंग विभाग : ई-टेंडरिंग सूचना

संख्या : W/623/5/1/NIT, दिनांक : 15.05.2025

मंडल रेल प्रबंधक/ मंडल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ''खुली निविदा'' ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार है।

**क्र. संख्या : 1, ई-टेंडरिंग संख्या :** RTM-2025-26-40, **कार्य का नाम :** Nagda - Bhopal & Indore - Dewas - Ujjain Section - Reconditioning of CMS crossings by RW-20 Translamatic robotic welding technology complete work under Jurisdiction of DEN (South) Section, **अनुमानित लागत :** ₹ 97,13,739.22, **बयाना राशि :** ₹ 1,94,300.00, **कार्य की समापन अवधि :** 18 Months, **Similar type of work** : Any Track Work Note - As per RDSO's letter No. CT/MRP Dt. 26.04.2018, only firms/ service providers authorized by M/s CTF France SA, the technology and also permitted by RDSO for carrying out in-situ reconditioning of CMS crossings with the technology of Translamatic Robotic welding can participate in the tender, **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि :** 15.05.2025, **निविदा खुलने की तिथि :** 13.06.2025. **क्र. संख्या : 2, ई-टेंडरिंग संख्या :** RTM-2025-26-49, **कार्य का नाम :** RTM Division :- Transportation of P. Way material like fittings, switches, crossings, glued joints, SEJ etc. from various depot /stations/ locations to any station between Nagda-Sant Hirdaram Nagar, Indore - Ujjain & Maksi - Dewas Section for day to day track maintenance under Jurisdiction of DEN (South) Ratlam Section, **अनुमानित लागत :** ₹ 2,88,17,118.61, **बयाना राशि :** ₹ 2,94,100.00, **कार्य की समापन अवधि :** 18 Months, **Similar type of work** : Any Transportation Work/ Civil Engineering / Track work, **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि :** 15.05.2025, **निविदा खुलने की तिथि :** 13.06.2025. **क्र. संख्या : 3, ई-टेंडरिंग संख्या :** RTM-2025-26-50, **कार्य का नाम :** Maksi - Bhopal Section - Improvement of various yard and other ancillary track assets directly related to track safety work under Jurisdiction of DEN (South) Ratlam Section, **अनुमानित लागत :** ₹ 3,70,79,302.81, **बयाना राशि :** ₹ 3,35,400.00, **कार्य की समापन अवधि :** 18 Months, **Similar type of work** : Any Track work, **वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि :** 15.05.2025, **निविदा खुलने की तिथि :** 13.06.2025. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

ADM/5/1/47

मंडल रेलप्रबंधक (कार्यलेखा) रतलाम
पश्चिम रेलवे, रतलाम मंडल

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती कांता बाई पति घनश्याम** के द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **3/1, पैकी उत्तर का भाग, आस्था पैलेस सर्वे क्रं. 525 ग्राम** पिन नं. **2000175076** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक-14**
**नगर पालिका निगम इंदौर**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, अलीराजपुर (म.प्र.)

E-mail- eephedalirajpur@rediffmail.com

नि.सू.क्र. 14, 15 एवं 16 /टेण्डर/लो.स्वा.यां../2025 अलीराजपुर दिनांक 14.05.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्वति से ई-प्रोक्युरमेन्ट पोर्टल https://mptenders.gov.in/ पर निविदा प्रपत्र " अपेन्डिक्स 2.10" प्रतिशत दर पर आमंत्रित है। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | ई-टेण्डर का क्रमांक | कार्य की अनुमानित लागत रू. लाख में | धरोहर राभि रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| *Name of work : - Removal of Ordinary and Choked Fallen Line and Submersible Motor Pumps of handpump from tubewell i/c arrangement of labour skilled person and arrangement of all tools and plant required for the job including all safety measures etc. all complete in villages of Sub Division – CSA NAGAR Dist. ALIRAJPUR* | | | | | |
| 1 | 2025_PHED_423277_1 | 13.26 | 26550.00 | 2000.00 | 30.05.2025 |
| LABOUR ONLY FOR MINOR/MAJOR REPAIRING WORK OF HANDPUMPS INCLUDING REPLACEMENT OF UNSERVICEABLE PARTS AS THE CASE MAY BE ALONG WITH OVERHAULING OF HAND PUMP SET AND TRANSPORTATION ETC. AS PER APPROVED SPECIFICATION INCLUSIVE OF FREE SERVICE OF DEPARTMENTAL TECHANICAN ( MATERIAL WILL BE SUPPLIED BY THE DEPARTMENT Hand Pump Maintanace (36 Months including Rainy Season) | | | | | |
| 2 | 2025_PHED_423537_1 | 85.16 | 85165.00 | 10000.00 | 31.05.2025 |
| 3 | 2025_PHED_423545_1 | 67.92 | 67916.00 | 10000.00 | 31.05.2025 |

1- यह केवल संक्षिप्त निविदा है, जो प्रकाशनार्थ जारी की जा रही है। निविदाओं से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
2- उपरोक्त निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा। उक्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

जी-13058/25 ''पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार''

कार्यपालन यंत्री
लो.स्वा.यां.खण्ड अलीराजपुर

### कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला अनूपपुर (म.प्र.)

क्रं./676/खनिज/2025 अनुपपूर, दिनांक : 13/05/2025

**म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा आवेदन प्राप्त करने के लिए**
**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि **आवेदक श्री तुषार खेड़िया निवासी वार्ड नंबर 10 बिजुरी तहसील कोतमा जिला अनूपपुर ( म.प्र. )** द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 05.05.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 19-06-2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अनूपपुर | कोतमा | डोंगरियाखुर्द | 21/1 | 3.900 | शासकीय भूमि | पत्थर, गिट्टी | नवीन आवेदन |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवदेन पत्र में आवेदित पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर ( कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है, तो प्रथम आवेदक के पक्षे में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

उप संचालक
( खनिज प्रशासन )
जिला-अनूपपुर ( म.प्र. )

जी-13032/25 ''बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल''

### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती पल्लवी पोखरना पिता राजेन्द्र पोखरना** के द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **120-ए, द्वारकापुरी कॉलोनी** पिन नं. **2000233213** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक-14**
**नगर पालिका निगम इंदौर**

### :: जाहिर सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती कृष्णा चौहान पति गौतम सिंह चौहान** के द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान/भूखंड नंबर **132-ए, द्वारकापुरी कॉलोनी** पिन नं. **1001222851** संपत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रमांक-14**
**नगर पालिका निगम इंदौर**

### कार्यालय वन मण्डलाधिकारी, अलीराजपुर वनमण्डल अलीराजपुर (म.प्र.)

फारेस्ट केम्पस, खण्डवा बडौदा रोड़, अलीराजपुर-457887
Tel & Fax No. 07394-234530, E-mail : dfot.alp@mp.gov.in

**(नीलाम दिनांक 20.05.2025 प्रातः 12.00 बजे से सूर्यास्त तक आवश्यकतानुसार अगले दिन भी)**

| वनमण्डल दूरभाष क्रमांक | डिपो | दिनांक | वनोपज का प्रकार | सागौन प्रजाति लट्ठा घ.मी. | सागौन प्रजाति बल्ली/ डेंगरी नग | अन्य प्रजाति लट्ठा घ.मी. | अन्य प्रजाति बल्ली/ डेंगरी नग | जलाऊ चट्टे नग | व्यापारिक बांस नग | औद्योगिक बांस नो. टन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अलीराजपुर 07394-234530 9424792435 | काष्ठागार डिपो अलीराजपुर | 20.05.2025 | नया | 85/ 7.200 | 29 नग | 54 नग 3.229 घ.मी. | 153 | - | - | - |
| | | | पुराना | 337/ 17.157 | 252 नग | 179 नग 17.793 घ.मी. | 609 | - | - | - |

नोट :-
1) क्रेतागण नीलामी दिनांक एवं इसके पूर्व संबंधित डिपो में काष्ठ का निरीक्षण कर सकते हैं।
2) नीलाम के समय शासन/प्रशासन द्वारा जारी Covid-19 के संक्रमण से बचाव हेतु समस्त दिशा-निर्देशों का पालन एवं सावधानियां बरती जाए।
3) शर्तें/अन्य विवरण वन मण्डल कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता हैं।
4) यदि इमारती काष्ठ के नीलाम के बाद भोजना अवकाश के पश्चात पुन: इमारती काष्ठ के शेष बचे लाटों का नीलाम किया जावेगा।
5) अलीराजपुर काष्ठागार डिपो के प्रस्तावित वनोपज नीलाम में इमारती काष्ठ डिपो अलीराजपुर में रखे गये हैं।
6) नीलाम प्रात: 12.00 बजे से सूर्यास्त तक आवश्यकता पड़ने पर एवं नीलाम पूर्ण न होने की स्थिति में नीलामी दूसरे दिन भी जारी रखा जा सकेगा।

जी-13035/25 ''पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार''

वनमण्डलाधिकारी,
वनमण्डल अलीराजपुर

### कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम् (म.प्र.)

**ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2025-26**

E-mail : hbdjail40.gmail.com
दूरभाष क्रमांक 07574-252428

**ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम में विभागीय अनुरक्षण कार्य हेतु आवश्यक भवन निर्माण सामग्री एवं अन्य सामग्री क्रय हेतु द्वितीय वार्षिक ई-निविदा विज्ञप्ति वर्ष 2025-26 www.mptenders.gov.in पर दिनांक 09.06.2025 को सायं 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार ई-निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.mptenders.gov.in से प्राप्त करें। निविदा की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | विवरण | दिनांक/समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग | 05/06/2025 प्रात: 11.00 बजे | केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम |
| 2. | ई-निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि ( निविदा फार्म का मूल्य रूपये 05.00 लाख तक रूपये 500.00 एवं रूपये 05.00 लाख से अधिक रूपये 1000.00 लेखा शीर्ष 0056 जेलें 800 अन्य प्राप्तियों में जमा की जावेगी। | 09/06/2025 दोपहर 02.00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 3. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 09/06/2025 सायं 05.00 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। |
| 4. | तकनीकी निविदा एवं आवश्यक दस्तावेजों खोलने की अंतिम तिथि | 10/06/2025 दोपहर 12.00 बजे तक | केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम |
| 5. | वित्तीय ई-निविदा खोलने की तिथि | 11/06/2025 दोपहर 02.00 बजे तक | केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम |

नोट :-
1. ई-निविदा का प्रकाशन केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम से किया जा रहा है एवं निविदा संबंधित समस्त कार्यवाही जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम द्वारा की जावेगी।
2. निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के नियम व शर्तों का पालन करना अनिवार्य है तथा निविदा की समस्त जानकारी www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर प्राप्त की जा सकती है।

जी-13055/25 ''पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार''

अधीक्षक
केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम

# सम्पादकीय

## कश्मीर हमारा था, है और रहेगा

भारत और पाकिस्तान के बीच वर्तमान समय में चल रहे टकरावों को लेकर मंगलवार को दो घटनाएं हुई जिनका वैश्विक कूटनीति के लिहाज से विशेष महत्त्व है।सोमवार को राष्ट्र के नाम संबोधन के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पंजाब के आदमपुर एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंचे और पाकिस्तान के झूठ को दुनिया के सामने बेनकाब किया। पाकिस्तान ने इस एयरबेस पर तैनात एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त करने का दुष्प्रचार किया था। प्रधानमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की नीति, नीयत और निर्णायक क्षमता की त्रिवेणी है। उनके इस वक्तव्य का अर्थ बहुत स्पष्ट है कि पाकिस्तान दोबारा कायराना आतंकी हमला करता है, तो उसे भारतीय सैनिक मुंहतोड़ जवाब देंगे। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तानी सेना को साफ शब्दों में संदेश दिया कि पाकिस्तान में ऐसी जगह नहीं है, जहां आतंकवादी पनाह ले सकें। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की धरती है तो गुरु गोविंद सिंह जी की भी धरती है। दूसरी ओर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कश्मीर की मध्यस्थता, भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम, संभावित परमाणु टकराव को रोकने के दावे को एक सिरे से खारिज कर दिया। वास्तव में भारत की कश्मीर नीति पारंपरिक है कि इससे जुड़े किसी भी मुद्दे पर सिर्फ द्विपक्षीय वार्ता होगी और किसी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की जाएगी। ट्रंप की छवि अविसनीय और अस्थिर नेता की बन गई है। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल के दौरान 2019 में भी इसी तरह का जुमला फेंका था कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कश्मीर पर मध्यस्थता करने को कहा था। जाहिर है कि ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में शांतिदूत की भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे हैं।

## दैनिक विनय उजाला — सुविचार

कर्म का थप्पड़ बहुत भारी होता है,
इसलिए कभी किसी के साथ छल कपट ना करें,
और किसी की आत्मा को दु:खी ना करें।

– विनोद पाण्डेय, इंदौर

दान देकर महानता दिखाना बहुत ही सरल है,
लेकिन व्यवहार संभालकर इंसानियत
दिखाना उतना ही कठिन है...

– ताहिर अली, भोपाल

समय ना कभी अच्छा होता है और ना ही
कभी बुरा वह सबके लिए एक समान है समय को
अच्छा और बुरा व्यक्ति के स्वयं के कर्म बनाते हैं।

– दिनेश परमार, इंदौर

यदि आपको हारने से डर लगता है,
तो कभी जीतने की इच्छा ही मत रखो।

– अशोक परमार, आष्टा

रिश्ते निभाने के लिए बुद्धि नहीं दिल
की शुद्धि होनी चाहिये। जो अपना हुआ तो
समझेगा और जो पराया हुआ तो छुटेगा...

– प्रशांत महंत, इंदौर

पश्चिमी हवा हो या दवा दोनों ही
सेहत को प्रभावित करती हैं।

– हरिशंकर पाटीदार, लिम्बोदा देवास

## महाविद्यालय में प्रवेश –सत्र, 2025-26 हेतु हेल्प सेंटर की स्थापना




विनय उजाला

**महू, निप्र।** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा तथा महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने बताया गया कि आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों की सुविधा एवं प्रवेश संबंधी मार्गदर्शन हेतु हेल्प सेंटर की स्थापना की गई है, जिसमें सत्र 2025 - 26 में प्रवेश लेने वाले समस्त संकाय (बीए, बीकॉम बीएससी, बी सी ए, बी लिव, एमएससी, एम कॉम, एम ए एवं सभी समस्त संकाय के विद्यार्थियों हेतु) हेल्प सेंटर की स्थापना की गई है, जिसमें विद्यार्थियों की, प्रवेश संबंधी समस्त समस्याओं का समाधान किया जाएगा। महाविद्यालय के प्रवेश प्रभारी डॉ शैलेंद्र गिरी स्वामी के द्वारा बताया गया कि हेल्प डेस्क सभी प्रकार की प्रवेश संबंधी समस्याओं का निराकरण करने में विद्यार्थियों की मदद करेगी। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक एवं प्रवेश समिति की सह संयोजक डॉ स्नेहलता व्यास द्वारा बताया गया कि महाविद्यालय प्रवेश संबंधी विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के साथ करेगा, हेल्प सेंटर प्रभारी महाविद्यालय के दो प्राध्यापक डॉ स्नेहलता सिंह एवं डॉ शैलेंद्र पिपरिया को बनाया गया है। ये प्राध्यापक कार्यालयीन समय में महाविद्यालय में विद्यार्थियों की समस्या हेतु उपलब्ध रहेंगे।

पीएसएलवी की बहुमुखी क्षमता (उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा, सूर्य-समकालिक कक्षा व भू-समकालिक कक्षा में पहुंचाना) भारत के महत्वाकांक्षी स्पेस कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसरो ने पिछले तीन दशक से अधिक के समय में जो कुल लांच मिशन अंजाम दिए हैं, उनमें से 60 प्रतिशत से ज्यादा पीएसएलवी के जरिये अंजाम दिए गये हैं।

# पीएसएलवी की दुर्लभ नाकामी के बावजूद इसरो की धमाकेदार वापसी होगी

शाहिद ए चौधरी



दैनिक विनय उजाला




इसरो का वर्कहॉर्स राकेट पीएसएलवी बीच उड़ान में खराब हो गया और रविवार 18 मई 2025 की सुबह को लांच मिशन के दौरान सैटेलाइट को उसकी ऑर्बिट में पहुंचाने में असफल रहा। यह दुर्लभ असफलता पिछले 8 वर्षों के दौरान पहली बार हुई है। हालांकि पीएसएलवी-सी61 बिना किसी देरी के लांच हुआ और अपने पहले दो चरणों में उसने मज़बूती से काम किया, लेकिन तीसरे चरण में ठोस मोटर के चैम्बर में आवश्यक दबाव न बन सका। इस व्यवधान ने 1,696.24 किलोग्राम के ईओएस-09 उपग्रह की प्रगति को रोक दिया, जिसे सभी मौसमों में दिन-रात पृथ्वी के अवलोकन के लिए डिज़ाइन किया गया था। यह इसरो की 101वीं लांच थी, जिसका उद्देश्य उपग्रह को सूर्य-समकालिक कक्षा (एसएसओ) में पहुंचाना था, जोकि एक ग्रह के चारों ओर एक लगभग ध्रुवीय कक्षा है, जिसमें सैटेलाइट ग्रह के किसी भी बिंदु पर उसी स्थानीय औसत सौर समय पर गुज़रती है। पिछले 32 वर्षों के दौरान 63 उड़ानों में पीएसएलवी चार बार असफल हुआ है। पहली बार इस राकेट की 20 सितम्बर 1993 को पहली उड़ान पीएसएलवी-डीएल असफल रही। दूसरी बार 31 अगस्त 2017 को पीएसएलवी-सी39 आईआरएनएसएस-1एच को हीट शील्ड में खराबी आने के कारण लांच न कर सकी थी। इन दोनों के बीच में एक अन्य मिशन पीएसएलवी-सी1 29 सितम्बर 1997 को आंशिक रूप से असफल रहा था, जब चौथे चरण में उचित प्रदर्शन न करने के कारण आईआरएस-1डी को उस कक्षा में न रखा जा सका था, जिसका इरादा था। पीएसएलवी-सी61 18 मई 2025 को सुबह 5:59 बजे श्रीहरिकोटा में सतीश धवन स्पेस सेंटर के पहले लांच पैड से लिफ्ट ऑफ़ हुई। उड़ान के छह मिनट बाद ही राकेट अपनी राह से भटक गया। इसरो के प्रमुख वी. नारायणन के अनुसार दूसरे चरण तक राकेट का प्रदर्शन सामान्य था, लेकिन तीसरे चरण में ठोस मोटर सिस्टम का इस्तेमाल किया जाता है, उसके चैम्बर प्रेशर में कमी आ गई और मिशन पूर्ण न हो सका। पूरे प्रदर्शन की समीक्षा की जा रही है। साल 2025 में इसरो के लिए यह लगातार दूसरी नाकामी है। जनवरी में एनवीएस-02 नव सैट अपनी अंतिम कक्षा तक न पहुंच सकी थी। ईओएस-09 राडार इमेजिंग सैटेलाइट को 529-किमी कक्षा में पहुंचाने का इरादा था। इसमें सिंथेटिक अपर्चर राडार पेलोड था ताकि बादलों में से व रात को भी रिमोट सेंसिंग की जा सके, जिससे कृषि, वन, मिट्टी की नमी, आपदा प्रतिक्रिया व निगरानी को मॉनिटर किया जा सके।

पीएसएलवी-सी61 63वीं पीएसएलवी उड़ान थी और अपने एक्सएल विन्यास में 27वीं, जिसे भारी पेलोड ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया था। पीएसएलवी ने 34 देशों के लिए 345 सैटेलाइट्स लांच की हैं और इसका प्रयोग इसरो के प्रमुख मिशनों में भी किया गया है जैसे चन्द्रयान-1, मार्स ऑर्बिटर मिशन व एस्ट्रोसैट। पीएसएलवी ने अक्टूबर 1994 में अपने पहले सफल मिशन के बाद से अपनी कोर टेक्नोलॉजी में कोई समस्या प्रदर्शित नहीं की है और इसलिए ही इसे इसरो के लांच वाहनों में शामिल किया गया और यह कमर्शियल व अंतर्राष्ट्रीय सैटेलाइट लांच करने के लिए प्रमुख व भरोसेमंद वाहन बन गया। लेकिन रविवार की इस 'दुर्लभ असफलता' के बाद इसकी नये सिरे से समीक्षा की जायेगी।

बहरहाल, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि पिछले तीन दशक से अधिक के दौरान अपनी 93.7 प्रतिशत सफलता दर के कारण इसरो के वर्कहॉर्स पीएसएलवी की लांचपैड पर जल्द व कामयाब वापसी होगी। पीएसएलवी ने मंगल व चांद तक उपग्रह पहुंचाने में मदद की है। इसने भारत के कमर्शियल स्पेस व्यापार को नई बुलंदियों तक पहुंचाया है। इसकी सफलता दर विश्व में सर्वश्रेष्ठ का मुकाबला करती है या उनसे भी बेहतर है। यही वजह है कि पीएसएलवी (पोलर सैटेलाइट लांच व्हीकल) को इसरो का 'वर्कहॉर्स' कहा जाता है। यह एक ऐसा राकेट है, जिसने निरंतर दोहरायी जाने वाली इस कहावत को नियमितता से गलत साबित किया है कि 'राकेट विज्ञान कठिन है और राकेटो को गिरने की आदत होती है'। पीएसएलवी का असफल होना दुर्लभ है और उसके सिस्टम में सबसे मज़बूत ठोस मोटर में खराबी का आ जाना तो दुर्लभ में भी अतिदुर्लभ है। रविवार से पहले उसकी सफलता दर 95.2 प्रतिशत थी, जो अब गिरकर 93.7 प्रतिशत रह गई है, जोकि किसी भी अन्य राकेट से बेहतर है, जिसने पीएसएलवी जितने लांच अंजाम दिए हों।

जैसा कि ऊपर बताया गया पीएसएलवी के 63 मिशन में एक आंशिक असफलता के साथ 4 नाकामी रही हैं। लेकिन स्पेस एक ऐसा क्षेत्र है, जो लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करता है और रविवार की नाकामी कितनी ही दुर्लभ क्यों न हो भारत के लिए धक्का है, जिसका प्रभाव आंकड़ों से अधिक हो सकता है। पीएसएलवी की बहुमुखी क्षमता (उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा, सूर्य-समकालिक कक्षा व भू-समकालिक कक्षा में पहुंचाना) भारत के महत्वाकांक्षी स्पेस कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसरो ने पिछले तीन दशक से अधिक के समय में जो कुल लांच मिशन अंजाम दिए हैं, उनमें से 60 प्रतिशत से ज्यादा पीएसएलवी के ज़रिये अंजाम दिए गये हैं। पीएसएलवी भरोसेमंद है व इसमें लचीलापन भी है, जिसकी वजह से इसे ग्लोबल पहचान मिली है। इसने लगभग 400 कमर्शियल सैटेलाइट लांच की हैं, जिनमें से अधिकतर विदेशी पेलोड हैं, जिन्हें भारत ने लांच किया है। हालांकि हाल के दिनों में कुछ उपग्रह जीएसएलवी परिवार के राकेटो व एसएसएलवी से लांच किये गये हैं, लेकिन ग्लोबल स्पेस बाज़ार में भारत की पहचान भरोसेमंद पीएसएलवी की वजह से ही बनी है। गौरतलब है कि एसएसएलवी अभी अपने प्रारंभिक चरणों में ही है और जीएसएलवी व एलवीएम-3 का अभी कमर्शियल गति पकड़ना शेष है। इसलिए यह ज़रूरी हो जाता है कि पीएसएलवी में जो कमी आयी है, उसे तुरंत दूर किया जाये। राकेट के तीसरे चरण में जो खराबी आयी उससे ईओएस-09 (रीसैट-1बी) उपग्रह का भी नुकसान हुआ, जोकि स्ट्रेटेजिक एप्लीकेशंस के लिए डिज़ाइन किया गया था। भारत की रक्षा व्यवस्था के लिए यह बड़ा नुकसान है। ईओएस-09 भारत की रिमोट सेंसिंग क्षमता को बढ़ा देता और विभिन्न एप्लीकेशंस के लिए डाटा उपलब्ध कराता, जिसमें रक्षा व सुरक्षा निगरानी भी शामिल थी। ध्यान रहे कि भारतीय सशस्त्र बल अब भी ऑपरेशंस के लिए विदेशी कमर्शियल स्पेस एसेट्स पर निर्भर करते हैं, जैसा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देखा गया।

इस नाकामी से कितना बड़ा नुकसान हुआ है? इस नुकसान की तुलना 2006 जीएसएलवी मिशन से की जा सकती है, जब इसरो को स्वत: नष्ट कमांड देनी पड़ गई थी। पीएसएलवी की उल्लेखनीय भरोसेमंदी ने इस क़िस्म की नाकामी को लगभग असंभव बना दिया था। इससे पहले पीएसएलवी अगस्त 2017 में हीट शील्ड की खराबी के कारण असफल हुआ था और तब राकेट के पहले चार चरण में कोई समस्या नहीं आयी थी। हालांकि नाकामी की समीक्षा करने वाली कमेटी एफएसी सभी उपलब्ध डाटा के आधार पर समीक्षा करेगी, लेकिन इसरो को पीएसएलवी को वापस टेबल पर ले जाना होगा यह जानने के लिए कि प्रक्रिया में कहीं चूक तो नहीं हुई। बहरहाल, इतना तय है कि इसरो धमाकेदार वापसी करेगी और पीएसएलवी एक बार फिर उपग्रह खला (स्पेस) में भेजेगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# मेधावी छात्र ही देश का भविष्य : अरविंद उपाध्याय

## आज कड़ी मेहनत करके शिक्षा प्राप्त करो कल आपका होगा : मोनिका मिश्रा

विनय उजाला





**इंदौर, नप्र।** अंतर्राष्ट्रीय जिझौतिया ब्राह्मण महासंघ महिला इकाई जिला दतिया द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के मेधावी छात्रों और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय कन्या हाईस्कूल होलीपूरा दतिया पर किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला थाना प्रभारी डॉ मोनिका मिश्रा जी उपस्थिति रही कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज की केंद्रीय समिति की संगठन मंत्री श्रीमती संध्या त्रिपाठी ने की जबकि विशेष अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी अरविंद उपाध्याय जी एवं विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र सिंह सेंगर उपस्थित रहे सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन किया गया अतिथियों का स्वागत समाज की अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा रावत विनोद मिश्रा अरुण सिद्ध गुरु माधुरी पुरोहित सुनीता व्यास ने किया कार्यक्रम का प्रतिवेदन केंद्रीय सह संयोजिका मातृ शक्ति रजनी अडजरिया ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संजय रावत ने किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मोनिका मिश्रा जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप लोग कड़ी मेहनत करके शिक्षा में उत्कृष्ट स्थान हासिल कर रहे हो निश्चित ही आने वाले समय में आप अच्छे प्रशासनिक पदों पर पहुंचकर देश की सेवा करने का अवसर मिलेगा आप मन लगाकर पढ़ाई करते रहो वही विशेष अतिथि अरविंद उपाध्याय जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मेधावी छात्र हमारे देश का भविष्य है आप इसी तरह कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करते रहे आने वाले समय में आप देश के उत्कृष्ट पदों को सुशोभित करोगे इस अवसर पर सम्मानित होने वाले मेधावी छात्रों में नीति उपाध्याय 97% उनाव, तन्मय भार्गव 96% सराजेबी, नैंसी 95 त्न हिमांशी रावत 93% चित्रांशी संस्कार कन्या हाईस्कूल होलीपुरा, गौरी रावत 92% लिटिल फ्लावर स्कूल, भक्ति चतुर्वेदी 92.% माधवी शर्मा 88% हंस वाहिनी स्कूल, पुनीत दुबे 90% लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल, मंदाकिनी तिवारी 90% उन्नाव कन्या विद्यालय नैंसी शर्मा नंदिनी शर्मा दीपांशु बुधौलिया शिवराज पचौरी संत रवि शंकर पब्लिक स्कूल खेल के साथ-साथ शिक्षा में भी अच्छा प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में भक्ति त्रिपाठी हर्षित शर्मा राष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी श्रेयय रावत राज्य स्तरीय किकेट मां सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल रुचि बघेल कोमल माझी योग की राष्ट्रीय खिलाड़ी केंद्रीय विद्यालय आदि छात्रों का सम्मानित किया गया। अंत में आभार व्यक्त समाज की अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा रावत ने व्यक्त किया कार्यक्रम में विनोद मिश्रा माधुरी पुरोहित संजय भार्गव अरुण सिद्ध गुरु पंकज रावत सुनीता व्यास वासुदेव पुरोहित शैलेंद्र खरे माधव पुरोहित दयाराम संजय रावत आदि लोग उपस्थित रहे।

# विवादों के समाधान हेतु मध्यस्थता प्रक्रिया का चयन करने के लिए सामाजिक जागृति बढ़ाये जाने की आवश्यकता : न्यायाधिपति विवेक रुसिया






विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** विवादों के समाधान हेतु मध्यस्थता प्रक्रिया का चयन करने के लिए सामाजिक जागृति बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। जनमानस में मध्यस्थता से मामले निराकृत कराने की मानसिकता का विकास होगा, तभी मध्यस्थता का लाभ पक्षकारों को प्राप्त हो सकेगा। इस आशय के विचार प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर एवं अध्यक्ष उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर न्यायाधिपति श्री विवेक रुसिया ने मीडिएशन एंड कंसिलेशन प्रोजेक्ट कमेटी सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में न्यायाधीशों के लिये सोमवार से शुरू हुए 40 घंटे के मीडिएशन ट्रेनिंग कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इसके साथ ही प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री रुसिया ने बताया कि मध्यस्थता प्रक्रिया से मामलों का निराकरण कराना उन्हें रुचिकर लगता है तथा स्वयं भी मध्यस्थता प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हैं। मध्यस्थता को इंदौर में गति देने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। न्यायाधिपति श्री रुसिया ने कहा कि मध्यस्थता से मामलों का निराकरण करना निर्णय करने की अपेक्षा कठिन है, क्योंकि मध्यस्थता से मामले के निराकरण में दोनों पक्षों की जीत सुनिश्चित करनी होती है। न्यायाधिपति श्री रुसिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में आये न्यायाधीश प्रतिभागियों को अपने न्यायालयों में मध्यस्थता प्रक्रिया को प्राथमिकता दिये जाने का सुझाव भी दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर श्री अजय श्रीवास्तव द्वारा की गयी। प्रशिक्षण के दौरान श्रीमती नीना खरे ने भी मध्यस्थता प्रक्रिया पर अपने विचार रखें।

इंदौर के होटल वॉव क्रेस्ट में आज 19 मई से 23 मई तक 40 घंटे का यह मीडिएशन ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम में एमसीपीसी सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के वरिष्ठ मध्यस्थता प्रशिक्षकों श्रीमती नीना खरे तथा श्री राजेश दास द्वारा मध्यस्थता तकनीकी की बारीकियों, मध्यस्थता द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया, मध्यस्थता के लिए उपयुक्त प्रकरण आदि विषय पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री विवेक रुसिया द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर श्री अजय श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर सचिव श्री शिवराज सिंह गवली, जिला रजिस्ट्रार श्री मृणाल मोहित, एमसीपीसी सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के प्रशिक्षक श्री राजेश दास एवं श्रीमती नीना खरे सहित जिला न्यायालय इंदौर, देवास, सिविल न्यायालय डॉ. अंबेडकर नगर, देपालपुर तथा सांवेर से आये न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुश्री सौम्या सिंह बघेल तथा आभार प्रदर्शन जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दीपक शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

# हिंदुजा परिवार ने लगातार चौथे वर्ष 2025 की यूके रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

विनय उजाला

**मुंबई।** श्री गोपीचंद हिंदुजा, 110 वर्ष पुराने बहुराष्ट्रीय समूह हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन के नेतृत्व में हिंदुजा परिवार ने 35.3 अरब पाउंड की संपत्ति के साथ लगातार चौथे वर्ष संडे टाइम्स रिच लिस्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया है। संडे टाइम्स रिच लिस्ट यूनाइटेड किंगडम में रहने वाले सबसे धनी व्यक्तियों और परिवारों की वार्षिक रैंकिंग है, जिसमें 2025 के संस्करण में 350 प्रविष्टियाँ शामिल हैं। वैश्विक चुनौतियों और नीतिगत बदलावों के बावजूद, हिंदुजा परिवार ने असाधारण व्यावसायिक दृढ़ता और वैश्विक नेतृत्व का प्रदर्शन जारी रखा है।

यूके स्थित इस परिवार का कंपनी समूह, चेयरमैन श्री जी.पी. हिंदुजा के नेतृत्व में, 38 देशों में संचालित होता है और कई क्षेत्रों में निवेश करता है - मोबिलिटी, डिजिटल टेक्नोलॉजी, बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ, मीडिया, प्रोजेक्ट डेवलपमेंट, लुब्रिकेंट्स और विशेष रसायन, ऊर्जा, रियल एस्टेट, व्यापार, और स्वास्थ्य सेवा।

उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष के दौरान, हिंदुजा ग्रुप ने भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र पर अपना ध्यान बढ़ाया है, जिसमें वाहन चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश शामिल है, जो स्थिरता और भविष्य के लिए तैयार नवाचार की दिशा में एक रणनीतिक बदलाव को दर्शाता है।

## स्ट्रिंग मेटावर्स लिमिटेड (BSE: META) ने जारी किए रिकॉर्ड तोड़ वित्तीय

# डिजिटल असेट्स में साहसिक योजनाओं का किया अनावरण

विनय उजाला

**हैदराबाद। भारत की पहली सूचीबद्ध वेब 3.0 कंपनी स्ट्रिंग मेटावर्स (क्रस्श्च रूश्च्ञ्च) लिमिटेड ने ब्लॉकचेन इन्फ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल असेट अडॉप्शन में विस्तार के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने शानदार वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।**

**सामरिक विस्तार:** 50 मिलियन डॉलर ब्लॉकचेन वेलिडेशन नोड्स स्ट्रिंग मेटावर्स मुख्य लेयर 1 और लेयर 2 ब्लॉकचेन्स में हाई-परफोर्मेन्स ब्लॉकचेन वेलिडेशन के लिए दुनिया भर में क्लाउड डेटा सेंटरों में 50 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी। यह इन्फ्रास्ट्रक्चर तेज़ी से विकसित होते रियल-वर्ल्ड असेट टोकेनाइज़ेशन मार्केट को सपोर्ट करेगा, जिसके 2030 तक 30 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जहां विश्वस्तरीय लेनदेनों को सुगम बनाने के लिए लाखों वेलिडेशन नोड्स की ज़रूरत होगी।

**इन ब्लॉकचेन्स में शामिल हैं:**

एथेरियम
सोलाना
सोनिक
एवलॉन्च
बिटकॉयन
बेस

**वित्तीय परफोर्मेन्स के साथ तोड़े रिकॉर्ड**

राजस्व: रु 407.36 करोड़ (रु 151.21 करोड़ से 169.40 फीसदी सालाना बढ़ोतरी, शुद्ध लाभ - रु 32.25 करोड़ (रु 10.82 करोड़ से 225.79 फीसदी सालाना बढ़ोतरी, सार्वजनिक शेयरहोल्डिंग: 2 गुना ओवरसब्सक्राइब्ड राइट्स इश्यू के ज़रिए 10.97 फीसदी से बढ़कर 18.21 फीसदी, अगला राइट्स इश्यू: सेबी के एमपीएस नियमों का अनुपालन करते हुए सार्वजनिक शेयरहोल्डिंग को 25 फीसदी तक बढ़ाने की योजन।

**ट्रेज़री की साहसिक**

100 फीसदी डिजिटल असेट रिज़र्व, ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए कंपनी सभी विश्वस्तीय लाभ एवं ट्रेज़री रिज़र्व को निम्नलिखित में होल्ड करेगी।

बिटकॉयन (बीटीसी)
एथेरियम (ईटीएच)
सोलाना (एसओएल)
यूएसडीटी और
यूएसडीसी (स्टेबलकॉयन्स)

### बिहार विधानसभा चुनाव... पीके ने बनाया दलित प्रदेश तो राजपूत को राष्ट्रीय अध्यक्ष

# ओबीसी से लेकर ब्राह्मणों तक जातीय वोटों में सेंधमारी की रणनीति तैयार

पटना, एजेंसी

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने राज्य के जातीय समीकरणों को साधना शुरू कर दिया है। हालांकि, पीके कहते रहे हैं कि वह बिहार में जातिगत राजनीति के सिंडिकेट को तोड़ना चाहते हैं। वह कई मौकों पर कह चुके हैं कि जब दिल्ली में जाति-पाति की राजनीति का बंधन टूट सकता है तो बिहार में क्यों नहीं? और इसी संभावना के मद्देनजर पीके पिछले दो साल से सर्वसमाज को लेकर चलते रहे हैं। हालांकि, पिछले उपचुनाव में मिली हार के बाद उनकी रणनीति में बदलाव होता दिखा है।

अब पीके की राजनीति भी जातिगत समीकरण के इर्द-गिर्द घूमती नजर आ रही है। इसकी बानगी उनकी पार्टी जन सुराज में हुई हालिया नियुक्तियों से साफ झलकती है।

आज (सोमवार, 19 मई को) ही पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू सिंह को पीके ने पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का ऐलान किया। सिंह राजपूत समुदाय से आते हैं। एक दिन पहले ही रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व नौकरशाह आरसीपी सिंह की पार्टी आसा का भी पीके के जन सुराज में विलय हो चुका है। आरसीपी सिंह कुर्मी समुदाय से ताल्लुक रखते हैं और एक समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खासमखास रहे हैं। वह जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं।



### पीके खुद ब्राह्मण, प्रदेश अध्यक्ष दलित आईएफएस

पीके खुद ब्राह्मण समुदाय से आते हैं। उन्होंने दलित समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले मनोज भारती को पिछले साल ही 2 अक्टूबर को पार्टी के स्थापना दिवस पर जन सुराज का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाया था। मनोज भारती पूर्व राजनयिक हैं, जो चार देशों के राजदूत रह चुके हैं। इसके अलावा वह अशफाक अहमद को भी पार्टी में शामिल कर चुके हैं, जो मुस्लिम समुदाय से आते हैं। पिछले साल ही पीके ने पार्टी की लंबी-चौड़ी कार्यकारिणी बनाकर यह संकेत दे दिया था कि वह राज्य में भाजपा-जेडीयू और राजद का विकल्प बनने के लिए सभी जातियों को साथ लेकर चलने को तैयार हैं।

### पीके की टीम का जातीय गणित

पिछले साल पीके ने अपनी कार्यकारिणी में 125 लोगों को जगह दी थी। इनमें 25 अति पिछड़ा समाज से तो 27 पिछड़ा समुदाय से, 23 सामान्य वर्ग से, 20 दलित समुदाय से और 25 अल्पसंख्यक समाज से लोगों को जगह दी थी। इस टीम में 20 महिलाओं को भी जगह दी गई थी। अनुसूचित जनजाति समाज से भी तीन लोगों को शामिल किया गया था। मकसद साफ था कि पीके सर्व समाज को प्रतिनिधित्व देकर सभी का वोट हासिल करना चाहते हैं। बड़ी बात यह है कि इस टीम में पीके ने यादव जाति से 12 लोगों को जगह दी थी।

### लालू के माय समीकरण पर तिरछी नजर

दरअसल, पीके लालू यादव के माय समीकरण को तोड़ना चाहते हैं। इसीलिए उन्होंने माय यानी मुस्लिम और यादव समुदाय से कुल 37 लोगों को अपनी टीम में जगह दी थी। अब उन्होंने आरसीपी सिंह और पप्पू सिंह को जन सुराज में साथ लाकर जातीय राजनीति को नई धार देने की कोशिश की है। इसे परंपरागत जातीय वोट बैंक में सेंधमारी का पीके प्लान के रूप में देखा जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ममता बनर्जी ने औद्योगिक विकास पर दिया जोर सिलीगुड़ी में बनेगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र

**सिलीगुड़ी, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को सिलीगुड़ी में उत्तर बंगाल व्यापार सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने राज्य के उत्तरी जिलों में औद्योगिक विकास में तेजी लाने पर जोर दिया। ममता बनर्जी ने एलान किया कि सिलीगुड़ी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए 10 एकड़ जमीन तलाश ली गई है। यह केंद्र उत्तर बंगाल में राज्य सचिवालय के पास बनाया जाएगा। केंद्र एक होटल के साथ ही व्यापारिक सम्मेलनों के आयोजन में भी मदद करेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने होमस्टे स्थापित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने डाबग्राम और फालाकाटा में औद्योगिक पार्क स्थापित करने और सिलीगुड़ी में डाटा सेंटर बनाने का भी एलान किया। उन्होंने कहा कि आवास, ग्रामीण सड़क और कटाव नियंत्रण जैसे क्षेत्रों के लिए केंद्र सरकार से धन की कमी के बावजूद राज्य सरकार अपने स्वयं के संसाधनों का उपयोग करके विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर बंगाल के उद्योग जगत को सक्रिय विचारों के साथ आगे आना चाहिए। भीड़भाड़ वाले दार्जिलिंग के अलावा वैकल्पिक पर्यटन स्थलों को विकसित करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कलिम्पोंग, मिरिक और कुर्सियांग जैसे क्षेत्रों के विस्तार और विकास का प्रस्ताव रखा। चाय बागान श्रमिकों के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। सरकार उन बागानों में वैकल्पिक व्यवसाय योजनाओं का समर्थन करेगी जहां चाय की खेती नहीं होती है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ग इसे विफल करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन काम रुकेगा नहीं।



### प्रतिनिधिमंडल को लेकर कांग्रेस ने किरेन रिजिजू को घेरा ममता बोलीं- केंद्र तय नहीं कर सकता नाम

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी।** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के उस कथित दावे को सरासर झूठ बताया, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार ने विदेश जाने वाले सर्वदलीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडलों के लिए नाम नहीं मांगे। कांग्रेस ने कहा कि विपक्षी पार्टी से चुने गए नामों को मंजूरी न देना सस्ती राजनीति है। दूसरी तरफ, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी पार्टी ने सर्वदलीय राजनयिक मिशन का बहिष्कार नहीं किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि टीएमसी किसी भी तरह के एकतरफा फैसले को स्वीकार नहीं करेगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, कतर, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों में कांग्रेस को सार्वजनिक रूप से गाली दी थी, आज वे इन प्रतिनिधिमंडलों में विपक्षी पार्टी की मदद ले रहे हैं। रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री ने फोन क्यों नहीं उठाया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात क्यों नहीं की? ऐसा करने का शिष्टाचार क्यों नहीं दिखाया? सच्चाई यह है कि देश में ध्रुवीकरण की राजनीति के कारण हमारी कहानी पंक्चर हो चुकी है और पंक्चर होती जा रही है। कांग्रेस ने शनिवार को कहा था कि सरकार ने उनसे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए चार नेताओं का नाम देने को कहा। कांग्रेस ने आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नसीर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को नामित किया। लेकिन इन चारों में से केवल शर्मा को ही विभिन्न देशों का दौरा करने वाले सात प्रतिनिधिमंडलों में शामिल किया गया है। इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विदेश मामलों के मुद्दों पर केंद्र सरकार के कार्यों और विचारों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का मुकाबला करने के उद्देश्य से सर्वदलीय राजनयिक मिशन का बहिष्कार नहीं किया है। हालांकि, सीएम ममता ने यह भी स्पष्ट किया कि टीएमसी किसी भी तरह के एकतरफा फैसले को स्वीकार नहीं करेगी।

**यदि सरकार संपर्क करती तो हम अपना प्रतिनिधि भेजते...** सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की सूची में टीएमसी सांसद यूसुफ पठान के नाम पर सीएम ममता ने कहा कि केंद्र नाम तय नहीं कर सकता। यदि वे मूल पार्टी से अनुरोध करते हैं, तो पार्टी नाम तय करेगी। यह एक प्रथा और प्रणाली है। उन्होंने कहा कि हम विदेश मामलों की नीति के संबंध में केंद्र सरकार के साथ हैं और हम उनका पूरा समर्थन कर रहे हैं। बनर्जी ने जोर देकर कहा कि यदि सरकार उनसे संपर्क करती तो पार्टी सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए अपना प्रतिनिधि भेजती। ममता ने कहा कि हमारे पास कोई अनुरोध नहीं आया। अगर कोई अनुरोध आता तो हम विचार कर सकते थे। हम देश के पक्ष में हैं।

### भाजपा का दावा : ममता ने यूसुफ पठान को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल से बाहर होने के लिए मजबूर किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तृणमूल सांसद यूसुफ पठान को बहुदलीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल से बाहर होने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया और इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि केंद्र द्वारा प्रतिनिधिमंडल में नामित पठान ने विदेश दौरे से दूर रहने का फैसला किया है, हालांकि पार्टी ने इस बात पर जोर दिया कि वह कूटनीतिक प्रयास का बहिष्कार नहीं कर रही है और केवल यह चाहती है कि उसे अपना प्रतिनिधि चुनने की अनुमति दी जाए।

पठान के नाम की घोषणा जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय झा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के लिए की गई थी, जो ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का संदेश देने के लिए इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर जाने वाला है। तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पश्चिम बंगाल के भाजपा सह-प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का तृणमूल सांसद को बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल से हटने के लिए मजबूर करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे यह संदेश जाता है कि ममता बनर्जी और उनकी पार्टी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ बोलने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा, आखिरकार, ऐसे क्षण में देश का प्रतिनिधित्व करना राष्ट्रीय गौरव की बात है। मालवीय ने बनर्जी की आलोचना करते हुए उन पर सबसे खराब किस्म की राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा, दुर्भाग्य से, पश्चिम बंगाल इसका खामियाजा भुगत रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि राज्य के सामने एक प्रतिकूल जनसांख्यिकीय बदलाव सामने खड़ा है। वहीं दूसरी ओर टीएमसी के सूत्रों ने प्रतिनिधिमंडल से बाहर रहने के पठान के फैसले का कारण नहीं बताया है। हालांकि ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी दोनों ने सोमवार को कहा कि केंद्र को प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के उम्मीदवार पर फैसला नहीं करना चाहिए। बनर्जी ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का मुकाबला करने के उद्देश्य से केंद्र के बहुदलीय राजनयिक मिशन का बहिष्कार नहीं कर रही है और केंद्र से औपचारिक अनुरोध प्राप्त होने पर वह अपने प्रतिनिधि भेजेगी। उन्होंने कहा, अगर वे हमें सूचित करेंगे तो हम निश्चित रूप से अपना प्रतिनिधि भेजेंगे। हम ऐसा क्यों नहीं करेंगे? यहां विवाद का कोई मुद्दा नहीं है। हम पूरी तरह से सरकार के साथ हैं।

### राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी का बड़ा बयान

# वामपंथी विचारधारा भारतीय संस्कृति के समक्ष बड़ा खतरा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने वामपंथी विचारधारा को देश की संस्कृति के लिए खतरनाक बताया है। उन्होंने कहा है कि वामपंथी विचारधारा जहां भी पनपी, वहां इसने स्थापित मान्यताओं को अपने लाभ के लिए तोड़ने-मरोड़ने का काम किया। अपने शुरुआती दौर से ही जिस भी देश में वामपंथी विचारधारा पनपी, वहां हिंसक रास्तों से इसने सत्ता तक अपनी पैठ बनाई, लेकिन इसके बाद भी वामपंथी लोग अपने साथ लिबरल (उदारवादी) शब्द का उपयोग करते हैं जो इस शब्द का दुरुपयोग है। त्रिवेदी ने कहा कि समय के साथ वामपंथी विचारधारा अपना स्वरुप बदल रही है। इस समय वह वोकिज्म का रूप धरकर भारतीय संस्कृति की नींव और इसकी सबसे बहुमूल्य इकाई परिवार को तबाह करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे हर उस व्यक्ति को सतर्क रहना चाहिए जो राष्ट्रवादी है और देश की संस्कृति-सभ्यता को प्रेम करता है।

राष्ट्रवादी विचारधारा के लेखक अभिजीत जोग की पुस्तक टरमाइट्स के हिंदी संस्करण वामपंथी दीमक के लोकार्पण के अवसर पर रविवार को लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह विचारधारा अक्सर उदारवाद, सेक्युलर, बोलने की स्वतंत्रता और प्रगतिवाद की अगुवा के रूप में प्रस्तुत की जाती है, लेकिन असलियत यह है कि वामपंथी विचारधारा जिस भी देश में पनपी, वहां उसने लोगों को बोलने की आजादी नहीं दी।




### सभ्यता-संस्कृति के लिए हानिकारक और विनाशकारी

वामपंथी दीमक पुस्तक में इस विचारधारा पर सभ्यता-संस्कृति के लिए हानिकारक और विनाशकारी होने का आरोप लगाया गया है। पुस्तक के लेखक अभिजीत जोग ने कहा कि यह विचारधारा केवल दीमकों की तरह भारतीय संस्कृति और समाज को खोखला कर रही है। अभिजीत जोग द्वारा लिखित पुस्तक में वामपंथी विचारधारा के विकास और आधुनिक स्वरूप का विस्तार से विश्लेषण किया गया है।

### सरकार उनकी है, लेकिन सिस्टम तो हमारा है

सुरुचि प्रकाशन के अध्यक्ष राजीव टुली ने कहा कि दि केरला फाइल्स फिल्म का एक कथन बहुत प्रसिद्ध हुआ था- सरकार उनकी है, लेकिन सिस्टम तो हमारा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शासन काल में वामपंथी विचारधारा ने सिस्टम पर अपनी पकड़ बनाई। यही कारण है कि सत्ता में न होने के बाद भी वे देश-समाज पर अपना नकारात्मक असर छोड़ने में सफल रहते हैं। एक पत्रिका के संपादक हितेश शंकर ने कहा कि जहां भी यह विचारधारा फैली है, उसने मेजबान देश को दीमक की तरह खा लिया है। वे भारत के साथ भी यही करने की कोशिश कर रहे हैं।

### विश्वविद्यालयों में हो विचार-विमर्श

त्रिपुरा में भाजपा की जीत की नींव डालने वाले सुनील देवधर ने कहा कि यह समारोह केवल एक पुस्तक विमोचन नहीं है; यह एक वैचारिक युद्ध में एक निर्णायक मोर्चा है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक मार्क्सवाद द्वारा भारतीय परंपराओं और मूल्यों पर किए जा रहे हमले का मुकाबला लोगों को जागरूक करके ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक के बारे में विश्वविद्यालयों में विचार-विमर्श कराना चाहिए जिससे नई पीढ़ी यह समझ सके कि वामपंथी विचारधारा किस तरह देश की संस्कृति पर हमले कर रही है। इस पुस्तक के मूल मराठी संस्करण का विमोचन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के द्वारा किया गया था। उन्होंने ही इस पुस्तक को अंग्रेजी और हिंदी सहित तमाम भाषाओं में उपलब्ध कराने का सुझाव दिया था। यह पुस्तक जल्द ही सुरुचि प्रकाशन के मंच पर भी उपलब्ध होगी।

### शरद पवार की ने संजय राउत को दी सलाह

# आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में स्थानीय राजनीति आड़े नहीं आनी चाहिए

मुंबई, एजेंसी

एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने अपने ही गठबंधन के नेता संजय राउत को लताड़ लगाई है। उन्होंने शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत को सलाह दी कि जब भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, तो उसके बीच स्थानीय राजनीति को नहीं लाया जाना चाहिए। गौरतलब है कि संजय राउत ने एक दिन पहले ही केंद्र सराकर द्वारा सांसदों का सर्वदलीय दल विभिन्न देशों को भेजने की आलोचना की थी और इंडी गठबंधन की पार्टियों से केंद्र सरकार के इस कदम का बहिष्कार करने की अपील की गई थी।

पवार ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय मुद्दे आते हैं तो पार्टी स्तर की राजनीति को पीछे छोड़ देना चाहिए। आज केंद्र सरकार ने कुछ प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है और उन्हें विदेशों में जाकर पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान की गतिविधियों पर भारत का पक्ष रखने की जिम्मेदारी दी गई है। पवार ने याद करते हुए कहा कि वह भी पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव द्वारा गठित एक दल के साथ संयुक्त राष्ट्र गए थे, जिसका नेतृत्व पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था।



### संजय राउत ने क्या कहा था

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने रविवार को अपने एक बयान में कहा था कि विपक्षी इंडी गठबंधन में शामिल दलों को आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता दर्शाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न देशों में भेजे जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का बहिष्कार करना चाहिए था। राउत ने आरोप लगाया कि यह प्रतिनिधिमंडल सरकार द्वारा किए गए पापों और अपराधों का बचाव करेगा। उन्होंने कहा, ऐसे प्रतिनिधिमंडल को भेजने की कोई आवश्यकता नहीं थी, वह भी सरकार के खर्चे पर। ये वहां करेंगे क्या? हमारे पास विदेशों में राजदूत हैं, वे अपना काम कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन को इसका बहिष्कार करना चाहिए था। वे सरकार द्वारा बिछाए गए जाल में फंस रहे हैं। आप देश का नहीं, सरकार द्वारा किए गए पापों का बचाव करने जा रहे हैं। राउत के बयान पर पवार ने कहा कि उन्होंने अपने विचार रखे, लेकिन मैं देख रहा हूं कि उनकी पार्टी के भी एक सदस्य प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। मुझे लगता है कि इस मामले में स्थानीय राजनीति से दूर रखना चाहिए।

### प्रोफेसर की गिरफ्तारी पर भड़के खरगे

## विरोध की हर आवाज से डरती है भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी को लेकर केंद्र की बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला है। खरगे ने इसे बीजेपी की असहिष्णुता और तानाशाही प्रवृत्ति का प्रतीक बताया और कहा कि सरकार असहमति की हर आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। एक्स पर एक पोस्ट में, खरगे ने भारतीय सशस्त्र बलों, नौकरशाहों, शिक्षाविदों और बुद्धिजीवियों के प्रति कांग्रेस का समर्थन दोहराया, साथ ही किसी भी व्यक्ति के खिलाफ चरित्र हनन, उत्पीड़न, ट्रोलिंग, गैरकानूनी गिरफ्तारी या व्यवसायों के साथ तोड़फोड़ की कड़े शब्दों में निंदा की।

हरियाणा पुलिस ने 18 मई को अशोका यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को दिल्ली में उनके आवास से गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित उनके सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर की गई, जिसमें उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह द्वारा दी गई प्रेस ब्रीफिंग को दिखावटी करार दिया था। प्रोफेसर ने अपने पोस्ट में कहा था कि दक्षिणपंथी टिप्पणीकारों द्वारा कर्नल कुरैशी की प्रशंसा स्वागत योग्य है, लेकिन उन्हें भीड़ द्वारा हत्या और संपत्तियों के मनमाने विध्वंस के पीड़ितों के लिए भी उतनी ही जोरदार आवाज उठानी चाहिए।



### विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्रालय देशभर में 29 मई से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू करने जा रहा है। इस अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के निर्माण का अभियान चल रहा है और विकसित भारत के लिए विकसित कृषि, विकसित खेती और समृद्ध किसान जरूरी है। आज भी कृषि, भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लगभग आधी आबादी के रोजगार का साधन है और इससे भी आगे बढ़कर देश की खाद्य सुरक्षा का आधार है। कृषि मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय का उद्देश्य देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। लगभग 145 करोड़ की आबादी वाले हमारे देश में सबको भरपूर खाद्यान मिले सब्जियां व फल की उपलब्धता भी हों, किसानों की आजीविका ठीक चले, मतलब कृषि फायदे का धंधा बने और खाद्यान तो मिले लेकिन पोषणयुक्त हो, उसका प्रयत्न करना और हमारे प्राकृतिक संसाधन हैं, उनका संरक्षण करना, उनका ऐसा उपयोग करना कि वो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी खाद्यान, फल-सब्जियां उत्पन्न करते रहें।

## सीएम सरमा बोले- गौरव गोगोई के पाकिस्तानी संबंध नहीं निकले तो इस्तीफा दे दूंगा

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को एक बार फिर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान से संबंध होने की अपनी बात दोहराई। उन्होंने दावा किया कि गोगोई पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के निमंत्रण पर पाकिस्तान गए थे। वहां से लौटने के बाद उन्होंने लड़ाकू विमान राफेल की खरीद का भी विरोध किया था। सरमा ने कहा कि अगर उनकी कही कोई भी बात झूठी निकलती है, तो वह इस्तीफा दे देंगे। सीएम सरमा ने हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का भी जिक्र किया, जिसे पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर तुलना करें तो ज्योति और बाकी लोगों का अपराध कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि गोगोई का पाकिस्तान जाना और राफेल सौदे का विरोध करना इससे भी गंभीर है। यह जासूसी नहीं है, तो क्या है? सीएम सरमा ने कहा, अगर मेरा एक भी शब्द गलत साबित हुआ तो मैं मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दूंगा।



इससे पहले, सीएम सरमा ने आरोप लगाया था कि गोगोई प्रशिक्षण लेने के लिए पाकिस्तान गए थे और यह एक गंभीर मामला है। समाचार एजेंसी एनएनआई ने सरमा के हवाले से कहा, गौरव गोगोई आईएसआई के निमंत्रण पर पाकिस्तान गए थे। हमारे पास वह दस्तावेज है। वह प्रशिक्षण लेने के लिए वहां गए थे।

### गोगोई ने खारिज किए सीएम सरमा के आरोप...

कांग्रेस सांसद गोगोई ने अपने और अपनी पत्नी के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने सीएम सरमा से आरोपों के लिए सबूत पेश करने के लिए कहा। साथ ही गोगोई ने सरमा के आरोपों को सिर्फ एक बकवास बताया और उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई। गोगोई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुख्यमंत्री जो कुछ भी कह रहे हैं, उसमें से 99 प्रतिशत बकवास है। मैं उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित हूं, जो उन्हें ही पता है। मैं असम में प्रवेश करने के बाद से ही उनके रडार पर हूं। उन्होंने पिछले 13 वर्षों में मेरे बारे में कई निराधार टिप्पणियां की हैं। सबसे हालिया टिप्पणी पागलपन और बेतुकी है।

### राहुल गांधी के आरोपों पर विदेश मंत्रालय का जवाब

# राहुल ने तथ्यों का पूरी तरह से किया गलत प्रस्तुतिकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

**विदेश मंत्री एस जयशंकर के ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े बयान पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी की प्रतिक्रिया को मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने राहुल के बयान को तथ्यों का पूरी तरह से गलत प्रस्तुतिकरण बताया है।**

विदेश मंत्रालय ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर के खिलाफ लगाए गए उन आरोपों का खंडन किया कि सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले पाकिस्तान को सूचित किया।



विदेश मंत्रालय के एक्सपी डिवीजन के अनुसार, जयशंकर ने कहा था कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद शुरुआती चरण में ही पाकिस्तान को चेतावनी दे दी थी।

विदेश मंत्रालय के एक्सपी डिवीजन ने कहा, विदेश मंत्री ने कहा था कि हमने पाकिस्तान को शुरुआत में ही चेतावनी दे दी थी, जो स्पष्ट रूप से ऑपरेशन सिंदूर के शुरू होने के बाद का प्रारंभिक चरण है। इसे गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है। तथ्यों को पूरी तरह से गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।

**राहुल ने सरकार पर लगाया था गलत काम करने का आरोप...** विदेश मंत्रालय की यह प्रतिक्रिया राहुल गांधी की ओर से एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किए जाने के बाद आई है, जिसमें जयशंकर गुरुवार को दिल्ली में होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं। राहुल गांधी ने सरकार पर गलत काम करने का आरोप लगाया।

### ऑपरेशन सिंदूर के बारे में कही थी यह बात

दिल्ली में होंडुरास दूतावास के उद्घाटन के बाद गुरुवार को पत्रकारों से बात हुए जयशंकर ने कहा, यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था। हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया है। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि सेना पर, और सेना के पास यह विकल्प है कि वह खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे। उन्होंने कहा, उन्होंने (पाकिस्तान ने) उस अच्छी सलाह को न मानने का फैसला किया। उसके बाद 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान किया और उन्होंने कितना कम नुकसान किया। यह स्पष्ट है कि गोलीबारी कौन बंद करना चाहता था।

## संक्षिप्त समाचार

### जिनके दिल में बसी हुई शहादत है, उन्हीं के दम से वतन की हिफाज़त है : आरिफ़ अफ़ज़ल



**उज्जैन, निप्र।** ग़ज़लांजलि साहित्यिक संस्था की डॉ. सखा पाहवा के निवास पर काव्य-गोष्ठी आयोजित हुई। डॉ. श्रीकृष्ण जोशी की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर कविता पाठ करते हुए अशोक रक्ताले ने वृक्ष नहीं छाया नहीं, दूर-दूर अतिदूर, वसुधा का आँचल फटा, देखे सूरज घूर ग्रीष्म पर कविता पढ़ी तो अवधेश वर्मा नीर ने वीर संभाजी पर केन्द्रित कविता पढ़ी। कवि मन में कविता कैसे जन्म लेती इस पर दिलीप जैन ने कुछ इस तरह कहा भावों की लहरों पर शब्दों की नौका जब थिरकती है, तब कविता बनती है। रामदास समर्थ ने सबसे प्यारा साथ तुम्हारा नहीं छिपा है सच ये सारा, दिल में सब ही के रहती, अपनी-अपनी मधुबाला कविता पढ़कर खूब दाद बटोरी। कवि सत्यनारायण सत्येन्द्र ने देश के वर्तमान परिदृश्य पर तो व्ही.एस. गहलोत साकित ने पैरोडी पढ़ी। दिन रात सुबह शाम उसी के हैं, यहाँ सारे इंतज़ाम उसी के हैं ग़ज़ल डॉ. विजय सुखवानी ने पढ़ी तो धूप के तिनके चुनती रही चिड़िया कविता अक्षय चवरे ने पढ़ी। कौन किसको याद रखता है यहाँ ग़ज़ल शायर आशीष अश्क ने पढ़ी। ज़रूरत ही हुई पूरी, ख्वाहिशें बाकी रहीं ग़ज़ल डॉ. अखिलेश चौरे ने पढ़ी। जिनके दिल में बसी हुई शहादत है, उन्हीं के दम से वतन की हिफाज़त है ग़ज़ल शायर आरिफ़ अफ़ज़ल ने पढ़ी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आर.पी. तिवारी का संस्था द्वारा माला पहनाकर सम्मान किया गया।

### निगम गैंग द्वारा रोड पर रखे कूलरों को किया जप्त

**उज्जैन, निप्र।** सोमवार को नगर निगम अतिक्रमण गैंग द्वारा निगम आयुक्त आशीष पाठक के निर्देश अनुसार सहायक आयुक्त प्रदीप सेन के नियंत्रण में नगर निगम गैंग द्वारा तेलीवाड़ा चौराहा, कंठाल, नई सड़क एवं एटलस चौराहे तक कार्यवाही करते हुए मुख्य मार्ग रोड पर दुकानदारों द्वारा रखे गए कुलरों, होर्डिंग, फ्लेक्स इत्यादि सामग्रियों को जप्त करने की कार्यवाही की गई उक्त कार्रवाई से पूर्व क्षेत्र में निगम गैंग द्वारा अनाउंसमेंट किया गया था की दुकानदार द्वारा रोड पर रखे अपनी दुकानों के सामानों को अपनी दुकानों की जद में रखें अन्यथा निगम द्वारा जपती की कार्यवाही की जाएगी अनाउंसमेंट की समय अवधि पूर्ण होने के पश्चात नगर निगम रिमूवल गैंग द्वारा कार्यवाही करते हुए सामग्री को जप्त किया गया इसी प्रकार गैंग प्रभारी राज गोडाले द्वारा तरण ताल चौपाटी पर लगने वाले फूड ठेले वाले को अपने ठेले लगाने के लिए रोड से 15 फीट की दूरी पर चूना लाइन से मार्किंग की गई है तथा निर्देशित किया गया कि अपने फुट के ठेले इसी लाइन के अंदर संचालित करें मुख्य मार्ग तक आने पर निगम द्वारा जपती की कार्रवाई की जाएगी इसी प्रकार फ्रीगंज इंदिरा गांधी प्रतिमा चौराहा के आगे अवैध गुमटी को जप्त करने की कार्यवाही भी की गई।

### लेकोडिया में ग्रामीणों से मिले गुर्जर

**नागदा जं., निप्र।** गांव लेकोडिया में रविवार की शाम को तेज हवा और आंधी के कारण ग्रामीणों के आशीयानों को काफी नुकसान हुआ। पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर सोमवार की सुबह ग्रामीणों का दर्द बांटने के लिए पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक गुर्जर ने ग्रामीणों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### चंबल नदी में नहाते समय पैरालाईसिस अटैक आया

**नागदा जं., निप्र।** चंबल नदी के डाउनस्ट्रीम में सोमवार की दोपहर में नहाते समय एक बुजूर्ग को पैरालाईसिस अटैक आ गया, बुजूर्ग नदी में बार बार खड़ा हो रहा था और गिर रहा था, यह नजारा एक महिला ने देखा तो संदीप और रवि को बताया। दोनों ने बुजूर्ग व्यक्ति को नदी से बाहर निकाला ओर ब्रिज के नीचे छावं में लेटाया। संदीप ने मामले की जानकारी नगरपालिका अध्यक्ष पति ओमप्रकाश गेहलोत को दी, गेहलोत बाईक से तुरंत मौके पर पहुंचे और बुजूर्ग से काफी देर तक नाम व पता जानने का प्रयास किया, लेकिन बुजूर्ग बोलने में असमर्थ था। गेहलोत ने सरकारी अस्पताल के प्रभारी डॉ. गौरव पटेल से चर्चा कि ताकि उसको प्राथमिक उपचार मिल सके। गेहलोत ने ऑटो चालक चेतन मीणा की मदद से बुजूर्ग को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। बुजूर्ग के पास से पहचान के लिए कोई दस्तावेज नहीं मिले, बमुश्किल बुजूर्ग ने इतना जरुर बताया कि वह सागर का रहने वाला है। डॉ. पटेल के अनुसार बुजूर्ग को प्राथमिक उपचार देने के बाद गहन चिकित्सा के लिए उज्जैन रैफर किया है। रैफर किए जाने तक बुजूर्ग की शिनाख्ती नहीं हो सकती थी।

## नगर निगम द्वारा अवैध गैरेज संचालको की गुमटियों को हटाया गया



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** सोमवार को नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा निगम आयुक्त आशीष पाठक के निर्देश अनुसार आगर रोड स्थित मोहन नगर चौराहे से फरूट मंडी की और जाने वाले मुख्य मार्ग सड़क के किनारे (मंडी की तरफ) गैरेज वालों द्वारा अस्थाई गुमटियां संचालित करते हुए सड़क अथवा सड़क के किनारे ही वाहनों की रिपेयरिंग का कार्य किया जाता था जिससे यातायात बाधित होने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता था जिसके क्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गण मान्य नागरिकों द्वारा उक्त अवैध अतिक्रमण, गुमटियों को हटाने के लिए निगम आयुक्त को पत्र दिया गया था जिसके क्रम में सोमवार को नगर निगम अतिक्रमण द्वारा पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में सड़क किनारे गैरेज संचालकों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण, गुमटियों को जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की गई, उक्त कार्यवाही से पूर्व नगर निगम द्वारा संबंधित क्षेत्र में अनाउंसमेंट (मुनादी) करवाई गई थी कि संबंधितों द्वारा अपनी गुमटियों को स्वयं दिए गए समय अवधि में हटा ले अन्यथा नगर निगम द्वारा गुमटियों को हटाए जाने की कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्यवाही सहायक आयुक्त प्रदीप सेन के नियंत्रण में गैंग प्रभारी मोनू थनवार, सोनू जाटव एवं नगर निगम रिमूवल गैंग द्वारा की गई।

### विधायक, निगम अध्यक्ष, कलेक्टर एवं निगम आयुक्त ने चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया

# मलबा हटवाएं जिससे रहवासियों को समस्या ना हो

विनय उजाला



**कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा, कहा समयावधि में पूर्ण कर लिया जाए**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कहा कि सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के लिए कोयला फाटक से गोपाल मंदिर से यह मार्ग बहुत महत्वपूर्ण है जिसके लिए टीम के साथ मौका मुआयना के लिए निकलने है। काफी हर्ष का विषय है कि मार्ग के जो रहवासी है, उनके द्वारा चिन्हित भाग तक भवनों को हटाना आरंभ कर दिया है जो कि सभी के लिए प्रेरणादायी है। चौड़ीकरण मार्ग के अन्य रहवासियों से भी अपील है कि वे स्वयं मार्किंग के आधार पर अपने मकानों को हटाले जिससे की कार्य को गति दी जा सके। हमारी कोशिश रहेगी कि यथाशीघ्र इस मार्ग को मास्टर प्लान के हिसाब से पूर्ण कर लिया जाए।

**उज्जैन, निप्र।** सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में यातायात एवं आवागमन सुगम रूप से हो इस हेतु आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण कार्य नगर निगम द्वारा आरंभ कर दिया गया है। जिसके अन्तर्गत कोयला फाटक से छत्रीचौक तक तथा वीडी क्लाथ मार्ग से छोटी रपट तक के मार्ग का चौड़ीकरण कार्य आरंभ कर दिया गया है।

सोमवार को विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, निगम आयुक्त आशीष पाठक एवं भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल के साथ कोयला फाटक से छत्रीचौक तक निगम द्वारा की जा रही चौड़ीकरण कार्यवाही का निरीक्षण किया गया।

निगम आयुक्त आशीष पाठक द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नगर निगम द्वारा लगभग 14 करोड़ की लागत से कोयला फाटक से छत्रीचौक तक के 1250 मीटर मार्ग को 15 मीटर चौड़ा किया जा रहा है वर्तमान में यह मार्ग 8 मीटर से 10 मीटर तक चौड़ा है। कार्यवाही के दौरान नागरिक सुविधाएं बाधित नो इस हेतु हमारे द्वारा चरणबद्ध तरिके से कार्य किया जा रहा है। 570 मीटर में हमारा कार्य शुरू होना है इसमें हर्ष का विषय है कि 70 प्रतिशत रहवासियों ने अपने भवन के चिन्हित भाग को स्वयं हटा लिए है तथा निगम एवं अन्य अमला बैकअप में लगा हुआ है। मेरी चौड़ीकरण मार्ग के रहवासियों से अपील है कि वे भी अपने मकानों के चिन्हित भाग को हटा ले जिससे इसमें निगम का जो भी सहयोग अपेक्षित होगा वह निगम द्वारा रहवासियों को दिया जाएगा।

निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव ने कहा कि आने वाले सिंहस्थ को देखकर शहर की यातायात व्यवस्था सुगम रहे, सिंहस्थ में निकलने वाली पेशवाईयों के लिए मार्ग सुगम रहे साथ ही जब से श्री महाकाल महालोक का निर्माण हुआ है तब से उज्जैन में श्रृद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है एवं सावन एवं भादौ मास में भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी के दौरान भी श्रृद्धालुओं को आवागम में सुविधा रहे इस हेतु हमारे द्वारा शहर के आंतरिक मार्गो का चौड़ीकरण किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत कोयला फाटक से कंठाल, सतीगेट होते हुए गोपाल मंदिर तक के मार्ग पर की जा रही चौड़ीकरण कार्यवाही का अवलोकन आज हमारे द्वारा किया गया, मार्ग में रहवासियों अपनी स्वेच्छा से मकानों को तोड़ रहे है उन सबके प्रति बहुत बहुत धन्यावाद एवं आभार है जो अपनी शहर के विकास में सहयोग कर रहे है।

निगम अध्यक्ष श्रीमती यादव द्वारा सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि शहर विकास में सहयोग प्रदान करते हुए नागरिकों द्वारा स्वेच्छा से मकानों को तोड़ा जा रहा है लेकिन उनके तोड़ने के बाद मलबा तुरन्त उठे, नालियों का पानी सड़क पर ना बहे, पाईप लाईन लिकेज होती है तो उसे भी तत्काल संधारित किया जाए जिससे रहवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करने पड़े। साथ ही आपने निर्देशित किया कि चौड़ीकरण का काम शीघ्रता से हो, पारदर्शिता से हो, साथ ही साथ सम्पूर्ण कार्य एक समान हो कोई भी पक्षपात ना हो, नालिया सीधी बने, किसी के साथ अन्याय ना हो और सम्पूर्ण कार्य पूर्ण प्लानिंग के साथ हो यह सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि चौड़ीकरण मार्ग के रहवासियों को बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहता हुं जो उन्होने स्वयं अपने भवनों एवं दुकानों को तोड़ने का कार्य आरंभ कर दिया है ऐसे लोग अभिनंदन के पात्र है जो शहर के विकास में बड़चढ़ कर आगे आए हैं।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, सहायक आयुक्त प्रदीप सेन, प्र. कार्यपालन यंत्री साहिल मैदावाला, भवन अधिकारी राकेश वास्कले, सर्व श्री जगदीश पांचाल पार्षद प्रतिनिधि मोहित जायसवाल उपस्थित रहे।

## महापौर ने की आवास योजना के लोन हेतु बैंक अधिकारीयों से चर्चा

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मंछामन मल्टी के 187 हितग्राहियों के लिए लोन प्रक्रिया के सरलीकरण हेतु सोमवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा पंजाब नेशनल बैंक की शाखा प्रबंधक श्रीमती रूपल खरे एवं कार्यपालन यंत्री पीसी यादव के साथ चर्चा करते हुए हितग्राहियों के लिए लोन प्रक्रिया के सरलीकरण हेतु मल्टी कैंपस में ही शिविर लगाने हेतु चर्चा की गई, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक नोडल एजेंसी है जिसको शासन द्वारा लोन आवंटन के लिए अधिकृत किया गया है साथ ही महापौर द्वारा बताया गया कि मल्टी का कार्य भी निरंतर निर्माण की और अग्रसर हो रहा है शीघ्र ही कार्य पूर्ण होगा और हितग्राहियों को उनके आवास की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए चाबी सौंपी जाएगी।

## जैन सोशल ग्रुप उज्जैन 'मिलन' का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** जेएसजी मिलन उज्जैन का शपथ ग्रहण समारोह इंदौर रोड स्थित घुंघट गार्डन में मुख्य अतिथि जेएसजीआईएफ इलेक्ट वन अध्यक्ष एवं मिलन ग्रुप के संरक्षक मनीष कोठारी द्वारा सविधि संपन्न करवाया गया। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में जेएसजीआईएफ के पूर्व अध्यक्ष अभय सेठिया, आईडी जेएससीआईएफ जयंती लालजी फाफरिया, स्थानकवासी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र सेठिया, पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश रीजन विनोद बारबोता, रीजन सचिव अश्विन मेहता, रीजन सह सचिव संजय कोठारी, जॉन कोऑर्डिनेटर प्रकाश गांधी एवं समाजसेवी संजय मित्तल थे। ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष राजेश के जैन द्वारा अपने 2 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां को बताते हुए नवीन अध्यक्ष एवं कार्यकारी को बधाइयां प्रेषित की।

### कलेक्टर श्री सिंह ने समयावधि पत्रों की समीक्षा की

## सिंहस्थ कार्यों के प्रस्तावों का अधिकारी पर्सनली मॉनिटरिंग करें

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सोमवार सुबह समयावधि पत्रों की समीक्षा विक्रमादित्य संकुल भवन के कलेक्टर कार्यालय सभागृह में की। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सिंहस्थ के कार्यों के सभी प्रस्तावों की पर्सनली मॉनिटरिंग करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन की समीक्षा कर निर्देश दिए कि फेल्ड पेमेंट वाले कृषकों का पेमेंट अगले 2 दिन में सुनिश्चित करे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जयति सिंह, एडीएम प्रथम कौशिक, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा एवं सभी विभागों के जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन शिकयतों के निराकरण की विभागवार और तहसीलवार समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी शिकायत का संतुष्टि पूर्वक निराकरण करे।शेष लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकयतों का निराकरण त्वरित करे और उनके निराकरण की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा करे। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशासन का कार्य शिकायतों का तत्परता से समाधान करना है।शिकायत निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर गंभीर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। जो विभाग टॉप 10 में नहीं है वो सभी विभाग शिकायत निराकरण पर विशेष ध्यान देकर रैंकिंग सुधारे। टॉप 10 वाले विभाग विशेष ध्यान देकर शेष शिकयतों को बंद करवाकर टॉप पर आने का प्रयास करे। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। खेत तालाब, अमृत सरोवर,रिचार्ज पीट,पौधारोपण आदि के कार्यों की समीक्षा कर लक्ष्यनुसार कार्य करने को निर्देशित किया। इसके पश्चात् समग्र ई केवाईसी के कार्य प्रगति की समीक्षा कर नगरीय निकाय उन्हेल, तराना, माकड़ौन, महिदपुर, खाचरोद को समग्र ई केवाईसी कार्य मिशन मोड पर करने के निर्देश दिए। समग्र ई केवाईसी कार्य पूर्ण करने के लिए पंचायतवार एवं वार्डवाइस लक्ष्य निर्धारित कर कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इसके पश्चात् कलेक्टर श्री सिंह ने टीएल पत्रकों की समीक्षा की और सभी अधिकारियों को इनके निराकरण पर विशेष ध्यान देने को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री सिंह ने अनुकम्पा नियुक्ति के मामलों पर तुरन्त संज्ञान में लेकर समयावधि में निराकरण के निर्देश दिए। टीएल पत्रकों की समीक्षा के दौरान श्री सिंह ने कार्य में लापरवाही बरतने पर नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के एसडीओ और असिस्टेंट डायरेक्टर ओबीसी पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में नि:क्षय अभियान की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और आगामी अभियान की रूप रेखा की जानकारी दी गई।

## आत्मीयता, सादगी के साथ निकली दीक्षार्थी जाट की वरघोड़ा यात्रा

विनय उजाला



**नागदा जं., निप्र।** मीडिया प्रभारी नितिन बुडावनवाला ने बताया कि बदनावर नगर में पूज्य गुरूदेव बुद्धपुत्र श्री जिनेन्द्रमुनिजी म.सा. के चरणों में 5 जुन को दीक्षा लेने वाले मुमुक्षु भाई गौरव जाट का भव्य आत्मीयता एवं सादगी के साथ जीवदया समिति से भव्य वरघोडा निकाला गया। जो विभिन्न मार्गो से होता हुआ महावीर भवन पर समाप्त हुआ। दीक्षार्थी भाई एवं उनके माता-पिता, बहन वग्घी रथ पर सवार थे। चल मार्ग पर दीक्षार्थी बंधु का हर सौ मीटर पर समाजजनों द्वारा बहुमान किया गया। वरघोड़े में समाज की सभी महिला मण्डल ग्रुप अपने-अपने ड्रेस कोड में एवं रानी कलर साडी, पुरूष श्वेत वस्त्र में शालीनता से हाथ में बैनर स्लोगन वाले झण्डे एवं पंचरंगी दुपट्टे में चल रहे थे।

प्रात: स्थानकवासी समाज द्वारा सकल जैन समाज का नवकारसी आयोजन भी किया गया था। यात्रा मं नारो की गुंज के साथ महावीर भवन में धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हुई। दीक्षार्थी का बहुमान स्थानकवासी संघ, मूर्तिपूजक संघ, दिगंबर जैन संघ, बहुमण्डल, सोश्यलग्रुप, महिला मण्डल आदि ने किया।

धर्मसभा में तीनो संघो के अध्यक्षो प्रकाशचन्द्र सांवेरवाला, मनीष व्होरा, सुनिल जैन ने भी अपने विचार रखे। उज्जैन जिला ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजेश धाकड, विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, पूर्व ट्रस्ट अध्यक्ष राजेन्द्र कांठेड, सुरेन्द्र पितलिया, चंद्रशेखर जैन, विपिन वागरेचा आदि ने अपने शुभ विचार रखे। वरघोड़ा यात्रा में अन्य समाजजनो ने भी बहुमान किया।

दीक्षार्थी गौरव जाट ने भी अपने प्रवचनरूपी विचारों से बैठे सभी जन का मन मोह लिया। उन्होने कहा शाल, माला पहनाना सम्मान नहीं, बहुमान करना है तो आत्मा के कल्याण का करों, मन, वचन, काया को संयमित रखों, मोह-माया को त्याग कर जीवन सरल बनाओ। अंत में दीक्षार्थी गौरव जाट द्वारा पूरे समाजजन को वर्षीदान के रूप में प्रभावना वितरित की गई। वर्षीदान की प्रभावना का लाभ श्री सुरेन्द्रकुमार विनीतकुमार प्रियंका, रोशनी पितलीया परिवार की ओर से थी। कार्यक्रम का संचालन अरविंद नाहर ने किया। आभार प्रकाश सांवेरवाला ने माना।

सभा में जीवदया समिति के सहयोगी सतीश जैन सांवेरवाला, अनिल पावेचा, राजा कर्नावट, संदीप चपलोत, रितेश नागदा, विजय पितलिया, कमलेश भटेवरा, अमित बम, प्रशांत नाहर, धर्मेन्द्र बम, श्रेणिम बम, आकाश वोरा, संजय मुरडिया, जितेश भण्डारी, मुकेश धोका, राजेन्द्र ओरा, निर्मल दलाल, राकेश कोलन, सिद्धार्थ कांठेड, रवि कांठेड आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं के सशक्तीकरण, चिकित्सकीय मैनपॉवर और अत्याधुनिक उपकरण की उपलब्धता के किए गए सुगठित

# स्वस्थ समृद्ध भारत के निर्माण में अपनी भूमिका के निर्वहन के लिए मध्यप्रदेश प्रतिबद्ध : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

विनय उजाला



**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने के लिये मध्यप्रदेश सरकार निरन्तर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत के संकल्प को साकार करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि राइट टू हेल्थ के साथ राइट टू स्क्रीनिंग भी आवश्यक है। राज्य ने सिकल सेल, टीबी और अन्य बीमारियों की समय पर पहचान और इलाज को प्राथमिकता दी है। राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन, टीबी मुक्त भारत अभियान, निरोगी काया अभियान में मध्यप्रदेश का उत्कृष्ट प्रदर्शन, मध्यप्रदेश की प्रतिबद्धता स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के समर्पण का परिणाम है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा है कि यह परिणाम हमें आश्वस्त करते हैं कि स्वस्थ सशक्त मध्यप्रदेश के निर्माण में हम शीघ्र सफल होंगे। प्रदेश में निक्षय भारत अभियन के अंतर्गत 23 जिलों में 78.14 लाख नागरिकों की स्क्रीनिंग की गई, 21,992 टीबी मरीज चिन्हित हुए, 28,664 निक्षय मित्र बनाए गए और 23,818 फूड-बास्केट वितरित किये गये। अभियान में उत्कृष्ट परिणामों के लिए प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। प्रदेश में नए बने जिलों के अतिरिक्त सभी जिलों में क्षय रोग की जांच के लिए हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीनें उपलब्ध हैं। सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन में 1.05 करोड़ स्क्रीनिंग हुई, 28,297 मरीजों का इलाज हुआ और 75.36 लाख कार्ड वितरित किये गये। इसके उपचार के लिए बीएमएचआरसी भोपाल और एमजीएम इंदौर में 2 सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस उपलब्ध हैं। साथ ही, संजय गांधी चिकित्सालय रीवा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू किया गया है।

उच्च रक्तचाप के 77.73 लाख, मधुमेह के 76.07 लाख, एनएएफएलडी के 33.94 लाख, ओरल कैंसर के 11.90 लाख, सर्वाइकल कैंसर के 3.38 लाख और स्तन कैंसर के 5.59 लाख नागरिकों की स्क्रीनिंग की गई। प्रदेश के 52 डे-केयर में 42 प्रकार की कैंसर रोधी दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। दिसंबर-2024 के पल्स पोलियो अभियान में 36 लाख बच्चों को 99त्न लक्ष्य के साथ पोलियो खुराक दी गई। 6 जनवरी 2025 से शुरू 66 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ने अब तक 21 जिलों के 87 विकासखंडों के 1268 ग्रामों में 2.08 लाख रोगियों को सेवा दी है। अब प्रदेश में इमरेजेंसी पेसेंट्र से लिए एयर एम्बुलेंस भी उपलब्ध है। इस सेवा से अब तक 61 नागरिक लाभान्वित हुए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में चिकित्सा शिक्षा में सतत विस्तार और उन्नतिकरण हुआ है। प्रदेश में 30 मेडिकल कॉलेज है। सत्र 2024-25 में 400 नई एमबीबीएस की सीटें उपलब्ध हुई हैं। आगामी वर्ष में 6 मेडिकल कॉलेज स्थापित होंगे। साथ ही पीपीपी मोड में 12 शासकीय कॉलेज भी स्थापित किये जायेंगे। 2300 और सीटों की वृद्धि संभावित है। सुपर स्पेशियलिटी सीटें 47 से बढ़कर 64 हुई हैं, जबकि नॉन-क्लिनिकल विषयों में 291 सीनियर रेजिडेंट पद सृजित हुए हैं। भोपाल और इंदौर मेडिकल कॉलेज एम्स की तर्ज पर उन्नत किए जा रहे हैं। प्रदेश में 13 नए नर्सिंग कॉलेज निर्माणाधीन है, शेष 27 जिलों में भी इनकी स्थापना प्रस्तावित है।

**मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य**

मातृ शिशु संजीवन मिशन और अनमोल 2.0 प्रारंभ किये गए हैं। प्रदेश में MMR 173 से घटकर 80, NMR को 31 से 10 और IMR को 43 से 20 तक लाने का लक्ष्य तय किया गया हैं। अनमोल 2.0 के माध्यम से शत-प्रतिशत ट्रैकिंग, गर्भवती महिलाओं को जाँच और पोषण आहार के लिए प्रेरित करना, मुख्यमंत्री श्रमिक सेवा प्रसूति सहायता योजना और जननी सुरक्षा योजना के भुगतान को सुगम बनाया जाएगा। प्रदेश में SNCU, HDU, IC और स्तनपान सहायता इकाइयों की स्थापना की गई है। हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष पैकेज निजी अस्पतालों तक विस्तारित हुए हैं। मध्यप्रदेश में 30 से 65 वर्ष की 39.5 लाख महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग की गई, 12,251 को उपचार उपलब्ध कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### लायन अणिमा उबेजा लायन्स झोन चेयरपर्सन मनोनीत



**खंडवा, निप्र।** लायन्स क्लब खण्डवा की वर्तमान सत्र की अध्यक्ष लायन अणिमा उबेजा को लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1 रीजन 11 झोन 3 का झोन चेयरपर्सन मनोनीत किया गया नारायण बाहेती ने बताया कि यह महत्वपूर्ण दायित्व 2025- 26 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल व टीम द्वारा लायन्स वर्ष 2025-26 के लिये दिया गया।यह महत्वपूर्ण दायित्व लायन अणिमा उबेजा द्वारा अध्यक्षीय कार्यकाल में किये जा रहे प्रशासनिक व सेवा कार्यो के सफल सम्पादन के साथ ही अपने नेतृत्वगुणो के आधार पर दिया गया।अणिमा उबेजा खण्डवा शहर की प्रथम महिला महापौर रही इनकी तीन पीढ़ियों का लायनवाद में महत्वपूर्ण योगदान रहा ससुर प्रीतमसिंह उबेजा लायन सदस्य रहे।वर्तमान में स्वयं एमजेएफ है।पति लायन गुरमीतसिंह उबेजा पूर्व अध्यक्ष,एमजेएफ के साथ डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन है।पुत्र दीप उबेजा व बहु शीतल उबेजा भी सक्रिय लायन सदस्य है।अणिमा उबेजा को राष्ट्रीय महिला आयोग से भी सम्मान प्राप्त हो चुका है। उबेजा जी का झोन चेयरपर्सन के रूप में कार्यकाल 1 जुलाई 2025 से प्रारम्भ होगा। आप लायन्स क्लब खण्डवा, लायन्स क्लब खण्डवा आनंद,लायन्स क्लब मूँदी, लायन्स क्लब भीकनगांव, लियो क्लब खण्डवा का प्रतिनिधित्व करते हुए मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।आपके इस मनोनयन पर सचिव घनश्याम वाधवा,कोषाध्यक्ष वसीम कुरैशी,उपाध्यक्ष अशोक नवानी,आशा उपाध्याय,मधुबाला शेलार,वर्तमान झोन व आगामी सत्र के रीजन चेयरमेन राजीव मालवीय डिस्ट्रिक्ट चेयरमेन नारायण बाहेती, गुरमीतसिंह उबेजा, राजीव शर्मा,गांधी प्रसाद गदले, समाजसेवी सुनील जैन,अखिलेश गुप्ता,बी पी तिरोले, अरुण भट्ट सहित लायन व लियो सदस्यों ने बधाई दी।

### खंडवा के पहलवानो ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में 6गोल्ड 8 सिल्वर 4 ब्रांच मेडल प्राप्त कर चैंपियनशिप हासिल की



**खंडवा, निप्र।** अंडर 15 एवं अंडर 17 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता ग्राम कनाड जिला इंदौर में 16 मई से 19 मई तक आयोजित की गई जिसमें खंडवा जिले के पहलवानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6 गोल्ड मेडल 8 सिल्वर मेडल और 4 ब्रांस मेडल प्राप्त कर चेम्पीयनशिप हासिल कि।समाजसेवी व प्रवक्ता सुनीलजैन ने बताया कि अंडर 15 में 38 द्यद्य अमित पटेल 41 द्यद्य भावेश तवर 66 द्यद्य जयश्री वर्मा अंडर 17 में 45 द्यद्य समर्थ पटेल 45 द्यद्य ग्रिको रोमन यश पटेल 92 द्यद्य पार्थ यादव प्रथम रहे यह आगामी 25 से 27 तक नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे इस उपलब्धि पर उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश कुश्ती संघ मंगल यादव,सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर अमृता अमर यादव,विधायक कंचन तनवे, कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, गुरु हीरालाल यादव, सचिव जिला कुश्ती संघ राजेंद्र पांजरे, समाजसेवी रितेश गोयल ,प्रवक्ता सुनील जैन, ऋषि सोनकर,जगदीश पटेल, अर्पित बिश्नोई, आसिफ खान, भोला यादव रूपा यादव,विजय यादव, मुन्ना यादव बाला यादव, पन्ना यादव, धर्मेंद्र पांजरे दिनेश पटेल आदि ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

# देश के लोकप्रिय राष्ट्रीय संतो के दिव्य प्रवचन 21 और 22 मई को खंडवा में

## सकल जैन संघ कर रहा है व्यापक तैयारीया, सभी ने संतों की प्रवचन वाला में उपस्थित होने का किया अनुरोध

विनय उजाला

**खंडवा, निप्र।** साधु संत चलते-फिरते तीर्थ के समान होते हैं, पूरे देश में पद विहार करते हुए धर्म की प्रभावना करते हैं, जैन संत अपना परिवार राजपाठ संसार छोड़कर संत बनकर संत बनकर तप और तपस्या के माध्यम से स्वयं अपना कल्याण करते हुए आम जन का कल्याण भी करते हैं, समाजसेवी सुनील कंद्र बताया कि दादाजी की नगरी खंडवा में हर्ष का विषय है कि देश के महान राष्ट्रीय जैन जैन संत श्री ललितप्रभ जी एवं डॉक्टर मुनी शांति प्रियजी का प्रवास खंडवा में होने जा रहा है, दोनों संत समाज और धर्म की के प्रति सोए लोगों को जगाने एवं जीवन जीने की कला सीखाने खंडवा पधुंचे हैं, सकल जैन संघ के तत्वाधान में संतों की पावन वाणी से दिव्य प्रवचनों की दो दिवसीय प्रवचन माला 21 और 22 मई को पुरानी अनाज मंडी प्रांगण में प्रातः 9:00 बजे से 11:00 बजे आयोजित होगी। सकल जैन संघ के पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय संतों के आगमन एवं प्रवचन माला को



लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है।अनाज मंडी प्रांगण में भव्य पांडाल में संतो के प्रवचन होंगे जिसको लेकर समाज के पदाधिकारी सोमवार को प्रवचन स्थल का निरीक्षण करने विजय जैन, रोहित मेहता, नवनीत बोथरा, नवीस बोथरा, वाडीलाल पटेल, सुनील जैन, दिलीप पहाड़िया, कांतिलाल जैन नारोलिया, पियूष चौरड़िया, वीरेंद्र जैन भट्यांण, ओम अग्रवाल, सोनू गंगराड़े राजेश भाई अनाज मंडी पहुंचे और प्रवचन स्थल का अवलोकन किया। समाज के नवनीत जैन, चंद्रकांत सांड ने बताया कि 21 मई बुधवार को संतों का नगर प्रवेश प्रातः 8:15 पर विजय जैन के पडावा निवास स्थान से वर घोड़े के रूप में शोभा यात्रा के साथ अनाज मंडी प्रवचन स्थल पहुंचेगा, जहां संतों का स्वागत अभिनंदन के साथ उनके प्रवचनों का लाभ हम सभी को प्राप्त होगा। सकल जैन संघ के विजय जैन, रोहित मेहता,नवनीत जैन बोथरा, अभय जैन, मेघराज वाडीलाल,पटेल ने पूरे जिले भर के सर्व समाज के बंधुओ से आयोजित प्रवचन वाला मे उपस्थित होकर प्रवचन का लाभ लेते हुए पुण्य प्राप्त करने का अनुरोध किया है।



# छः दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम BTIRT कॉलेज नरसिंहपुर

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर आधारित आनंद सभा कार्यशाला का छः दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम BTIRT कॉलेज नरसिंहपुर रोड सिरोंजा में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यशाला के प्रथम बैच ( 16 मई से 21 मई 2025) में सागर संभाग के तीन जिलों छतरपुर, दमोह, निवाड़ी के शिक्षकों की भागीदारी हो रही है।

16/05/25 को कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में सागर संभाग के संयुक्त संचालक श्री मनीष वर्मा जी ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए आज के परिवेश में मानवीय मूल्यों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यालय परिवेश में आपसी प्रेम स्नेह और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में शिक्षकों के लिए इस कार्यशाला को लाभप्रद बताया और विद्यार्थियों में परीक्षा परिणाम को लेकर तनाव से बचाव के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्य प्रबोधक के रूप में,डृष्टज्ञश्व की ओर से श्री मोहित श्रीवास्तव, रायबरेली से, इस कार्यशाला को संचालित कर रहे हैं। सहयोगी टीम में राज्य आनंद संस्थान भोपाल से श्रद्धा गुप्ता, रितु दास, जसमीर रंधावा (नागपुर से), हर्ष वाजपेई (दमोह), राकेश खरे (पन्ना), सुनील शर्मा,आनंदक रामकेश टेकाम, जीवन रजक, और रवि शंकर रजक सागर से वॉलिंटियर के रूप सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं। शिक्षा विभाग से कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री मदन कुमार चढ़ार, सह नोडल के रूप में मनोज कुमार जैन जी और BTIRT संस्था प्रमुख श्री सत्येंद्र जैन और उनकी सहयोगी टीम कार्यशाला की सुचारू व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान कर रही है।

सागर संभाग के द्वितीय बैच ( 2 मई से 27 मई 2025 तक ) में सागर, पन्ना और टीकमगढ़ के शिक्षक शामिल होंगे।

राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग मध्य प्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग और,डृष्टज्ञश्व के संयुक्त प्रयास से इस कार्यशाला का संचालन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों का विकास, सही समझ विकसित करना, मानव में, परिवार में, समाज में और प्रकृति के साथ व्यवस्था में जीने की समझ विकसित करना है। ताकि छात्र एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मूल्य शिक्षा को लागू करने हेतु ये सराहनीय पहल की है ताकि शिक्षा संस्कार के माध्यम से बच्चों में मानवीय मूल्यों का विकास किया जा सके।

ज्ञातव्य है कि मध्यप्रदेश के सभी संभागों जबलपुर,रीवा, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, सागर और भोपाल में 10 मई से लेकर 8 जून तक निर्बाध गति से छः दिवसीय कार्यशालाएं समानांतर रूप से संचालित की जा रहीं हैं। और इसके सुचारू संचालन हेतु लगभग 200 लोगों की टीम वॉलिंटियर के रूप में अलग अलग संभागों में सहयोग कर रहे है। प्रशंसनीय है कि इस नेक कार्य हेतु वॉलिंटियर किसी भी प्रकार का मानदेय नहीं लेते।

### सिल्वर स्प्रिंग चुनावों में गडबडियों की जांच करेंगे कलेक्टर

**इंदौर, ( विनय उजाला )।** बायपास रोड इंदौर की सबसे बड़ी बसाहट वाली टाउनशिप सिल्वर स्प्रिंग्स में रहवासी संस्था के चुनाव के मामले में गडबडियों को लेकर माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के समक्ष याचिका प्रस्तुत की गई थी। याचिका को निराकृत करते हुए माननीय न्यायालय ने कलेक्टर इंदौर को मामले की जांच करने संबंध में फैसला दिया है। सिल्वर स्प्रिंग्स संघर्ष समिति के अध्यक्ष आलोक जैन द्वारा दर्ज रिट याचिका में आज दिनांक 19 मई को महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए उच्च न्यायालय ने जिलाधीश इंदौर को 3 महीनों की समयसीमा में जांच पूर्ण करने के आदेश जारी किया है। एकीकृत टाउनशिप सिल्वर स्प्रिंग्स की मूल सहकारी संस्था से अलग एक कंपनी बनाकर जालसाजी पूर्वक यहां सारी व्यवस्थाओं पर अवैध कब्जा बनाए रखा गया है । छद्म चुनावों में छल-बलपूर्वक अपने ही कठपुतली प्रत्याशियों का निदेशक मंडल बनाकर यहां सारी व्यवस्थाओं पर आपराधिक तत्वों का ही नियंत्रण बना हुआ है। न्यायाधिपति श्री सुबोध अभ्यंकर की कोर्ट द्वारा रिट याचिका में यह अहम आदेश जारी किया है।

**हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई में किया फैसला**

### संत रविदास भवन में छात्रावास के लिए विधायक भगवानदास सबनानी ने किया भूमि पूजन



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी ने सोमवार को संत रविदास भवन नया बसेरा कोटरा के प्रांगण में छात्रावास के लिए बनने वाले कमरों और मुख्य द्वार का भूमि पूजन किया। विधायक सबनानी ने संत रविदास जी के मंदिर में उनके दर्शन कर सभी के लिए सुख शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर सबनानी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी ने समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिए समरसता का जो महान संदेश हमें दिया है वही हमारी अखंडता का प्रतीक है। संत जी के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए ही हम समाज में प्रेम और एकता को बनाए रख सकते हैं। समाज द्वारा गरीब बच्चों के पढ़ाई के लिए उन्हें कमरे और अन्य सुविधा उपलब्ध कराना बहुत ही पुण्य का कार्य है और इसके लिए मेरी आगे भी किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी तो मैं उसे पूरा करूंगा। नवयुवक अहिरवार समाज संघ के अध्यक्ष शोभाराम गन्नौरे ने बताया कि माननीय विधायक जी से हमने समाज के गरीब छात्रों के लिए जो भोपाल में आकर पढ़ाई करना चाहते हैं उनके लिए छात्रावास हेतु कमरों के निर्माण के लिए प्रार्थना की थी जिसके लिए माननीय विधायक जी ने राशि उपलब्ध कराई जिनसे कमरों और स्वागत द्वार के निर्माण लिए आज भूमि पूजन हो रहा। हम सब इसके लिए विधायक जी के बहुत आभारी हैं। इस अवसर पर नवयुवक अहिरवार समाज संघ भोपाल के महासचिव नारायण राठौर संयोजक महेश नंदमेहर गणेश नंदमेहर रामस्वरूप निमोरे सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।


# पर्यावरण संरक्षण करें, भविष्य के लिए पृथ्वी को बचाएं

विनय उजाला

मानव तरक्की और उन्नति की दौड़ में अंधाधुंध प्रकृति का दोहन करता रहा और भूल गया की प्रकृति में संतुलन बनाए रखना अति आवश्यक है,पिछले कुछ वर्षों से हम चारों तरफ विभिन्न प्रकार की विनाश लीलाएं अर्थात प्राकृतिक आपदाएं देख रहे हैं,ध्रुवो पर बर्फ पिघल रही है,नदियों और समुद्रों का जलस्तर बढ़ रहा है,समुद्री इलाके के समीपवर्ती शहरों नगरों में तूफानों के संकट अक्सर देखने और सुनने को मिलते हैं,जंगलों में अनायास ही आग लग जाती है और उसे बुझाने में बरसों लग जाते हैं,कहीं सूखा पडना और परिणाम स्वरुप अकाल की भयावह स्थिति से गांव दो चार हो रहे हैं,बेमौसम की बरसात का होना,अत्यधिक वर्षा होने से बाढ़ का आना,जनमानस के लिए भयंकर स्थितियां उत्पन्न करता है,नदियों और समुद्रों का पानी अत्यधिक प्रदूषित हो गया है,जिसके कारण जलीय और समुद्री जीव जंतुओं के जीवन को खतरा उत्पन्न हो गया है,धरती पर प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या बना हुआ है, बड़े-बड़े महानगरों और शहरों के आसपास कूड़े करकट का ढेर लगा हुआ है,प्लास्टिक का उपयोग और उच्च स्तर की जीवनशैली बनाने के प्रयास में प्रयोग किए गए विभिन्न प्रकार के पैकेजिंग के व्यर्थ पदार्थों के कारण भूमि का प्रदूषण बहुत अधिक बढ़ गया है,भूमि में प्लास्टिक कचरा दब जाने से उसे उगलने वाली धरती प्रदूषित हो गई है,

यदि हम चाहे तो अपने छोटे-छोटे प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण के कार्य में अपना सहयोग और योगदान दे सकते है, पर्यावरण की रक्षा करना हमारा नैतिक कर्तव्य और हमारी जिम्मेदारी भी बनती है,यदि हम पर्यावरण की रक्षा करते हैं तो हम अपनी आने वाली संस्कृति के लिए अच्छा निवेश करेंगे,यह भी सत्य है कि पर्यावरण हमारी रक्षा तभी करेगा जब हम इसकी रक्षा करेंगे,प्रकृति ने हमारी पृथ्वी पर सौंदर्य का खजाना दोनों हाथों से लुटाया है,चहु और प्राकृतिक सौंदर्य बिखरा हुआ है,ऊंची-ऊंची पर्वत श्रृंखलाएं,चारों तरफ बर्फ से ढके पहाड़,नदिया, झरने,वादियो में बिखरी-बिखरी बसंती,अद्भुत सौंदर्य बिखरते हुए पुष्प,फल और वनस्पतियां,रंग-बिरंगे पक्षियों का सौंदर्य उनका कलरव गान,वन्य प्राणी और न जाने क्या-क्या?पृथ्वी तो अद्भुत और अनंत सौंदर्य का भंडार है,मानव ने ही तकनीकी विकास और विकास के नाम पर संसाधनों का बहुत बुरी तरह से उपयोग करके पृथ्वी पर मौजूद पारिस्थितिक संतुलन को नष्ट किया है,और सौंदर्य को भी उजाड़ा,आज न केवल मनुष्य बल्कि अन्य प्राणी भी अपने अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्षरत है,कई जीव जंतुओं की प्रजातियां लुप्तप्राय हो चुकी है,मनुष्य विभिन्न बीमारियों का शिकार हो रहा है,उन्नति प्रगति तो मनुष्यो ने बहुत करली परंतु क्या कभी उसके साथ-साथ अपने पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने और अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रयास किए हैं?पृथ्वी पर जीवन का आधार ऑक्सीजन है और ऑक्सीजन की फैक्ट्री के रूप में वृक्ष और जंगल है,पर्यावरण में प्रदूषण हो या मौसम में परिवर्तन हो,या अन्य पर्यावरण से संबंधित समस्याएं,सभी के मूल में वृक्षों की अत्यधिक कटाई ही है।

हम सभी को अपने-अपने स्तर पर पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षों का अधिक से अधिक रोपण करना एवं वृक्षों की कटाई को रोकना आवश्यक है,जितनी भूमि पर वृक्षों की कटाई की गई है या खेतों का अधिग्रहण किया गया उससे दोगुनी भूमि पर वृक्षों का रोपण जरूरी है,न केवल रोपण बल्कि उनका संरक्षण करना भी आवश्यक है,इस प्रकार के वृक्ष और लताएं लगाए जाने चाहिए जो अतिशीघ्रता से वृद्धि करते हैं,सड़कों के किनारे ग्रीन बेल्ट को विकसित करना और उनके रखरखाव कार्य होना जरूरी है,जिससे शहरों में प्रदूषण कम हो सके,नगर निगम एवं पंचायतों द्वारा ग्रामीण एवं जिला स्तर पर विशेष रूप से वृक्ष सेवक नियुक्त किए जाएं,जिनका काम वृक्षों को अधिक से अधिक संख्या में जनता द्वारा रोपित करवाना और देखभाल करवाना हो,जो जनसामान्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाएं कि पौधों को उगाना,और उनकी रक्षा करना कितना आवश्यक है,जल को संरक्षित करना आवश्यक है,भूमिगत जल के स्तर में निरंतर कमी आ रही है,ऐसी स्थिति में जल को संरक्षित करना हमारा दायित्व है,यदि हम जल को व्यर्थ बहाते हैं तो यह आने वाले समय में हमारे लिए भयावह साबित होगा,पोखर और तालाब में जल का संचयन हो जिससे की व्यर्थ पानी भूमि के भीतर जाए और जल स्तर में संतुलन बना रहे,यह कार्य जन जागरण से संभव है,पर्यावरण में प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण को होने से रोकना,प्रदूषण चाहे प्लास्टिक का हो या अन्य प्रकार के नष्ट होने वाले पदार्थ का यह हमारी पृथ्वी के लिए हानिकारक है,जितना हम अपने देश समाज और आसपास के वातावरण को साफ स्वच्छ रखेंगे,हमारा पर्यावरण उतना ही सुरक्षित रहेगा,हरा-भरा पर्यावरण वास्तव में इस धरती पर स्वर्ग है,निष्कर्ष के तौर पर हम कह सकते हैं कि पर्यावरण वास्तव में पांच मूलभूत तत्वों से मिलकर बना है,जिससे यह सृष्टि बनी है,वायु ,जल,पृथ्वी,अग्नि और आकाश इन सभी तत्वों का जिस प्रकार हमारे शरीर से संबंध है,वैसे ही प्रकृति से भी संबंध है, इन सभी तत्वों की उचित मात्रा रहने पर हम स्वस्थ और संतुलित रहते हैं,परंतु इनमें से किसी भी एक तत्व का कम या ज्यादा होना पर्यावरण को दूषित करने लगता है,हम सभी भली प्रकार जानते हैं कि प्रदूषण मुख्य रूप से आज हमारी पृथ्वी और हमारे जीवन को प्रभावित कर रहा है,हम सबको इस बात को भली प्रकार समझ लेना चाहिए कि हमें भविष्य में पर्यावरण को संतुलित रखना है,और प्रदूषित होने से बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है,स्वयं खुश रहे,स्वस्थ रहें,देश दुनिया को समृद्ध बनाएं।



माया बैरागी
शिक्षिका,लेखिका
सैलाना,रतलाम,मध्यप्रदेश

### बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि, लापरवाही करने पर की जाएगी सख्त से सख्त कार्यवाही : कलेक्टर सिंह



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में भोपाल जिले के अंतर्गत संचालित स्कूल संचालकों की ट्रांसपोर्ट व्यवस्था एवं बच्चों की बसों के संबंध में यातायात पुलिस के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी स्कूल संचालकों को सख्त हिदायत दी हैं कि बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई भी लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बच्चें देश का भविष्य है। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा बच्चों की सुरक्षा के साथ अवांछनीय व्यवहार करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। विगत दिवस हुई घटना में भी पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने सभी स्कूल संचालकों को निर्देशित किया कि नए सत्र प्रारंभ होने के पूर्व सभी स्कूल संचालक स्कूलों में ट्रांसपोर्ट अधिकारी नियुक्त कर सभी बच्चों के ट्रांसपोर्ट, वाहनों का फिटनेस, ड्रायवर का स्क्रीनिंग एवं ओरिएंटेशन प्रोग्राम कराकर संयुक्त सार्टिफिकेट देंगे। इसके साथ ही सभी बसों में सुरक्षा की दृष्टिगत माननीय सर्वोच्च न्यायालय के बच्चों के स्कूल ट्रांसपोटेशन के संबंध में दिए गए निर्देश एवं सीबीएससी नॉर्म्स का पालन करेंगे। इसके साथ ही समय-समय पर पुलिस एवं प्रशासन स्कूल वाहनों के चालक - परिचालकों की स्क्रीनिंग प्रोग्राम के माध्यम से गाइड लाइन के संबंध में जानकारी देंगे।

बैठक में डीसीपी ट्रैफिक श्री संजीव सिंह द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से स्कूल वाहनों की फिटनेस, बीमा एवं सुरक्षा नोम्स की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्कूल संचालक, नशा करने वाले चालक- परिचालकों नौकरी पर न रखे, सभी स्कूल बसों में सीसीटीवी कैमरे, स्पीड गर्वनर के साथ जीपीएस सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, इमर्जेंसी विंडो, फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था के साथ हॉरिजोन्टल ग्रिल (आडी पट्टियां) अनिवार्य रूप से लगवाएं।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल से हडको सीएमडी कुलश्रेष्ठ ने की सौजन्य भेंट



**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल से मंत्रालय, भोपाल में हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुलश्रेष्ठ ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, वर्तमान में संचालित अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों की अधोसंरचना के उन्नयन, तथा आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।


## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# मूंगफली तेल तेज

**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि )।** चना कांटा 5900 - 6000 विशाल चना 5800 - 5850 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो )** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुंबई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम आइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### डही ब्लाक के आर्यन आर्य ने जीता गोल्ड मेडल

**डही, निप्र।** विकासखंड डही के ग्राम सिलकुआं की शिक्षिका श्रीमती विमला आर्य एवं समाज के कुक्षी तहसील अध्यक्ष श्री संजय



आर्य के पुत्र एवं शिक्षक श्री नारायण गर्ग के भांजे आर्यन आर्य ने एम एम इंडिया द्वारा आयोजित सातवीं खुली मिश्रित मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में भाग लेकर दोनों राउंड में 10-10 अंक प्राप्त कर गोल्ड मैडल जीता। बता दें कि श्री आर्यन आर्य इंदौर में महाराजा यशवंतराव मेडिकल कॉलेज इंदौर से एमबीबीएस भी कर रहे हैं। डही और कुक्षी ब्लाक में किसी भी छात्र द्वारा इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेकर गोल्ड मेडल जीतने का ये पहला मौका है। डही और कुक्षी ब्लाक को गौरवान्वित करने पर आर्यन आर्य को समाजजनों सहित मित्रों और परिचितों ने हर्ष कर बधाई दी।

### युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**अलीराजपुर, निप्र।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य द्वारा जानकारी दी गई की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अलीराजपुर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा रोजगार हेतु कुल 06 अभ्यर्थियों का चयन किया गया तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना से सम्बंधित जानकारी दी गई।

### 30 मई तक राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार-2025 के लिए ऑन लाईन आवेदन आमंत्रित

**खरगोन, निप्र।** राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार-2025 के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी है। राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार-2025 के लिए विमर्श पोर्टल पर 15 मई के स्थान पर अब शिक्षको 30 मई 2025 तक सीधे ऑन-लाइन आवेदन एवं नामांकन आमंत्रित किये गये हैं। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से प्राप्त नवीन निर्देशों के अनुसार विमर्श पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं नामांकन की तिथि में वृद्धि की गई है। जिला शिक्षक अधिकारी शैलेन्द्र कानुड़े ने बताया कि जिन शिक्षकों द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन व नामांकन किया जाएगा, उस शिक्षक द्वारा किये गये ऑनलाइन आवेदन/नामांकन की प्रिंट आवेदन पर हस्ताक्षर करके पुनः अपलोड करना आवश्यक है। शिक्षक द्वारा हस्ताक्षर युक्त किये गए ऑनलाइन आवेदन की प्रिंट एवं सह दस्तावेज सहित तीन प्रति में (3 सेट में) कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बावड़ी बस स्टेण्ड डाईट परिसर खरगोन में 02 जून 2025 तक प्रस्तुत करना अनिवार्य है। विलंब की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन की प्रिंट एवं सह दस्तावेज कार्यालय में मान्य नहीं किये जायेंगे।

# समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टर सभाकक्ष में किया गया। इस बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर सिंह, अनुविभागीय अधिकारी श्री अर्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियांशी भंवर, अनुविभागीय अधिकारी श्री तपीस पांडे, श्री एस आर यादव, श्री सीजी गोस्वामी, डिप्टी कलेक्टर श्री जीपी



अग्रवाल,डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि मिश्रा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

इस बैठक में कलेक्टर डॉ बेडेकर ने विगत माह की 120 लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कहा कि 50 दिवस से अधिक प्राप्त शिकायतों का निराकरण करें।

इस दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर ने राजस्व विभाग 17, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग 8, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति शाखा की 2, महिला एवं बाल विकास विभाग इत्यादी विभागों से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के प्रत्येक हैंडपंप सुचारू अवस्था में हो यह सुनिश्चित करें। ग्रामीणों एवं पशुधन को पेयजल से संबंधित कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान जोबट व अलीराजपुर सीईओ को समग्र से संबंधित शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति से संबंधित शिकायतों को जांच कर तुरंत निराकरण करने के निर्देश विभाग प्रमुख को दिए।

इस दौरान समस्त अधिकारियों को सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता पूर्वक एवं संतोष पूर्ण तरीके से निराकरण करने के निर्देश दिए।

# डॉ. अशोक शास्त्री संभागीय अध्यक्ष मनोनित गठित करेंगे नवीन कार्यकारिणी

## नियुक्ति पर सर्व ब्राह्मण समाज सहित अनेक संगठनों ने किया स्वागत, दी बधाई

विनय उजाला





**धार, निप्र।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के राष्ट्रीय सचिव अजय चौधरी, प्रदेश सचिव सुनील दौराया ने परशुराम चौराहे ( मोहन टॉकज) पर संस्था जय हो, अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में अखिल भारतीय उपभोक्ता संगठन नव नियुक्त संभागीय अध्यक्ष डॉ. अशोक शास्त्री को नियुक्ति पत्र सौंपा।

इस दौरान सर्व ब्राह्मण समाज, राजस्थानीय आद्यगौड़ ब्राह्मण समाज, प्रेस क्लब के साथियों ने स्वागत किया।

इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता समंदर सिंह पटेल, उपभोक्ता उत्थान संगठन के जिलाध्यक्ष, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज के धर्मेंद्र जोशी, सचिव प्रवीण शर्मा, उपाध्यक्ष गोटू शुक्ला, डॉ श्रीकांत द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विश्वास पांडे, युवा अध्यक्ष प्रशांत रावल, युवा कार्याध्यक्ष जितेंद्र पंड्या, महामंत्री विजय दवे, ऋषि भार्गव, लालू यादव, वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, संजय शर्मा, डॉ तरूण जोशी, प्रफुल जैन, पवन अग्रवात, अवध द्विवेदी, पुनीत तिवारी, नवीन गर्ग, धर्मेंद्र शर्मा, राजेश शर्मा आदि मौजूद थे। इस दौरान संभागीय अध्यक्ष डॉ. शास्त्री ने स्वागत हेतु आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की टीम पहले से ही धार जिले में बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। जिसके कारण यहां ग्रामीण क्षेत्रों में भी काफी जागरूकता आई हैं। जिसके चलते व्यापारी भी ग्राहकों से धोखाधड़ी करने से डरने लगे है। अभी इस पर और अधिक कार्य करने की जरूरत हैं।

हमारा उद्देश्य शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में और प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पूरे इंदौर संभाग में संस्था को और मजबूत करना, जहां संगठन कमजोर है वहां मजबूत संगठन खड़ा करने के साथ वहां की जनता को उपभोक्ता संबंधित समस्याओं के प्रति जागरुक करना होगा। उक्त जानकारी उपभोक्ता उत्थान संगठन के राजेश शर्मा ने दी।

### हेल्थ केयर की छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण




विनय उजाला

**बाकानेर, निप्र।** पी. एम. श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाकानेर में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग चल रही हैं जिसमें हेल्थ केयर की छात्राओं की ट्रेनिंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाकानेर में करवाई जा रही है संस्था प्राचार्य श्रीमती किरण वास्केल ने बताया कि यह ट्रेनिंग विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करने के उद्देश्य से शुरु की गई है। अस्पताल के कार्य जैसे रक्त चाप, ड्रेसिंग, इंजेक्शन वार्ड, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, हैंड वॉशिंग का महत्त्व, ओपीडी, आईपीडी, लेब, xray विभाग, मैटरनिटी वॉर्ड, NRC विभाग,मरीज देखभाल आदि की ट्रेनिंग दी जा रही हैं जिससे भविष्य में नौकरी के दौरान लाभ मिलेगा। डॉ कुलदीप कुमार नाग, डॉ वीरेन्द्र सिंह धार्वे एवं समस्त अस्पताल स्टाफ का पूर्ण सहयोग मिला। FACE PVT. LTD. Rewa एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक सुश्री निशा अलंसे ने लाभान्वित विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## तेज आधी तुफान से पेड़ गिरा सड़क पर, आवागमन हुआ बाधित मशक्कत करते रहे लोग

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** उमस भरी गर्मी के साथ रविवार शाम को अचानक मोसम का बदला मिजाज ओर तेज आंधी तूफान के साथ कुछ गांवों में बारिश भी हुई चारो ओर कहीं हल्की बुंदाबांदी तो कहीं तेज मगर बाग नगर में तो आधी तूफान के साथ आसमान पर बिजलीया देर रात तक चमकती रही मगर पानी की एक बुंद नहीं आई लेकीन बाग आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में तेज बारिश भी होती रही इसमें बाग टाण्डा रोड़ के बीच में ग्राम बड़कच मैं आधी तूफान के साथ बहुत तेज बारिश हुई ।ओर ये बारिश तकरीबन 30 मीनट तक होती रही बारिश के साथ ओले भी बरसे ।



इस आंधी तूफान से वर्षों पुराना एक बड़ा पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गया जिसके कारण बाग एवं टाण्डा रोड़ से आने वाले या जाने वाले छोटे बड़े वाहनो का रास्ता रुक गया ओर आवागमन पुरी तरह बाधित हो गया । वाहनों की दोनो छोर पर लम्बी कतार लग गई और लोग रास्ता किलीयर करने के लिए मशक्कत करते रहे उधर रात्रि बस में सवार यात्रि भी परेशान होते रहे । आधी तुफान ओर बारिश इतनी तेज थी की वाहन चालक बता रहे थे की सड़क ही नहीं दिख पा रही थी एक घंटा उपर लगा रास्ता किलीयर करने मैं ।

## उप लोक सेवा केन्द्र करही को 15 हजार के जुर्माने से किया दण्डित

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** मप्र लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र का मुख्य कार्य सरकारी सेवाओं को जनता तक पहुंचाना होता है। अप्रैल में कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देश पर अतिरिक्त तहसीलदार टप्पा करही द्वारा उप लोक सेवा केन्द्र करही का औचक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान उप लोक सेवा केन्द्र करही का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था, लेकिन उप लोक सेवा केन्द्र करही द्वारा प्रस्तुत जवाब असंतोषजनक पाये जाने पर कलेक्टर भव्या मित्तल ने आरपीएफ के तहत गौतम मेडिकल स्टोर्स लोक सेवा संचालक महेश्वर को 15 हजार रुपये की अर्थदण्ड से दण्डित किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि लोक सेवा केन्द्र का संचालन आरएफपी के तहत संचालित किया जाए। आरएफपी के तहत संचालन न पाये जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

## जलवट में ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन बच्चों की कलाकृतियों ने मोहा मन

विनय उजाला

**डही, निप्र।** विकासखंड डही के ग्राम जलवट में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित 'सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम' के अंतर्गत आयोजित दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों में संवाद, निर्णय क्षमता, सहानुभूति तथा रचनात्मकता जैसे महत्वपूर्ण कौशलों का विकास करना था। शिविर का संचालन सामुदायिक युवा नेतृत्वकर्ता सुश्री शीला चौहान द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चों को विभिन्न प्रकार के हुनर कौशल का प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसमें हस्तशिल्प, चित्रकला, खेल , कला , कथा जैसी रचनात्मक गतिविधियाँ शामिल थीं। इस प्रशिक्षण का परिणाम शिविर के अंतिम दिन आयोजित प्रदर्शनी में देखने को मिला, जहां बच्चों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की



प्रदर्शनी प्राथमिक विद्यालय भवन में सजाई गई। रंग-बिरंगी कलाकृतियाँ, आकर्षक हस्तनिर्मित सजावटी सामान, और चित्रों की अद्वितीय श्रृंखला तथा मिट्टी के बने बर्तनों ने ग्रामवासियों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर सक्षम कार्यक्रम की विकासखंड प्रबंधक, श्रीमती संध्या राजपुरोहित ने भी शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में छिपे हुनर को संवारना बेहद आवश्यक है। यह एक ऐसा मंच है जहां बच्चे अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़कर अपने जीवन के नए रास्तों का निर्माण कर सकते हैं। हम आगे भी ऐसे शिविरों का आयोजन करेंगे ताकि बच्चों को नई राहें मिल

प्रदर्शनी को देखने पहुंचे ग्रामीणों ने न केवल बच्चों की प्रतिभा की सराहना की, बल्कि सुश्री शीला चौहान के प्रयासों की भी भूरी-भूरी प्रशंसा की। अभिभावकों ने बच्चों के आत्मविश्वास में आए बदलाव को देखकर खुशी जताई। प्रदर्शनी के दौरान कई अभिभावकों ने अपने अनुभव साझा किए। उनका कहना है कि हमारे गाँव में ऐसा आयोजन पहली बार हुआ है । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि उनके भविष्य निर्माण में भी सहायक सिद्ध होते हैं।

# कलेक्टर भव्या मित्तल के तीखे तेवर

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह, अपर कलेक्टर रेखा राठौर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, एसडीएम बीएस कलेश, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार आगास्या और सभी विभागों के अधिकारी की मौजूदगी में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर भव्या मित्तल द्वारा दिए गए निर्देशों में - मुख्यमंत्री हेल्प लाईन पर दर्ज शिकायतों के निराकरण में जिला अधिकारी 'ए' ग्रेड से नीचे नहीं आए । यदि कोई भी जिला अधिकारी 'ए' ग्रेड से नीचे आता है तो उनका 01 दिन का वेतन काटा जाएगा। एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रतिमाह जारी होने वाली सीएम हेल्प लाईन दर्ज शिकायतों का निराकरण संतुष्टिपूर्ण के साथ करें। किसी भी जिला अधिकारी की सीएम हेल्प लाईन में 85 प्रतिशत से कम की ग्रेडिंग नहीं होना चाहिए। भगवानपुरा, झिरन्या और सेगांव जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कि नवीन बैंक खोलने के लिए भवन का चिन्हांकन कर जानकारी तत्काल भेजे, जिससे क्षेत्र में नवीन बैंक की स्थापना कर क्षेत्रवासियों को बैंक संबंधी सुविधा दी जा सके।

## लोक सेवा केन्द्र के संचालन में अनियमितता पाये जाने पर सेगांव व गोगावां संचालक को नोटिस

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** मप्र लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र का मुख्य कार्य सरकारी सेवाओं को जनता तक पहुंचाना होता है। कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देश पर लोक सेवा केन्द्र सेगांव और गोगांवा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर अनियमितता पाये जाने पर कलेक्टर भव्या मित्तल ने लोक सेवा केन्द्र संचालक सेगांव की श्रीमती राशि जायसवाल एवं गोगांवा के संचालक एमएस फार्मा एजेंसी को कारण बताओ सूचना जारी कर 03 दिनों में जवाब प्रस्तुत करने कहा है। समयावधि में समक्ष में जवाब नहीं प्रस्तुत करने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सेगांव लोक सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 03 ऑपरेटर में से 01 ऑपरेटर अनुपस्थित पाया गया। वहीं आधार सेंटर बंद पाया गया, बैटरी बैकअप नहीं पाया गया साथ ही केन्द्र से एकजाई रिपोर्ट मांगने पर प्रस्तुत नहीं की गई थी। इसी प्रकार गोगांवा लोक सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 05 में से 02 ऑपरेटर अनुपस्थित पाये गये। वहीं लोक सेवा ग्रेड-ए अनुसार 05 में से केवल 03 सिस्टम पाये गये।

## योजना एवं सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिये चलाई जा रही संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना एवं सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना के तहत पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किये हैं। संत रविदास स्व-रोजगार योजना एवं डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत स्वयं का रोजगार स्थापित करने के इच्छुक अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों को अपने आवेदन ऑनलाइन जमा करने होंगे तथा सावित्री बाई फुले स्व-सहायता समूह योजना के अंतर्गत अनुसूचित वर्ग की महिला समूहों द्वारा अंत्यावसायी समिति के कार्यालय से आवेदन प्राप्त किये जा सकेंगे।

## अहिरखेड़ा चौकी पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ बनाने वाले फरार आरोपीतो को भी पकड़ा

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** अहिरखेड़ा चौकी पुलिस ने ग्राम निमोनी में मुवासिया फालिया के जंगलो में अवैध कच्ची शराब के बनाने वाले फरार मुवासिया फालिया निमोनी के मुकेश और नुरसिंग को भी पकड़ा और न्यायालय में पेश किया गया।

अहिरखेड़ा चौकी पुलिस ने लगभग 6000/- रुपये मुल्य की 60 लीटर कच्ची अवैध शराब को अपनी सुपूर्दगी में लेकर लगभग 7000/- रूपए मुल्य का 700 लीटर महुआ लहान को नष्ट कर आरोपीतो मुकेश और नुरसिंग के विरुद्ध अपराध क्रमांक 206/25 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

**पुलिस टीम :**

कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव राकेश आर्य गोगावां थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सोलंकी, अहिरखेड़ा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गजेंद्र चौहान, उपनिरीक्षक रामदास निगवाल, आर.746 राजेश जायसवाल, आर.866विमल यादव,आर,947 संतोष बामनिया, आर.944 अनिल बामनिया शामिल रहे ।

**जमीन बेचकर जीवन बचाने की जद्दोजहद, पीएम राहत कोष से मिले तीन लाख**

# किडनी देकर पत्नी ने बचाई पति की जान

विनय उजाला

**बाग, निप्र।** नगर के राजपूत समाज के एक युवक को डेढ़ वर्ष पूर्व जांच के दौरान मालूम पड़ा कि उसकी दोनों किडनियां खराब हो चुकी है । किडनी ट्रांसप्लांट किए बिना जान नही बचेगी । यहीं से शुरू हुई जीवन बचाने की जद्दोजहद । दयनीय आर्थिक स्थिति के बीच दो बड़ी चुनौतियों से पार पाना , किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन का व्यय करीब 15 लाख और किडनी डॉनेटर की तलाश थी। ऐसी परिस्थितियों के बीच पत्नी ने अपने पति को



किडनी देने की सहर्ष इच्छा प्रकट की और मैचिंग करवाने की बात कही । जान बचाने की जद्दोजहद में पैतृक जमीन को बेचकर दस लाख जुटाए गए। आर्थिक सहायता के लिए भाजपा नेताओं के प्रयास से सांसद के पास पहुंचे और सांसद के प्रयासों से पीएम राहत कोष से तीन लाख की सहायता राशि स्वीकृत हो गई । पीड़ित युवक का अस्पताल में 13 मई को किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन हुआ है ।

यह कहानी बाग के युवक संजय गोहिल (38) की है जो यहां एक नमकीन कारखाने पर काम करता है । अक्टूबर 2023 में जांच के दौरान मालूम हुआ कि उसकी दोनों किडनियां खत्म हो चुकी है और किडनी ट्रांसप्लांट किए बिना जीवन बचाना नामुमकिन है ।निराशाजनक स्थिति में पत्नी रंजन (32) ने अपनी किडनी देने की सहर्ष इच्छा जताई । बाग के समाजसेवी नारायण झवर ने मार्गदर्शन करते हुए नडियाद के अस्पताल में किडनी मैच करवाई ।

परिवार ने झाबुआ जिले के सिमरोड क्षेत्र में पैतृक जमीन को बेचकर कुछ राशि जुटाई गई । टांडा और गंधवानी के भाजपा नेताओं पारस जैन और ऋषभ पाटनी के माध्यम से क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर के अथक प्रयासों से प्रधानमंत्री राहत कोष से तीन लाख की सहायता राशि स्वीकृत हुई । तब जाकर नडियाद के मुलजी भाई पटेल यूरोलॉजिकल हॉस्पिटल में 13 मई को संजय की किडनी ट्रांसप्लांट का ऑपरेशन हो पाया।

संजय के छोटे भाई चेतन गोहिल ने बताया कि नडियाद में 13.34 लाख किडनी ट्रांसप्लांट का इंस्ट्रूमेंट आया है । भाभी की एक किडनी सफलतापूर्वक ट्रांसप्लांट की गई। अभी डेढ़ माह यहां एडमिट रहेंगे ।

**सांसद और पीएम का आभार :** परिवारजनों ने पीएम राहत को से 3 लाख की सहायता राशि देने पर पीएम नरेंद्रमोदी और क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर सहित टांडा गंधवानी के भाजपा नेताओं का आभार माना है ।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस प्रशासन का यात्री और स्कूल बसों के विरुद्ध चेकिंग अभियान




**खरगोन, निप्र।** पुलिस प्रशासन द्वारा खरगोन जिले के थाना क्षेत्रों में यात्री और स्कूल बसों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया । यात्री बसों में लगभग 51 वाहनों पर चालानी कार्रवाई कर वाहन चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई । स्कूल बसों में शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ प्राथमिक उपचार किट , गति नियंत्रण यंत्र, अग्निशमन यंत्र, वाहनों के दरवाजे, वाहनों की बॉडी, दस्तावेज, गति नियंत्रक यंत्र, चालक का लाइसेंस, वाहन फिटनेस इत्यादि चेक करने के साथ शैक्षणिक संस्थाओं के संचालकों , वाहन चालकों और छात्र-छात्राओं की सुरक्षा में लगे स्टाफ को बच्चों को परिचय प्रदर्शित करने की अनिवार्यता के विषय में समझाया जाकर वाहनों में आकस्मिक सेवा संपर्क नंबर एवं संबंधित संपर्क नंबर वाहनों में अंकित करने हेतु हिदायत दी गई ।

### प्लेसमेंट ड्राईव में 131 युवाओं का हुआ सिक्योरिटी गार्ड पद पर चयन

**खरगोन, निप्र।** जिला रोजगार कार्यालय खरगोन द्वारा जिले के युवाओं को चेकमेट सर्विस प्रायवेट लिमिटेड अहमदाबाद में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर भर्ती करने के लिए 19 मई को जिला रोजगार कार्यालय, खरगोन में प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर 131 युवाओं को रोजगार के लिए प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया है।

### आईटीआई झिरन्या में इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, कोपा में प्रवेश के लिए आवेदन 31 मई तक आमंत्रित

**खरगोन, निप्र।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड के अंतर्गत जिले में संचालित शासकीय आई.टी.आई. झिरन्या में एनसीवीटी के ट्रेड इलेक्ट्रीशियन (दो वर्षीय पाठ्यक्रम) एवं ट्रेड वेल्डर (एक वर्षीय पाठ्यकम) तथा एससीवीटी ट्रेड कोपा (एक वर्षीय पाठ्यकम) में प्रवेश प्रक्रिया 01 मई 2025 से प्रांरभ हो गई है। संस्था प्राचार्य दिनेश पटेल ने बताया कि प्रवेश के प्रथम चरण के लिए इच्छित संस्थाओं और व्यवसायों का च्वाइस फिलिंग 31 मई तक करना है। अभ्यर्थी आनलाइन कियोस्क सेंटर अथवा स्वयं अपने स्तर पर कम्प्यूटर या मोबाइल के माध्यम से आवेदन 31 मई तक विभाग के पोर्टल 222.स्र्ह्यस्रद्वश्च.द्दश्1.द्बठ्ठ पर जाकर रजिस्ट्रेशन एवं च्वाईस फिलिंग कर सकेंगें। अधिक जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था झिरन्या से संपर्क कर सकते है।

# थाना (वरला) बड़वानी पुलिस की प्रभावी कार्रवाई अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्कर थाना वरला पुलिस के हत्थे चढ़ा

विनय उजाला



**थाना वरला ( बड़वानी ), निप्र।** घटना का संक्षिप्त विवरण- पुलिस अधीक्षक बडवानी श्री जगदीश डावर द्वारा मासिक समीक्षा मीटिंग में अवैध गतिविधियों अवैध शराब, जुआ, सटटा, आर्म्स, मादक पदार्थ, गौवंश के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर अपराधो की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य में थाना वरला अंतर्गत मुखबिर तंत्र को अलर्ट किया गया।

कल दिनांक 18.05.2025 को थाना वरला पर विश्वसनीय मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम बाखर्ली में अम्बा फाटा पर एक पीले रंग की प्लास्टिक की थैली में गांजा बेचने हेतु किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश डावर के निर्देशन में व एसडीओपी सेधवा श्री अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी वरला निरीक्षक सौरभ बाथम द्वारा तत्काल टीम गठित कर आवश्यक कार्यवाही कर रवाना किया ।ग्राम बाखर्ली में दो व्यक्ति पीले रंग का बोरा थैली रखकर खड़े दिखे पुलिस को देखकर पीछे बैठा व्यक्ति कूदकर भाग गया, मोटर साइकिल पर आगे बैठा व्यक्ति को गांजे कैंसथ पकड़ लिया। थैली को खोलकर देखने पर उसमें हरे रंग का नमीयुक्त सुखा गांजा होना पाया गया प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही कर गांजे का तौल करने पर 9 किलो 710 ग्राम गांजा होना पाया। उक्त गांजे को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर वापसीबपर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। फरार व्यक्ति एवं अवैध गांजे के संबंध में पूछताछ किया। विशेष भूमिका* निरीक्षक सौरभ बाथम, स्ब्ठ राजेश नैय्यर, आर 604 नवीन मेहता, आर 191 बलीराम अछले, आर 175 राहुल सोलंकी, आर 655 आत्माराम की विशेष भूमिका रही।

**गिरफ्तार आरोपी :**

1. कमलेश पिता राजाराम पावरा उम्र 23 निवासी रोहिणी (नवापाड़ा) थाना सांगवी जिला धुले (महाराष्ट्र)

**जब्त :**

1. सुखा गांजा 9 किलो, 710 ग्राम 97100 रुपए।
2. एक मोटर साइकिल हीरो HF डिलक्स MP 10 MP 8465 कीमती 50000 रुपए।

# आईटी के विद्यार्थियों को ऑन द जॉब ट्रेनिंग का दिया प्रशिक्षण




विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 01 बड़वानी में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत 20 दिवसीय ऑन द जॉब ट्रेनिंग चल रही है जिसमें आईटी के विद्यार्थियों की ट्रेनिंग विवेकानंद इंस्टिट्यूट ऑफ आईटी बड़वानी में करवाई जा रही है संस्था प्राचार्य ने बताया की ऑन द जॉब ट्रेनिंग विद्यार्थियों को रोजगार के लिए तैयार करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को कंप्यूटर संचालन, ऑफिस मैनेजमेंट, इंटरनेट बैंकिंग, व्यवहारिक कौशल, स्वरोजगार, मानव संसाधन और उपलब्ध सामग्री का उपयोग अपने कौशल का विकास करना सिखाया जा रहा है।

व्यावसायिक प्रशिक्षक श्री दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि आईटी के दो जॉब रोल संचालित है पहली कक्षा 9वी और 10वीं में डोमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर तथा दूसरा 11वीं व 12वीं में जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर। आईटी में शिक्षा को अधिक गतिशील आकर्षक और समावेशी शिक्षण वातावरण बनाने की क्षमता निहित है कंप्यूटर टैबलेट, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन शिक्षण विद्यार्थियों को सशक्त बनाते हैं और डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे अभियानों को गति प्रदान कर भविष्य की संभावनाओं को पूरा करने में मदद करते हैं।

# भाजपा कार्यकर्ता नवीन कुशवाह के असमय निधन पर संगठन में शोक की लहर

## परिवार को सहायता दिलाने की उठी मांग

विनय उजाला

**मंडलेश्वर, निप्र।** जितेन्द्र वासुरे। भारतीय जनता पार्टी के युवा, समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता श्री नवीन कुशवाह के असमय निधन से महेश्वर विधानसभा क्षेत्र ही नहीं, सम्पूर्ण भाजपा संगठन में शोक की लहर दौड़ गई है। दिवंगत श्री कुशवाह हाल ही में खरगोन में आयोजित 'तिरंगा रैली' में भाग लेने जाते समय एक भीषण सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए और उनका निधन घटनास्थल पर ही हो गया।

नवीन कुशवाह भाजपा आईटी सेल के जिला प्रभारी, एक संवेदनशील और प्रखर राष्ट्रवादी विचारक के रूप में चर्चित थे। वे पार्टी के अभियान में पूरी निष्ठा से कार्यरत थे और उनकी अंतिम यात्रा भी राष्ट्रभक्ति के एक अभियान की दिशा में थी। उनका यह बलिदान मेरे लिए परिवारजन के रूप में और संगठन के लिए भी अपूरणीय क्षति है।

प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी कृष्णकांत रोकड़े ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा को एक मार्मिक पत्र लिखकर दिवंगत कार्यकर्ता के परिवार को शीघ्र शासकीय सहायता एवं संगठनात्मक संरक्षण देने की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि नवीन जी की पत्नी एवं डेढ़-दो वर्षीय शिशु पुत्र के समक्ष जीवन यापन की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है।



**रोकड़े ने मांग की है कि :**

» नवीन कुशवाह की पत्नी को शासकीय सेवा में यथासंभव प्राथमिकता के साथ नियुक्त करवाने हेतु सकारात्मक परिणाम मूलक अभियान चलाया जाए,

» परिवार को यथा सम्भव तात्कालिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए,

» उनके बच्चे की नि:शुल्क शिक्षा के लिए किसी प्राइवेट स्कूल से आह्वान किया जाएं। और इस दिशा में भाजपा के जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व संगठन पदाधिकारी एकमत होकर सामूहिक प्रयास करें।

उन्होंने भाजपा को एक 'परिवार' बताते हुए कहा कि जब कोई समर्पित कार्यकर्ता संगठन के कार्य में जीवन अर्पित करता है, तो संगठन को भी उसके परिवार के साथ खड़ा रहना चाहिए। संदेश देवतुल्य कार्यकर्ताओं में संचारित हो ऐसा उदाहरण पेश करना चाहिए।

श्री रोकड़े ने यह भी प्रस्ताव दिया है कि प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा स्वयं श्रद्धांजलि देने हेतु परिवार से भेंट करें तथा प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि के रूप में प्रभारी मंत्री को भी अवगत करवाएं, जिससे संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़े।

इस संवेदनशील मुद्दे पर लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र पटेल, राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी, जिले के विधायकगण, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं महेश्वर विधानसभा के चारों मंडलों के अध्यक्षों से भी अपील की गई है कि वे मिलकर एक संगठित मांग प्रदेश नेतृत्व और शासन के समक्ष रखें।

भाजपा में एक भावनात्मक लहर दौड़ रही है कि इस युवा राष्ट्रसेवक के परिवार के पुनर्निर्माण हेतु पूरे संगठन को साथ आना चाहिए।

खबर का असर : ग्रामीण यांत्रिकी की सेवा संभाग विभाग महेश्वर को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी

# 20 लाख की राशि से मुक्तिधाम निर्माण होगा, शीघ्र ग्रामीण यांत्रिकी संभाग महेश्वर द्वारा टेंडर जारी किया जाएगा

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** नर्मदा तट स्थित नावड़ाटौड़ी मुक्तिधाम स्थल के लिए स्वीकृत 20 लाख रुपए की राशि अब संबंधित निर्माण कराने वाले विभाग के खाते में पहली किश्त रुप में छह लाख की राशि जमा हो चुकी है। यह राशि गौण खनिज विभाग के माध्यम से नौ महीने पहले स्वीकृत की गई थी, लेकिन लंबे समय तक राशि जारी न होने से निर्माण कार्य अटका हुआ था।

विनय उजाला द्वारा इस संबंध में हाल ही में खबर प्रकाशित कर ध्यानाकर्षण कराया गया था , जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और तत्काल प्रभाव से स्वीकृत राशि जारी की गई है। अब मुक्तिधाम पर टीन शेड और हाल निर्माण का कार्य जल्द शुरू होगा। अब जल्द ही मुक्तिधाम मार्ग की उबड़-खाबड़ और फिसलन भरी ढलान पर कंक्रीट मार्ग का निर्माण होने जा रहा है। जिससे अंतिम यात्रा में जाने वाले लोगों को सुविधा होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष अनु बाई तंवर ने बताया गौण खनिज विभाग के माध्यम से 20 लाख की लागत से निर्माण कार्य होगा। पहली राशि ?6 लाख रुपए का चेक इस विभाग ने जिला पंचायत के माध्यम से ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को सौपा है।

सरपंच लोकेंद्र सिंह पटेल ने बताया कि नावड़ाटौड़ी घाट शवदाह स्थल के लिए टीन शेड और हाल निर्माण नौ महीने पूर्व स्वीकृत राशि का इंतजार था। जानकारी मिली है जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा।

**बारिश के मौसम में ओर अधिक बढती मुश्किलें :** बारिश के मौसम में बाढ आने पर यहां अंतिम संस्कार की प्रक्रिया मे भारी असुविधा लोगों को उठानी पडती है। स्थानीय लोगों ने बताया नर्मदा मे बारिश के मौसम में जब बाढ का पानी ऊपरी सतह की ओर बढता है तो मुक्तिधाम स्थल की जगह नही रहती है। ऐसे मे वैकल्पिक व्यवस्था करना मजबूरी होती है। हालांकि अभी भी उबड खाबड़ मुक्तिधाम की स्थिति अव्यवस्थित है ।

**खडी उतार.. सिंचाई विधुत मोटरों से बहता पानी :** मुख्य सड़क से घाट तक पहुंचने के लिए दो सौ मीटर की खड़ी ढलान और फिसलन भरा रास्ता है। रास्ते में किसानों के सिंचाई मोटरपंप लगे हैं, जिन से दिन-रात पानी बहता रहता है। परिजनों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। पैर फिसलने का खतरा बना रहता है। सिंचाई मोटरपंप बिजली के तार झूल रहे हैं। बड़े वाहन निकलने की स्थिति में तारों के टकराने से हादसे की आशंका बनी हुई है।

**जनसहयोग ओर स्वीकृत राशि से बेहतर निर्माण हो :** आमजनों का कहना है कि 20 लाख की राशि गौण खनिज विभाग के माध्यम से स्वीकृत हुई है। ऐसे में जनभागीदारी के माध्यम से आमजनों के माध्यम से अधिक राशि एकत्रित हो जाए तो बेहतर व्यवस्था हो सकती है।

# खाद्य सुरक्षा एवं श्रम विभाग की टीम ने बेकरियों में की छापामार कार्रवाई

## पाम तेल, मैदा एवं टोस्ट के नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे



विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** आमजन को मिलावट रहित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों एचएल अवास्या और आरआर सोंलकी द्वारा एसडीएम बी.एस. कलेश के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग एवं श्रम विभाग के संयुक्त विभागीय दल द्वारा खरगोन शहर की बेकरियों का निरीक्षण किया गया ।इनमें ग्राम मेहरजा की न्यू मिलन बेकरी से पाम तेल, मैदा एवं टोस्ट का और न्यू शानदार बेकरी से पाम तेल, मैदा एवं टोस्ट का तथा एस.पी. बेकरी से पाम तेल, मैदा एवं टोस्ट के नमूने लेकर उन्हें राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गये , जहां से जॉच रिर्पोट में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाये जाने पर संबंधित विक्रेताओं के विरूद्व कार्रवाई की जायेगी , जबकि निरीक्षण के दौरान श्रम विभाग द्वारा इन बेकरियों में विभिन्न श्रम अधिनियमों - न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, म.प्र. दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958, बालक और कुमार श्रम अधिनियम 1986 का पालन किया जा रहा है या नहीं, देखा गया ।

# स्कूली छात्राओं को 20 दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाया

विनय उजाला

**मंडलेश्वर, निप्र।** नारी सशक्तिकरण के तहत स्कूली छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 20 दिन का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया। ब्यूटी एंड वेलनेस सब्जेक्ट की कक्षा 12 वी की छात्राओं को यह प्रशिक्षण स्थानीय स्तर पर दिया गया ब्यूटी सब्जेक्ट की व्यावसायिक शिक्षिका मोनिका मंडलोई ने बताया कि ब्यूटी विषय की छात्राओं को एक निजी ब्यूटी पार्लर में सौंदर्य से संबंधित सभी तरह के टिप्स दिए गए पार्लर की संचालक जया वर्मा ने बालिकाओं को छह तरह के फेशियल मेनिक्योर पेडीक्योर दुल्हन मेकअप बारह तरह के हेयर कट सहित सभी प्रकार के गुर सिखाए। छात्रा तमन्ना पीपल्दे रूपाली केवट खुशी यादव ने प्रशिक्षण लेने के बाद कहा कि अब हम दुल्हन का मेक अप का काम अच्छे से सिख लिया है अब हम किसी भी दुल्हन का मेक अप कर सकते है इसका व्यावसायिक लाभ मिलेगा। वेलनेस सब्जेक्ट के शिक्षक एजाज अली ने बताया कि संस्था की छात्राओं को 20 दिन तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडलेश्वर में नर्सिंग कार्य का प्रशिक्षण दिया गया।



इसमें बालिकाओं को मरीज का आब्जर्वेशन करना मरहम पट्टी करना बल्ड प्रेशर और शुगर की जांच सीरीज लगाना आदि कार्य सिखाया गया। छात्रा कोसर युनुश, लक्ष्मी कमले, पूनम वर्मा ने बताया कि हॉस्पिटल में मरीजों को सिरिंज लगाना और उनका बी पी शुगर चेक करना यह अच्छी तरह सीखा यह काम अब आत्मविश्वास के साथ करने की क्षमता मिली है। प्राचार्य एस एस डावर ने कहा कि बालिकाओं को इस तरह के व्यावसायिक प्रशिक्षण की ट्रेनिंग मिलने से उन्हें आत्मनिर्भरता मिलेगी और वे इस प्रशिक्षण से अपनी आजीविका चला सकेगी।

# लोक सेवा केन्द्र के संचालन में अनियमितता पाये जाने पर सेगांव व गोगावां संचालक को नोटिस

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** मप्र लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र का मुख्य कार्य सरकारी सेवाओं को जनता तक पहुंचाना होता है। कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देश पर लोक सेवा केन्द्र सेगांव और गोगांवा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर अनियमितता पाये जाने पर कलेक्टर भव्या मित्तल ने लोक सेवा केन्द्र संचालक सेगांव की श्रीमती राशि जायसवाल एवं गोगांवा के संचालक एमएस फार्मा एजेंसी को कारण बताओ सूचना जारी कर 03 दिनों में जवाब प्रस्तुत करने कहा है। समयावधि में समक्ष में जवाब नहीं प्रस्तुत करने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि सेगांव लोक सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 03 ऑपरेटर में से 01 ऑपरेटर अनुपस्थित पाया गया। वहीं आधार सेंटर बंद पाया गया, बैटरी बैकअप नहीं पाया गया साथ ही केन्द्र से एकजाई रिपोर्ट मांगने पर प्रस्तुत नहीं की गई थी। इसी प्रकार गोगांवा लोक सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि 05 में से 02 ऑपरेटर अनुपस्थित पाये गये। वहीं लोक सेवा ग्रेड-ए अनुसार 05 में से केवल 03 सिस्टम पाये गये। केन्द्र में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं पाये गये तथा शासन द्वारा निर्धारित सेवाओं एवं उनसे संबंधित शुल्क की जानकारी भी चस्पा नहीं की गई थी।

**संगठन ने पदाधिकारियों को भी नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें संगठन के उद्देश्यों और समाजहित में पर कार्य करने की आशा व्यक्त की**

# अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ हुआ सम्मेलन

विनय उजाला







**सनावद, निप्र।** सामाजिक सेवा संस्था अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ का प्रथम सम्मेलन इंदौर में हिंदी साहित्य समिति भवन में आयोजित हुआ। अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत पटेल व प्रदेश महासचिव मांगीलाल पटेल ने संगठन के उद्देश्य बताते हुए सामाजिक हित मे सभी से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश पटेल ने शिक्षा के साथ संस्कारों को अपनाने और मुश्किल वक्त में धैर्य के साथ परिस्थितियों का सामना करने की बात कही। अतिथि बलिराम गेंदर, चंपालाल गुर्जर, गोविंद गुर्जर ने संगठन द्वारा शिक्षा, संस्कार, पर्यावरण पर कार्य करने के किए समाजजनों को मार्गदर्शन दिया। सम्मेलन में प्रतिभावान विद्यार्थियों और चिकित्सको को संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। संगठन ने पदाधिकारियों को भी नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्हें संगठन के उद्देश्यों और समाजहित में पर कार्य करने की आशा व्यक्त की। चिकित्सकों और प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित।

अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ ने स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे समाज के चिकित्सकों का सम्मान किया। डॉ सुरेश व पूर्वशी बिर्ला, डॉ शैलेन्द्र पटेल, डॉ रविन्द्र गुर्जर, डॉ महेश बिर्ला, डॉ अमोल पाटिल, डॉ दीक्षा चाचरिया, डॉ सुरभि मण्डलोई, डॉ पंकज पटेल सहित प्रतिभावान छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत पटेल, महासचिव मांगीलाल पटेल सहित अतिथियों ने प्रदेश मीडिया प्रभारी अनिल चौधरी, प्रदेश सहसंगठन मंत्री यशवंत बोरदिया, प्रदेश सचिव प्रवीण पटेल, धार जिलाध्यक्ष गोवर्धन बिर्ला, रायसेन जिले अध्यक्ष अक्षय गुर्जर, महू जिला अध्यक्ष मंगला गुर्जर सहित पदधिकारियो को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर संगठन के चिमनलाल मण्डलोई, हेमराज पटेल, टीकाराम पुनास्या, सचिन मण्डलोई, अजय पाटिल सहित सदस्य और समाजजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मीठा तालाब की सफाई की गई



**देवास, निप्र।** जल बचाएं जीवन को बचाएं, जब तक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है। प्रदेश सहित देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरीय निकायों एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जिले में जल की एक–एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून तक अभियान जारी रहेगा। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम देवास द्वारा देवास के राजोदा स्थित मीठा तालाब की साफ–सफाई की गई तथा तालाब सौंदर्यीकरण भी किया गया। इसके साथ ही तालाब के किनारे पौधारोपण भी किया।

### बस स्टैंड पर निःशुल्क जल सेवा शिविर प्रारम्भ




**देवास, निप्र।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ देवास द्वारा जिला कमिश्नर स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारतीय के निर्देशन में बस स्टैण्ड देवास पर जल सेवा शिविर का कार्य 19 मई को जिला मुख्य आयुक्त विष्णु वर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला सचिव हेमेन्द्र निगम काकू, उपाध्यक्ष द्वय संगीता वॉटसन एवं संजय शर्मा विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम में मनोज पटेल जिला संगठन आयुक्त स्काउट देवास, कोमल चौधरी जिला संगठन आयुक्त गाइड, शिवचरण अंगोरिया, अशोक शर्मा, वंदना वर्मा, किरण चौहान का विशेष सहयोग रहा। जिला सचिव जितेंद्र मंडलोई ने बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी बस स्टैण्ड पर जल सेवा शिविर का कार्य किया जा रहा है। जिसमें आरो का शीतल जल यात्रियों को भीषण गर्मी से राहत हेतु पिलाया जा रहा है।

# श्री शिव छत्रपति मराठा संघ का चतुर्थ अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** श्री शिव छत्रपति मराठा संघ के अध्यक्ष श्री कीर्ति चव्हाण ने बताया कि संघ द्वारा आयोजित चतुर्थ अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन आध्यात्मिक गुरु 1008 महामंडलेश्वर प्रेम परमार गुरुजी एवं दिलीप सिंह जाधव इतिहासकार के कर कमलों द्वारा शिवाजी महाराज के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र हरियाणा उत्तरप्रदेश के करीब 550 से अधिक प्रतिभागियों ने मंच से अपना परिचय दिया। इस अवसर पर परिचय पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धार के करण सिंह पवार को मराठा गौरव सम्मान से मानपत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवास महापौर गीता अग्रवाल एवं दुर्गेश अग्रवाल भी उपस्थित थे। समाजजन को समाज की महत्वता बताई इस अवसर पर एक परिचय पुस्तिका का विमोचन भी अतिथियों द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत संघ के अध्यक्ष कीर्ति चव्हाण, शालिनी चव्हाण, दिलीप सिंह जाधव कुमार जाधव, प्रतापराव जाधव, कुमार जाधव, दिनकर जाधव, हिमांशु राजोले, शंकर भोले, राजू थोरात, शालिनी चव्हाण, रंजना जाधव, कल्पना जाधव, मंगला शिन्दे, सरोज भंवर, रोहिणी भोंसले, सारिका पवार, अंजली मोहिते, रीना पवार, अलका जगताप, रागिनी भवर, पल्लवी जाधव, नेहा जाधव, अंजली मोहिते, रिचा जगताप, सारिका पवार, सुनीता कामले, नंदा पवार, संगीता लाड, संगीता गाडगे, सपना जाधव, कामिनी पाचुनकर ने किया। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य नागरिक एवं बड़ी मात्रा में समाज जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पल्लवी जाधव नेहा जाधव एवं वंदना निंबालकर ने किया एवं आभार संघ की संयोजक शालिनी चव्हाण ने माना।

## प्रतिभागियों ने किया फिल्म शूटिंग सेट का दौरा, पर्दे के पीछे की दुनिया से हुए रूबरू

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा देवास और इंदौर के प्रशिक्षित प्रतिभागियों के समूह को इंदौर में चल रहीं गिरीश कुलकर्णी अभिनीत मराठी फिल्म शूटिंग सेट का दौरा करवाया गया। कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने बताया को हमारा उद्देश्य सिर्फ प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि प्रतिभाओं को सही दिशा में अवसरों से जोड़ना भी है। आज फिल्म, वेबसीरीज और रंगमंच जैसे प्लेटफॉर्म्स पर प्रशिक्षित कलाकारों की मांग तेजी से बढ़ रही है। इस प्रकार की विजिट्स से इस इंडस्ट्री की वास्तविकता का अनुभव होता है। हम चाहते हैं कि युवा आत्मविश्वास के साथ अपनी रचनात्मक यात्रा शुरू करें और इन माध्यमों में आगे बढ़ें। प्रतिभागियों ने भी इस अनुभव को सीखने योग्य बताया। फिल्म यूनिट के लोगों द्वारा प्रतिभागियों को कैमरा सेटअप, फिल्म निर्देशन, सेट डिजाइन, लाइटिंग और अभिनय के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। प्रतिभागियों के लिए यह भ्रमण न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि उनके रचनात्मक कौशल को विकसित करने में भी सहायक सिद्ध हुआ। जिसमें उन्हें फिल्म निर्माण के विभिन्न आयामों को समझने, बल्कि अपनी अभिरुचियों को भी नए सिरे से परिभाषित करने का अवसर भी प्राप्त हुआ। इस दौरान कलाव्योम की सचिव अर्पणा भोसले, फिल्म के निदेशक अमोल, फिल्म अभिनेता गिरीश कुलकर्णी, फिल्म अभिनेत्री वलवी, सिनेमेटोग्राफर योगेश पोली और फिल्म यूनिट के लोग उपस्थित रहें।

## ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत् कैमरे लगाने पर ग्राम पंचायत कुलाला व काकड़दा को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

विनय उजाला



### ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत किया गया सम्मान

गांव में प्रमुख मार्ग सहित मुख्य चौराहों पर कैमरे लगाने पर देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह, देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत, सोनकच्छ विधायक डॉ.राजेश सोनकर, भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, पूर्व देवास विकास प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे, भौंरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे द्वारा ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत् ग्राम पंचायत कुलाला सरपंच किरण तेज यादव व ग्राम पंचायत काकड़दा सरपंच संतोष बाई सुमेर सिंह नागर को प्रशस्ति पत्र देकर को सम्मानित किया गया! इस दौरान सोनकच्छ नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत मोड़रिया, तेज सिंह बघेल, पटेल सिद्धनाथ सिंह यादव, कैलाशचंद्र पटेल, डॉ.रूप सिंह नागर, महामंत्री संजय यादव, भौंरासा नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, जनपद सदस्य जितेंद्र यादव, करण सिंह यादव, दौलत यादव सेठ, अनिल चावड़ा, कैलाश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश मालवीय, दशरथ सिंह धाकड़ सहित ग्राम पंचायत कुलाला व काकड़दा के लोग मौजूद रहे! कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सुमेर सिंह यादव व निशा उज्जैनी ने किया वहीं आभार ग्राम पंचायत कुलाला सरपंच प्रतिनिधि तेज यादव व काकड़दा सरपंच प्रतिनिधि सुमेर सिंह नागर ने माना।

**सोनकच्छ, निप्र।** शहरों में लगे सीसीटीवी कैमरों को देखकर किसी को ताज्जुब नहीं होता! पर जब किसी गांव में भी जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हो, तो देखकर हैरत में पड़ना स्वाभाविक है! देवास जिले की सोनकच्छ जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत कुलाला व ग्राम पंचायत काकड़दा इसकी एक जीवंत मिसाल बनकर उभरा है! जहां चप्पे चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगे है! ग्राम कुलाला में ग्राम पंचायत कुलाला लगातार विकास कार्य तो कर ही रही हैं साथ ही ग्राम पंचायत कुलाला व ग्राम पंचायत काकड़दा द्वारा गांव के प्रमुख मार्ग सहित गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए! सीसीटीवी कैमरे से बड़ते अपराध व गतिविधियों व चौरी पर अंकुश भी लगेगा! देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने ग्राम पंचायत कुलाला व ग्राम पंचायत काकड़दा में लगे सीसीटीवी कैमरे लगाने पर बधाई प्रेषित की है वहीं देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत ने बताया कि हमने इस अभियान की शुरुआत 1 नवंबर से की थी अभी तक पूरे जिले में 3000 कैमरे लग चुके है कैमरे लगने से अपराधियों को पकड़ने में आसानी होती है आपकी ग्राम पंचायत के सरपंच बधाई के पात्र है वहीं सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने ग्राम पंचायत कुलाला व काकड़दा में कैमरे लगाने पर सराहना की ! वहीं ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई मांगों को जल्द ही पूर्ण करने का आश्वासन दिया ! भौंरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे ने बताया की ग्राम कुलाला में कुल 20 सीसीटीवी कैमरे वहीं ग्राम काकड़दा के ग्राम काकड़दा, गुनाई, महुडी, सिकखेड़ी में कुल 16 कैमरे लगाए गए हैं! इन्हें कुछ प्रमुख स्थान चिन्हित कर लगाया गया! जैसे सन्नाटा अधिक हो।

## जिले के पात्र हितग्राही 31 मई तक कराए ई-केवायसी

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जिला आपूर्ति अधिकारी देवास ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत संचालित लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली व्यवस्था के सुचारू कियान्वयन, स्मार्ट पीडीएस व्यवस्था के सफल संचालन तथा वास्तविक पात्र हितग्राहियों की उनकी पात्रता अनुरूप खाद्यान्न सामग्री नियत समय-सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी के लिए 31 मई तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले के पात्र हितग्राहियों से अपील है कि अपनी संबंधित शासकीय उचित मूल्य दुकान पर उपस्थित होकर ई-केवायसी कराएं।

## शिक्षक समस्या निवारण शिविर शुरू 19 से 24 मई तक लगेगा

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** शिक्षा विभाग के निर्देश अनुसार दिनांक 19 मई से 24 मई तक शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जानकारी देते हुए सी एल पेठारी सहायक संचालक शिक्षा सोनकच्छ ने बताया कि शिविर सभी संकुल केंद्र और विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय सोनकच्छ पर प्रातः 11.00 बजे से 3.00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। सभी संबंधित शिक्षक अपनी विभागीय समस्या निवारण के लिए उक्त शिविर में समस्या से संबंधित दस्तावेज सहित नियत समय पर उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। जिनका तत्काल मौके पर निराकरण किया जाएगा या वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया जाएगा।

### बारात लेकर जाने वाला दुल्हा जेल पहुंचा

# प्यार किसी से और से, निकाह किसी और से

## शादी के नाम पर चार साल से कर रहा था शारिरिक शोषण

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** जो दुल्हा बारात लेकर दुल्हन लेने जानें वाला था वह अब जेल पहुंच गया। मामला सोनकच्छ थाना क्षेत्र के गंधर्वपुरी का है जहां एक युवक पास के ही गांव की युवती से निकाह का झांसा देकर पिछले चार साल से युवती के साथ बलात्कार करता रहा। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ बलात्कार सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया जहां से न्यायलय ने युवक को जेल भेज दिया। बताया जाता है कि आरोपी युवक का सोमवार को निकाह था लेकिन दुल्हे राजा जेल पहुंच गए।

पुलिस ने बताया कि आवेदिका उम्र 21 साल निवासी ग्राम काछीगुराडिया हाल मुकाम ग्राम गंधर्वपुरी थाना सोनकच्छ ने थाना सोनकच्छ पर उपस्थित होकर एक लेखीय आवेदन पत्र दिया जिसमें बताया गया कि अबरार पिता जाकिर शेख निवासी गंधर्वपुरी द्वारा शादी का झांसा देकर गलतकाम (बलात्कार) करना एवं जान से मारने की धमकी देने संबंधी। महोदय, निवेदन है कि मैं उम्र 21 साल निवासी ग्राम काछीगुराडिया हाल मुकाम ग्राम गंधर्वपुरी थाना सोनकच्छ जिला देवास की निवासी हूँ। कक्षा 12 वी तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंधर्वपुरी में पढ़ी हू तथा घरेलू काम करती हूं। मैं करीब 6 साल पहले ग्राम काछीगुराडिया में रहती थी। गंधर्वपुरी में कक्षा 11 वीं में निवासी गंधर्वपुरी का भी पढ़ता था जिसे मैं तब से पढ़ती थी तब मेरी क्लास में अबरार पिता जाकिर शेख निवासी गंधर्व बातचीत करता था तथा स्कूल से ही अबरार को जानती हूं। स्कूल में ही अबरार ने मुझे बोला कि मैं तुमको पसंद करता हूं और मुझे प्रपोज किया। फिर उसने मेरे मोबाईल नंबर मुझसे मागा था तो मेने मेरे दादा का मोबाईल नं अबरार को दे दिया था। फिर हम दोनो एक दुसरे से फोन पर बातचीत करने लगे थे। फिर करीब डेढ़ साल तक अबरार ने मुझसे फोन पर बातचीत की। सितम्बर 2022 में अबरार ने मुझसे फोन करके बोला मुझे तुमसे मिलना है तो मैंने उसे मना कर दिया था। फिर उसने कई बार बोला कि मैं तुमसे प्यार करता हूं। मैं तुमसे शादी करूंगा तो मैं उसकी बातो में आ गयी। 15 दिसंबर 2022 को अबरार ने मुझे फोन करके बोला कि मुझे आज तुमसे मिलना है तो मैं उसकी बातों में आकर उसे हां बोल दिया फिर रात को करीब 1.00 1.30 बजे अबरार मेरे घर ग्राम काछीगुराडिया आया वहां पर मेरे साथ शादी का झांसा देकर जबरदस्ती मेरे साथ गलतकाम (बलात्कार) किया। मेरे पापा मम्मी को यह बात पता चली तो उन्होंने लोक लाज व बदनामी के डर से रिपोर्ट नहीं कि तथा अबरार और उसके माता पिता को बोला कि मेरी लड़की के साथ ऐसा क्यो किया तो अबरार हमसे कहा कि मैं के साथ निकाह करूंगा उसे धोखा नहीं दूंगा।

फिर मेरे माता पिता व अबरार के माता पिता ने हम दोनों को समझाया कि हमारी जाति अलग अलग है इसलिये निकाह नहीं हो सकता। उसके बाद भी अबरार मुझसे मिलता रहा और शादी का झांसा देकर बलात्कार करता रहा। आखरी बार 13 मई 2025 को अबरार ने मेरे घर गंधर्वपुरी में मेरे मना करने पर शादी का झांसा देकर बलात्कार किया। फिर मुझे रविवार को पता चला कि अबरार की शादी 30-4-25 को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत निकाह हो चुका है। मैं अबरार के घर गई और मुझसे निकाह की बात कही तो अबरार ने मुझे कहा कि मुझे तुझसे शादी नहीं करना निकल जा आइंदा आई तो जान से खत्म कर दूंगा।

**सोमवार को बारात लेकर जाने वाला था :** आरोपी युवक अबरार का निकाह 30 अप्रैल 25 को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हो गया है लेकिन सामाजिक रूप से अबरार का सोमवार को निकाह होना था और बारात जानी थी लेकिन अबरार बारात तो लेकर नहीं गया बल्कि जेल जरूर पहुंच गया।

## पानी बचाने के लिए आगे आए कायस्थ समाज के लोग

### 31 समाजजन लगाएंगे अपने घरों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** बारिश के पानी की बूंद-बूंद सहेजने की कोशिश में अमृत संचय अभियान की टीम लगातार काम कर रही है। घर-घर दस्तक देने के साथ अब टीम सामुदायिक आयोजनों के अवसर पर भी लोगों से मिलकर उन्हें जल संवर्धन के लिए प्रेरित करने में जी जान से जुटी है। इसी क्रम में कायस्थल समाज के एक आयोजन में अमृत संचय अभियान की टीम ने वर्षाजल सहेज कर धरती की रगों तक पहुंचाने का संदेश दिया।

आयोजन में उपस्थित समाजजनों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक के लिए सहमति प्रदान की। अब टीम उनके यहां सर्वे कर तकनीकें इंस्टॉल कराएगी। समाज के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप खरे ने भूमिका में देवास के अमृत संचय अभियान की गतिविधियों को सामने रखा। अभा कायस्थ समाज महासभा के जिला अध्यक्ष श्रीराम श्रीवास्तव, जिला कार्यकारिणी एवं प्रदेश पदाधिकारी के साथ चित्रांश बंधुओं की उपस्थिति में चित्रगुप्त मंदिर गीता भवन में टीम के साथ चर्चा की।

अमृत संचय अभियान टीम के मनीष वैद्य तथा डॉ. समीरा नईम ने विस्तार से अपनी बात रखी। यहाँ श्रीकांत उपाध्याय, हिमांशु कुमावत, कृपाली राणा तथा सुमन कुमावत आदि उपस्थित थे। लगभग 31 समाजजनों ने बड़े उत्साह से वहीं मौके पर अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग तकनीक के लिए सहमति प्रदान की। अब टीम उनके यहां सर्वे कर तकनीकें इंस्टॉल कराएगी।

### सोनकच्छ गोली कांड, सात लोगों पर आर्म्स एक्ट बलवा सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज

# शराब की मुखबिरी की बात की शंका होने पर गोली मारी

## करणी सेना जिलाध्यक्ष पर लगाया गोली मारने का आरोप, करणी सेना अध्यक्ष का कहना मेरे खिलाफ साजिश रची जा रही

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** शराब की मुखबिरी की शंका में एक युवक को रविवार दोपहर करणी सेना जिलाध्यक्ष ने पैर में गोली मार दी। पुलिस ने इस मामले में 7 लोगों पर केस दर्ज किया। फरियादी कृष्णपाल सिंह पिता धारा सिंह राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी मोदी कालोनी सोनकच्छ ने एमजीएच सर्जिकल वार्ड मे बताया कि वह



उक्त पते पर रहता है व रिकवरी का काम करता है। प्रीतम सिंह राजपूत जो शराब का धंधा करता है



जिसको फरियादी पर शंका है कि व उसकी मुखबिरी करता है कि बात को लेकर पिछली रात को इन लोगों का आपसी विवाद हो गया था। जिसमे आपसी राजीनामा हो गया था। करीब डेढ़ बजे फरियादी रिलायंस पेट्रोल पंप पुराना बायपास रोड प्रशांत के केफे पर गया था। वह केफे में अंदर विजेन्द सिंह निवासी ओढनी, कान्हा बन्ना निवासी जैल के पास सोनकच्छ के साथ बैठे थे और चाय पी रहे थे। इतने बस स्टेंड तरफ से सफेद रंग की स्कार्पियो जो संजू मालवीय निवासी पारदीखेडा एमपी13 सीबी5108 चलाकर लाया और उसमे से प्रीतमसिंह राजपूत, अर्जुनसिंह राजपूत, कुलदीप सिंह, जीतु राजपूत, सौरभ रैकवार, अजय सोनेल उतरे, जिनके हाथों मे पाईप व लकडी के डंडे थे। आते ही सबने दुकान के अंदर पाईप लकडी से मारपीट कर गंदी गंदी गालिया देकर बोल रहे थे कि तू सोनकच्छ में अब नही रहेगा बोलकर दुकान के अंदर प्रीतमसिंह ने कमर मे से बंदूक निकाली और घोड़ा चढ़ाकर पीड़ित पर फायर किया जो उसे उलटे पैर के घुटने के नीचे चोट लगी पाईप, डंडो से मारपीट करने से उसके सीधे हाथ के पोंचे व कोहनी के ऊपर तथा उल्टे हाथ में भी चोट लगी तथा दोनो पैरो मे चोट लगी। जाते समय जान से मारने की धोस दी।

मुझे नहीं मालुम की मोके से कोन लाया जब थोडा होश आया तो मैं कार में था। थाने से फिर सोनकच्छ सरकारी अस्पताल लेकर आये रेफर करने के समय सवाई सिंह निवासी ओढनी व अर्जुन बन्ना निवासी न्यु देवास ने एमजीएच देवास मे भर्ती कराया। उधर फरियादी का देवास में ईलाज चल रहा है। झगडे के समय घटना साथ वालों तथा आसपास वालो ने देखी है। पुलिस ने आरोपियों पर धारा 296, 118(1), 351(3), 191(2),(3),190, 25, 27 आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया। प्रीतमसिंह राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष का कहना है कि मेरे खिलाफ साजिश रची जा रही है मैने द्वारा गोली नहीं चलाई गई।

**ला लीगा 2024-25... एमबाप्पे-बेलिंगहैम ने दागे गोल**

# रियल मैड्रिड की सेविला पर 2-0 से जीत

नई दिल्ली, (हि.स.)

**ला लीगा 2024-25 के अंतिम चरण में रियल मैड्रिड ने काइलियन एमबाप्पे और जूड बेलिंघम के दूसरे हाफ में किए गए गोलों की बदौलत सेविया को 2-0 से हराया। मुकाबले में सेविया की टीम को दो रेड कार्ड झेलने पड़े, जिससे वह नौ खिलाड़ियों के साथ मैच खत्म करने को मजबूर हुई।**

मैच के शुरुआती 11वें मिनट में ही लोइक बाडे को एमबाप्पे को काउंटर-अटैक पर रोकने की कोशिश में रेड कार्ड दिखा दिया गया। यह साफ गोल स्कोरिंग मौका था, जिसे रेफरी ने गंभीरता से लिया और सेविया को शुरुआती झटका लगा। हालांकि रियल मैड्रिड ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन पहले हाफ में एमबाप्पे और एंड्रिक गोल करने के आसान मौके भुना नहीं सके। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही सेविया को दूसरा झटका लगा, जब आइज़ैक रोमेरो ने ओरेलियन चुआमेनी पर खतरनाक टैकल किया और उन्हें भी सीधा रेड कार्ड दिखाया गया।




### एमबाप्पे का धमाका और बेलिंघम की सील

70वें मिनट में एमबाप्पे का शॉट बार से टकराया, लेकिन 75वें मिनट में उन्होंने बॉक्स के बाहर से लो स्ट्राइक मारकर रियल के लिए खाता खोला। इसके बाद 87वें मिनट में युवा फॉरवर्ड गोंजालो गार्सिया के क्रॉस पर जूड बेलिंघम ने नजदीक से गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

### अंक तालिका की स्थिति

बार्सिलोना पहले ही खिताब अपने नाम कर चुका है और 85 अंकों के साथ टॉप पर है। रियल मैड्रिड 81 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर, जबकि एटलेटिको मैड्रिड 73 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। एथलेटिक बिलबाओ (70) और विलारियल (67) अंक के साथ टॉप-5 में हैं और ये सभी टीमें अगले सीजन यूईएफा चैंपियंस लीग में स्पेन का प्रतिनिधित्व करेंगी।



## हैमस्ट्रिंग की चोट से निपटने के लिए स्टोक्स ने छोड़ी शराब

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान इन दिनों रिहैब से गुजर रहे हैं। वह फिर से फिट होने के लिए तरह तरह के तरीके अपना रहे हैं। स्टोक्स को हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी और रिहैब के दौरान उन्होंने शराब पीना छोड़ दिया है। स्टोक्स भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में इंग्लिश टीम के लिए अहम कड़ी होंगे। वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी एशेज सीरीज की तैयारी में भी जुट गए हैं।

स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि शराब छोड़ने से उनकी चोट जल्दी ठीक हो जाएगी। 33 वर्षीय स्टोक्स ने दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद अपने बाएं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवाई थी। इसके कारण वह लंबे समय के लिए खेल से दूर हो गए हैं। वह आईपीएल का भी हिस्सा नहीं हैं। उनकी गैरमौजूदगी में ओली पोप टेस्ट टीम की कप्तानी कर रहे हैं।

**IPL आज के मैच**

चेन्नई सुपर किंग्स VS राजस्थान रॉयल्स

स्थान : नई दिल्ली समय : शाम 07:30 बजे से

## केकेआर में पॉवेल की जगह शिवम शुक्ला, बेंगलुरु में मुजरबानी शामिल

मुंबई, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2025 के बचे मैचों के लिए प्लेयर्स रिप्लेसमेंट जारी किए हैं। कोलकाता के रोवमैन पॉवेल को टाउंसिल्स की सर्जरी करानी है, जबकि बेंगलुरु के लुंगी एनगिडी को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों के लिए साउथ अफ्रीकी टीम से जुड़ना है। पॉवेल की जगह मप्र के शिवम शुक्ला को 30 लाख रुपए में कोलकाता की टीम में शामिल किया गया है। जबकि बेंगलुरु ने एनगिडी की जगह जिम्बाब्वे के मुख्य तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को 75 लाख



रुपए में अपने साथ जोड़ा है। मुजरबानी 26 मई के बाद के मैचों में खेलते नजर आएंगे।

केकेआर की टीम इस सीजन में प्लेऑफ रेस से बाहर हो गई है, जबकि आरसीबी ने गुजरात की जीत के साथ प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है। आईपीएल की 3 टीमों ने प्लेऑफ में जगह बना ली है। रविवार को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस ने अपने-अपने मुकाबले जीते। दोनों 17-17 अंक के साथ प्लेऑफ में पहुंच चुकी हैं।

## नीरज चोपड़ा की गगन नारंग ने की तारीफ

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग का मानना है कि 90 मीटर की मानसिक बाधा को पार करने के बाद स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा अब अपनी सीमाओं को और आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे ताकि वह ऐसे कार्य कर सकें जिन्हें पहले उनकी पहुंच से बाहर माना जाता था। नीरज ने शुक्रवार को दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास से 90 या इससे अधिक दूरी तक भाला फेंकने वाले खिलाड़ियों की एलीट सूची में जगह बनाई।

नारंग ने कहा, अब वह अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए स्वतंत्र हैं। एक सीमा, वह मानसिक बाधा जो शायद कुछ समय से उनके दिमाग में चल रही थी, अब टूट गई है। नीरज हालांकि दोहा में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे जिन्होंने 91.06 मीटर के प्रयास से पहला स्थान हासिल किया। नारंग ने इस उपलब्धि को भारतीय एथलेटिक्स के लिए बेहद शानदार बताया और इसके व्यापक महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, यह केवल दूरी के बारे में नहीं है। यह भारतीय खेल के लिए क्या संभव है इसे फिर से परिभाषित करने के बारे में है, विशेषकर वैश्विक मंच पर। यह उनके लिए सत्र की पहली प्रतियोगिता थी।

## मलेशिया मास्टर्स में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सिंधू-प्रणय

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और एचएस प्रणय मंगलवार से शुरू हो रहे मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। इन दोनों स्टार खिलाड़ियों से इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म और फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं। सिंधू और प्रणय ने सुदीरमन कप में इंडोनेशिया और डेनमार्क के खिलाफ अपने-अपने मुकाबले गंवाए थे।

सिंधू और प्रणय दोनों ही लय हासिल करने की जुगत में होंगे। विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर काबिज सिंधू अपने अभियान की शुरुआत जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ करेंगी जो विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर हैं। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर खिसक चुके प्रणय को पहले दौर में जापान के पांचवें वरीय केंतो निशिमोतो की कड़ी चुनौती का सामना करना है। महिला एकल में 2024 हाइलो ओपन की उपविजेता मालविका बंसोड़ चीनी ताइपे की चियू पिन-चियान से भिड़ेंगी जबकि ताइपे ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली उन्नति हुड्डा का सामना भी चीनी ताइपे की ही लिन शियांग टी से होगा।

**फाइनल में सिनर को सीधे सेटों में हराया**

# कार्लोस ने इटालियन ओपन खिताब जीता

रोम,(हि.स.)

युवा टेनिस स्टार कार्लोस अल्कराज ने रविवार को इटालियन ओपन के फाइनल में जैनिक सिनर को सीधे सेटों में 7-6 (7/5), 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

इस जीत के साथ ही अल्कराज ने रोलां गैरो (फ्रेंच ओपन) के लिए बाकी खिलाड़ियों को कड़ा संदेश दे दिया है, जहां वह अपने खिताब की रक्षा करने उतरेंगे। 22 वर्षीय अल्कराज का यह सीजन में तीसरा खिताब है। यह उनका इस साल का चौथा फाइनल था और रोम मास्टर्स खिताब उनके खाते में दूसरा एटीपी 1000 खिताब बन गया है।



### सिनर के लिए भी सकारात्मक संकेत

हालांकि फाइनल में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन यह टूर्नामेंट सिनर के लिए भी काफी अहम रहा। यह उनकी तीन महीने की डोपिंग प्रतिबंध के बाद पहली वापसी थी। उन्हें पिछले साल मार्च में दो बार क्लोस्टेबोल के लिए पॉजिटिव पाया गया था, जिसे डोपिंग एजेंसियों ने 'दुर्घटनावश' माना था।

## व्यापार

## एलआईसी के नामित निदेशक राजकुमार आईडीबीआई बैंक के बोर्ड से बाहर




**नई दिल्ली, (हि.स)।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के नामित निदेशक राज कुमार 18 मई से भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आईडीबीआई) बोर्ड की सदस्यता से बाहर हो गए हैं। आईडीबीआई बैंक ने सोमवार को एक नियामक फाइलिंग में शेयर बाजार को बताया कि राज कुमार 18 मई को अपना कार्यकाल पूरा होने पर आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के बोर्ड की सदस्यता से बाहर हो गए हैं, जिससे वे एलआईसी में नामित निदेशक नहीं रहेंगे।

सरकार और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) आईडीबीआई बैंक के प्रवर्तक हैं, जिनकी हिस्सेदारी 94.71 फीसदी है। एलआईसी के पास 49 फीसदी से थोड़ा अधिक हिस्सेदारी है, जिसमें सरकार की हिस्सेदारी 45.48 फीसदी है। आईडीबीआई बैंक भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक है। यह देश का चौथा सबसे बड़ा बैंक है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने इस बैंक को अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की श्रेणी में रखा है। आईडीबीआई बैंक के शेयर आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर पिछले बंद भाव से 3.45 अंक यानी 4.01 फीसदी बढ़कर 89.46 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहे थे।

**ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव का दावा**

# आयात पर रोक से बांग्लादेश को 770 मिलियन डॉलर का झटका

कोलकाता,(हि.स.)

**भारत द्वारा बांग्लादेश से आयातित कई वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने के फैसले से पड़ोसी देश को लगभग 770 मिलियन डॉलर का झटका लगने वाला है, जो कि दोनों देशों के बीच कुल आयात का करीब 42 प्रतिशत है। यह जानकारी ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के ताजा विश्लेषण में सामने आई है।**

बांग्लादेश से वस्त्र, प्रसंस्कृत खाद्य और प्लास्टिक उत्पादों जैसे प्रमुख आयातित सामान अब केवल कुछ सीमित समुद्री बंदरगाहों से ही भारत में आ सकेंगे या फिर पूरी तरह भूमि सीमा से प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से 17 मई को जारी आदेश के अनुसार यह कदम भारत की व्यापार नीति में एक अहम मोड़ का संकेत है, जिसमें स्पष्ट रूप से राजनीतिक संदेश छिपा है। जीटीआरआई ने कहा कि यह फैसला अचानक नहीं लिया गया है, बल्कि यह बांग्लादेश द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए प्रतिबंधों और चीन की ओर उसके कूटनीतिक झुकाव का जवाब प्रतीत होता है।

### लॉजिस्टिक्स लागत और अधिक बढ़



बांग्लादेश से आयातित वस्त्र, जिसकी वार्षिक लागत करीब 618 मिलियन डॉलर है, अब केवल कोलकाता और न्हावा शेवा बंदरगाहों के माध्यम से ही भारत में प्रवेश कर सकेंगे। इससे बांग्लादेश की मुख्य भूमि व्यापार गलियारों तक पहुंच लगभग बंद हो जाएगी। यह निर्णय विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की सिफारिश पर लिया गया है और इसे भारत की एक रणनीतिक प्रतिक्रिया माना जा रहा है। दिसंबर 2024 से बांग्लादेश ने भारतीय वस्तुओं पर कई व्यापारिक प्रतिबंध लगाए हैं। अप्रैल में उसने पांच प्रमुख स्थल सीमा बंदरगाहों से भारतीय सूती धागे के आयात पर रोक लगाई। चावल के निर्यात पर कड़े नियंत्रण किए और तंबाकू, मछली और दूध पाउडर समेत दर्जनों भारतीय वस्तुओं पर रोक लगा दी।

### निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ

इन प्रतिबंधों से भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान हुआ और भारतीय व्यापार संगठनों में जवाबी कार्रवाई की मांग तेज़ हो गई। बांग्लादेशी बंदरगाहों पर देरी और सख्त जांच ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। भारत ने 2020 में बांग्लादेश को दी गई एक अहम ट्रांजिट सुविधा नौ अप्रैल को रद्द कर दी, जिसके तहत वह भारतीय बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से दिल्ली हवाई अड्डे के माध्यम से यूरोप और मध्य पूर्व को सामान भेज सकता था। अब यह सुविधा केवल नेपाल और भूटान तक सीमित कर दी गई है।

### बांग्लादेश पीएम के बयानों से बढ़ा विवाद

बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस की हालिया चीन यात्रा के दौरान दिए गए बयानों ने विवाद को और बढ़ा दिया। यूनुस ने कहा कि भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य भूमि से घिरे हैं और उन्हें समुद्री पहुंच के लिए बांग्लादेश पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने बांग्लादेश को हिंद महासागर का एकमात्र संरक्षक भी बताया और चीन को अपने व्यापारिक मार्गों के इस्तेमाल की पेशकश की। भारत में इन बयानों को उकसावे वाला माना जा रहा है। भारत-बांग्लादेश के बीच व्यापारिक और कूटनीतिक संबंधों में आई इस ताज़ा तल्ख़ी ने क्षेत्रीय स्थिरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

# एसबीआई ने की सावधि जमा दरों में 20 आधार अंकों की कटौती

नई दिल्ली, एजेंसी

**देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई ने 16 मई से सभी अवधियों की सावधि जमा दरों में 20 आधार अंकों की कटौती की है। बैंक की वेबसाइट के अनुसार, 3 करोड़ रुपये से कम की खुदरा घरेलू सावधि जमा पर ब्याज दरों में कटौती आम जनता और वरिष्ठ नागरिकों दोनों के लिए लागू है।**

2 वर्ष से 3 वर्ष से कम की अवधि के लिए जमा पर निवेशकों को अधिकतम 6.7 प्रतिशत ब्याज मिलेगा, इसके बाद 3 वर्ष से 5 वर्ष




से कम की अवधि के लिए 16 मई से 6.55 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। 5 वर्ष से 10 वर्ष की सावधि जमा पर अब आम जनता के लिए 6.30 प्रतिशत ब्याज मिलता है, जबकि 1 वर्ष से 2 वर्ष से कम अवधि की जमा पर यह 6.5 प्रतिशत है। बैंक के अनुसार, अमृत वृष्टि (444 दिन) की विशिष्ट अवधि योजना की ब्याज दर भी 16 मई, 2025 से 7.05 प्रतिशत से संशोधित कर 6.85 प्रतिशत कर दी गई है। वरिष्ठ नागरिक और अति वरिष्ठ नागरिक (80 वर्ष से अधिक आयु के) ब्याज दर में अतिरिक्त लाभ के लिए पात्र हैं। पिछले महीने भी, एसबीआई ने आरबीआई द्वारा नीतिगत दरों में कटौती के बाद जमा दरों में 10-25 आधार अंकों की कटौती की थी। अप्रैल में रिजर्व बैंक ने लगातार दूसरी बार मुख्य ब्याज दर में 25 आधार अंकों की कटौती की थी, ताकि अमेरिका की आरे से पारस्परिक टैरिफ के खतरे का सामना कर रहे विकास को सहारा दिया जा सके।

## मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में यूको बैंक के पूर्व सीएमडी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बताया कि उसने यूको बैंक के पूर्व सीएमडी सुबोध कुमार गोयल को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ कोलकाता स्थित एक कंपनी से जुड़े 6,200 करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन के आरोप में कार्रवाई की गई है। गोयल को सीएसपीएल और अन्य के खिलाफ जांच के मामले में 16 मई को यहां उनके आवास से गिरफ्तार किया गया।

### ऋण की राशि को डायवर्ट कर हेराफेरी करने से जुड़ा है मामला

धन शोधन का यह मामला सीएसपीएल को ऋण सुविधाएं स्वीकृत करने और उसके बाद 6,210.72 करोड़ रुपये (ब्याज के बिना मूल राशि) के ऋण को बड़े पैमाने पर डायवर्ट और हेरफेर करने से संबंधित सीबीआई की प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है। ईडी ने दावा किया है कि यूको बैंक के सीएमडी के रूप में गोयल के कार्यकाल के दौरान, सीएसपीएल को बड़ी ऋण सुविधाएं स्वीकृत की गईं। जिन्हें बाद में उधारकर्ता समूह की ओर से डायवर्ट और हस्तांतरित कर दिया गया। आरोप हैं कि बदले में, गोयल को सीएसपीएल से काफी रिश्वत मिली।

## बाजार की गिरावट के बावजूद निवेशकों को 74 हजार करोड़ का फायदा


नई दिल्ली,(हि.स.)

घरेलू शेयर बाजार में आज सप्ताह के पहले दिन ही कंसोलिडेशन होता हुआ नजर आया। आज के कारोबार की सपाट स्तर पर मिली जुली शुरुआत हुई।

पूरे दिन के कारोबार में लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश चलती रही, जिसके कारण शेयर बाजार की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। इस खींचतान में अंततः बिकवालों का पलड़ा भारी रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.33 प्रतिशत और निफ्टी 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के बावजूद निवेशकों की संपत्ति में 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 443.58 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 442.84 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 74 हजार करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

**तेल व गैस नियामक पीएनजीआरबी ने नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव**

# वोडाफोन, एयरटेल, टाटा टेलीसर्विसेज को अदालत से झटका




नई दिल्ली, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों वोडाफोन, एयरटेल और टाटा टेलीसर्विसेज की ओर से दाखिल समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया माफ करने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया।**

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने याचिकाओं को गलत धारणा वाला बताया। वोडाफोन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से पीठ ने कहा, हमारे समक्ष आई इन याचिकाओं से हम सचमुच स्तब्ध हैं। एक बहुराष्ट्रीय कंपनी से ऐसी अपेक्षा नहीं की जाती। हम इसे खारिज करेंगे। शीर्ष अदालत ने दूरसंचार कम्पनियों की मदद करने की सरकार की इच्छा के आड़े आने से इनकार कर दिया। वोडाफोन ने अपने एजीआर बकाये के ब्याज, जुर्माने और दंड घटकों पर ब्याज के रूप में लगभग 30,000 करोड़ रुपये की छूट मांगी है। रोहतगी ने पहले कहा था कि दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए याचिकाकर्ता फर्म का अस्तित्व बचे रहना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हाल ही में बकाया ब्याज के इक्विटी रूपांतरण के बाद अब केंद्र के पास कंपनी में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कंपनी की याचिका में कहा गया है, वर्तमान रिट याचिका में फैसले की समीक्षा की मांग नहीं की गई है, बल्कि फैसले के तहत ब्याज, जुर्माना और जुर्माने के ब्याज के भुगतान की कठोरता से छूट मांगी गई है। इसलिए, याचिकाकर्ता ने केंद्र को निष्पक्ष और सार्वजनिक हित में कार्य करने और एजीआर बकाया पर ब्याज, जुर्माना और जुर्माने पर ब्याज के भुगतान पर जोर न देने के लिए उचित निर्देश देने की मांग की।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर ( म.प्र. ) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक – श्रीमती दिव्या गुप्ता *, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560